www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 मई , 2024 | वर्ष-17 | अंक -48 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





देश का संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया... 02
■ लोगों का समर्थन मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण : बांसुरी स्वराज
■ राजधानी में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक... 03
■ 'इजरायली हमले में अब तक पीआरसीएस के 29...
■ ब्रिटेन में आम चुनाव चार जुलाई को होंगेझ 07
देश में चल रही परिवर्तन की बयार इस बार... 10

# छठे चरण का चुनाव प्रचार थमा, मतदान कल

## आठ राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 58 लोक सभा सीटों पर 25 मई को होगा मतदान

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। लोक सभा चुनाव के छठे चरण में राष्ट्रीय राजधानी की सात सीटों सहित आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 58 लोक सभा सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के चुनाव में 42 सीटों पर चुनाव-प्रचार का शोर गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर शनिवार 25 मई को मतदान होगा। छठे चरण के आम चुनाव के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा उनके घटक दल के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिए सार्वजनिक




सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। राजग और इंडिया दोनों ही गठबंधन इन चुनावों में अपनी-अपनी बढ़त के दावे कर रहे हैं । गुरुवार को भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ओडिशा

■ आखिरी दिन सभी दलों ने झोंकी पूरी ताकत
■ उप्र की 14 व हरियाणा की 10 सीटें शामिल

के जगतसिंघहपुर और मयूरभंज में , केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब में पटियाला और हरियाणा में भिवानी-महेंद्रगढ़ में जन सभाओं को संबोधित किया। कंग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पानीपत और सिरसा में , राहुल गांधी ने दिल्ली में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

### चुनावी मैदान में 889 उम्मीदवार

छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 162, हरियाणा की 10 सीटों पर 223, बिहार की आठ सीटों पर 86, पश्चिम बंगाल की आठ सीटों के लिए 79, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात सीटों पर 162, ओडिशा की छह सीटों पर 64, झारखंड की चार सीटों पर 93 और केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पत्रों की जांच के बाद 900 उम्मीदवार और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 889 उम्मीदवार हैं।

राहुल गांधी ने किया ऐलान

# सरकारी नौकरियों में महिलाओं को देंगे 50 फीसदी आरक्षण

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिलाओं को लेकर बड़ा ऐलान किया है। दिल्ली में आयोजित महिला न्याय संवाद में बोलते हुए उन्होंने कहाकि वे राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभाओं व सरकार नौकरियों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण हर हाल में सुनिश्चित कराएंगे। चुनावी बेला में भाजपा पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक संसद में बड़े धूमधाम से पारित कराया गया था। लेकिन इसे लागू करने की बात आई मोदी सरकार बहाने बनाने लगी। कहा गया कि 10 साल बाद लागू करेंगे। पहले सर्वे होगा,उसके बाद इसे लागू करेंगे। उन्होंने कहाकि वे दावे से कह रहे है कि भाजपा महिला विरोधी हैं। ये लोग

> कांग्रेस नेता ने कहा, महिला विरोधी है भाजपा



कभी सर्वे ही नहीं कराएंगे। 20 साल, 25 साल, 50 सल तक सर्वे नहीं होने वाला हैं। राहुल ने कहाकि भाजपा का सबसे बड़ा संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है, जहां महिलाओं को शामिल ही नहीं किया जाता है। अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो महिला आरक्षण लागू कराना सरकार की प्राथमिकता होगी और उसे तुरंत लागू कर आधी आबादी के साथ बहुप्रतिक्षित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

### सोनिया की इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों को जिताने की अपील

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस चुनाव को लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव बताते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मतदाताओं से दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है। श्रीमती गांधी ने गुरुवार को यहां कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है और संविधान तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है इसलिए इंडिया गठबंधन को वोट देकर जिताना है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाना है।

# आंकड़ों को सामने लाने में क्यों झिझक रहा आयोग : सिब्बल

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। फॉर्म 17 सी सार्वजनिक करने की याचिका का चुनाव आयोग ने विरोध किया है। इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग की हिचकिचाहट पर सवाल खड़ा किया है। पत्रकारों से बात करते हुए सिब्बल ने कहाकि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। जिसमें कहा गया है कि उसके पास फॉर्म 17 सी अपलोड करने का कोई कानूनी आदेश नहीं है, जो एक मतदान केंद्र पर डाले गए मतों का रिकॉर्ड है। फॉर्म 17 सी पर पीठासीन अधिकारी का हस्ताक्षर किया जाता है, और मतदान के अंत में एजेंट को दिया जाता है। सूचना सीधे चुनाव आयोग को भी भेजी जाती है। बावजूद आयोग उस आंकड़े को अपनी बेवसाइट पर क्यों नहीं डाल रहा है? इसमें उसकी झिझक या समस्या क्या है। उन्होंने आशंका जाहिर की कि इस प्रक्रिया में गिने जानें वाले मतों की संख्या वास्तव में डाले गए मतों से अधिक होगी। वे नहीं जानते की क्या सही है? लेकिन उस आंकड़ों को सामने लाने में चुनाव आयोग को क्या झिझक है। सिब्बल का बयान तब आया है, जब एक दिन पहले 22 मई को सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने इससे संबंधित हलफनामा दायर किया है।

> फॉर्म 17सी सार्वजनिक न करने पर सवाल उठाया

पटियाला में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

# 1971 में मोदी होता तो करतारपुर साहिब भारत में होता

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। पंजाब के पटियाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किए। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि अगर उस समय मोदी होता तो मैं इनसे करतारपुर साहिब लेकर रहता, उसके बाद ही जवानों को छोड़ता।



उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस है, जिसने सत्ता के लिए देश का बंटवारा किया, और बंटवारा भी ऐसा किया कि हमें दूरबीन से करतारपुर साहिब के दर्शन करने पड़ते थे। हर कोई इसे अपना अपमान महसूस करता था। मैं कांग्रेस वालों को कहता हूं कि जब बांग्लादेश की लड़ाई हुई तो पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिक सरेंडर कर चुके थे, 90 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक हमारे कब्जे में थे। हुकुम का पत्ता हमारे हाथ में था। अगर उस समय मोदी होता तो मैं इनसे करतारपुर साहिब लेकर रहता, उसके बाद ही जवानों को छोड़ता। वो तो नहीं कर पाए, लेकिन मुझसे जितनी सेवा हो सकी मैंने की। आज करतारपुर साहिब कॉरिडोर आपके सामने है।

### किसानों ने किया प्रदर्शन

*चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की पंजाब में हो रही है। किसानों ने पटियाला में मोदी का विरोध किया गया। भारी फोर्स को तैनात किया गया था, जिसके चलते किसानों को रोका गया। किसानों ने फरीदकोट से बीजेपी प्रत्याशी हंसराज हंस के काफिले को रोककर नारेबाजी भी की।*

### मोदी आज हिमाचल में भरेंगे चुनावी हुंकार

***शिमला।*** *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हिमाचल में चुनावी हुंकार भरेंगे। गृह मंत्री अमित शाह 25 मई को हिमाचल आएंगे। भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह की रैलियों से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश का संचालन होगा।*



# देश

उवाच “



गुर्जर और बकरवाल समुदायों ने हमेशा अपने सिद्धांतों और अखंडता को बरकरार रखा है। उन्होंने गोलियों का सामना किया है लेकिन वोट के लिए कभी अपनी आत्मा नहीं बेची है। सत्ता में आने पर गुज्जर व बकरवाल समुदायों का उत्थान करेंगे।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 31.0 |
| मुंबई | 32.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# देश का संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया आवश्यक : अखिलेश यादव

## भाजपा पर लगाया आय बढ़ाने के नाम पर किसानों को धोखा देने का आरोप

**लखनऊ/जौनपुर,** 23 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि जान और संविधान की रक्षा के लिए मतदाताओं को खुलेतौर पर भारतीय जनता पार्टी का सफाया देश से करना होगा। मल्हनी विधानसभा के बेलापार में पार्टी प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर हो रहा है। यदि जान और संविधान दोनों बचाना है तो भाजपा का सफाया करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए उन्होने कहा कि मोदी ने अपने मित्र उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया मगर खाद और बीज की कीमतों में इजाफा किया। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया जिससे किसान बर्बादी की कगार पर है। पूरे देश में भाजपा के शासनकाल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के नाम पर किसानों को धोखा दिया है, बोरी से खाद चोरी करने का काम भी हुआ है और उसे बनाने वाली कंपनी से पैसा वसूला गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन





मोदी ने अपने मित्र उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया मगर खाद व बीज की कीमतों में इजाफा किया : **अखिलेश यादव**

सरकार बनने पर किसानों को आटा और मोबाइल के लिए डाटा फ्री होगा। चार साल की अग्निवीर वाली नौकरी की व्यवस्था खत्म कर पक्की नौकरी देंगे।

**भाजपा सरकार से लेना है 17 साल का हिसाब**

सपा अध्यक्ष ने कहां कि भाजपा सरकार से 17 साल का हिसाब लेना है। 10 साल का केंद्र सरकार के और 7 साल प्रदेश सरकार के।यादव ने कहा कि छठे चरण का चुनाव पूर्वांचल की धरती पर आ गया है पूर्वांचल से भाजपा का एक भी सांसद संसद में चुनकर नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता रिकॉर्ड बनाने जा रही है जो लोग ऊंचाई पर पहुंचे थे उनका काउंट डाउन शुरू हो गया है यह चुनाव हमारी नहीं बल्कि आने वाली आने वाले भविष्य का चुनाव है। उन्होंने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है, यदि आपने बच्चों की जान और और संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया करना होगा।उ न्होंने चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी। एक इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने कहा कि देश का युवा बड़ी मेहनत से कोचिंग करके दूर-दूर परीक्षा देने जाता है और जब परीक्षा देकर वह घर लौटता है तो पता चलता है पेपर लीक हो गया। उन्होंने इसकी गणित समझते हुए कहा कि करीब एक करोड़ 80 लाख लोग इसी वजह से भाजपा के खिलाफ है।

### अखिलेश के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर मुकदमा

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के खैरीघाट क्षेत्र में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले शख्स के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम चौकसाहार के मजरा महंतपुरवा गांव निवासी बलदेव गुप्ता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दो दिन पूर्व पोस्ट डाला था जिसमें उसने सपा मुखिया के निधन की अफवाह उड़ा दी थी। इसकी जानकारी सपा के लोगों को हुई तो नाराजगी फैल गई। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज करके जांच उप निरीक्षक बेचन प्रसाद को सौंपी गई है। जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

## लश्कर से जुड़े व्यक्ति के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज



**श्रीनगर,** 23 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर मे बारामूला जिले के सोपोर में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत गुरुवार को मामला दर्ज किया।ढलश्कर से जुड़े इस व्यक्ति की पहचान नौपोरा कलां सोपोर निवासी एहसान-उल-हक के रूप में हुई है। सक्षम अधिकारी से प्राप्त आदेशों के बाद एहसान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसे हिरासत में लेने के बाद जम्मू में केंद्रीय कोट भलवाल जेल में रखा गया है। इस बीच, सोपोर में तीन ड्रग तस्करों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम में अवैध तस्करी की रोकथाम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनकी पहचान सोपोर के बरकत अहमद डार और मुसैब बशीर लोन और रफियाबाद के उमर बशीर जरगर के रूप में की गई है।

# धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करता संविधान : शाह

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की मतदान की अपील

**सिद्धार्थनगर,** 23 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि देश का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करता है और इसलिए भाजपा भी इसकी पक्षधर नहीं है। भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद जगदम्बिका पाल के पक्ष मे बीएसए ग्राउन्ड में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) तथा कांग्रेस पार्टी अपने परिवार के लिए राजनीति करती है जबकि नरेन्द्र मोदी का परिवार भारत के 130 करोड़ लोग है। मोदी ने देश की सीमाओं को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि जब ससंद में मैने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का बिल प्रस्तुत किया तो राहुल बाबा ने कहा कि अगर ये बिल पास हो गया तो कश्मीर में खून की नदियां बहेगी। कांग्रेस-सपा के लोग 370 का विरोध करने लगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एक देश मे दो संविधान, दो कानून नहीं चलेंगे। 370



हटा और घाटी में न सिर्फ शांति बहाली हुई बल्कि विकास कार्यों में तेजी आई। शाह ने कहा कि सेना की वैन रैंक, वन पेंशन की मांग को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली मनमोहन सिंह सरकार ने पूरा नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पूरा कर दिखाया है। कल ही बंगाल हाईकोर्ट का एक फैसला आया है कि ओबीसी की लिस्ट में बंगाल सरकार ने 180 मुस्लिम जातियों को डाल दिया था और हमारे पिछड़े वर्ग के आरक्षण का अधिकार मुसलमानों को देने का काम किया था, हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देता है।

### आतंकवाद व नक्सलवाद का किया सफाया

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया किया और देश को सुरक्षित किया है नरेन्द्र मोदी को भारत के 130 करोड़ लोगों की चिन्ता है लेकिन समाजवादी पार्टी, कांग्रेस के लोगो को अपने परिवार की चिन्ता है ये लोग अपने परिवार वालो के लिए राजनीति कर रहे है। शाह ने कहा कि पांच चरण के चुनाव मे भाजपा लगभग 310 सीटों पर चुनाव जीत रही है और इंडिया गठबंधन का सूफड़ा साफ हो रहा है।

## सार संक्षेप

### खड़गे ने बुद्ध पूर्णिमा पर दीं देशवासियों को शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबके सुख शांति की कामना की है। खड़गे ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन और शिक्षाएं सार्वभौमिक महत्व रखती हैं। सत्य, करुणा, अहिंसा और समानता के उनके दर्शन ने हमारी सभ्यता के पाठ्यक्रम को गहराई से प्रभावित किया है और शाश्वत है। हम बुद्ध पूर्णिमा पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। सद्भाव, भाईचारा और सदाचारपूर्ण जीवन हो।

### मुंबई के पास औद्योगिक इकाई में लगी भीषण आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई से लगे ठाणे जिले के डोम्बिवली इलाके में गुरुवार को एक कारखाने में भीषण आग लग गई। दमकल विभाग के सूत्रों के अनुसार, वहां महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इकाई में अपराह्न आग लगने का मामला सामने आया व आग ने भीषण रूप ले लिया। दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए करीब 12 गाड़ियां व पानी के टैंकर घटनास्थल पर भेजे। प्रारंभिक रिपोर्ट में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### मप्र के गुना में पारा 47 डिग्री के करीब पहुंचा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पिछले कुछ दिनों से जबर्दस्त गर्मी से जूझ रहा है। गुरुवार को भी प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर लू चलने से भीषण गर्मी का दौर बना रहा। इस बीच गुना में पारा 47 डिग्री के करीब पहुंच गया। राजधानी भोपाल में भी गर्मी के तेवर तल्ख रहे यहां पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिकों ने बताया कि दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुए है। वहीं दो ट्रफ लाइन में प्रदेश के ऊपर से गुजर रही है, जिससे कुछ स्थानों पर आंशिक बादल छाए रहे।

### पाक एजेंट को सूचनाएं देने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि पोरबंदर तट पर मछली पकड़ने का व्यवसाय करने वाले पोरबंदर, सुभाष नागर निवासी जतीन जीतेन्द्र चारणिया पिछले चार महीनों से अद्विका प्रिंस नाम के पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में है, जो भारतीय तटरक्षक की जेटी और उसके जहाजों के बारे में जानकारी फेसबुक मेसेंजर, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है और बदले में पैसे प्राप्त करता है, ऐसा करके वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियां कर रहा है।

# भाजपा को चार जून को मिलेगा करारा जवाब : उमर अब्दुल्ला

## अनंतनाग-राजौरी लोस सीट पर कल होगा मतदान

**श्रीनगर,** 23 मई (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देश के मतदाताओं से चार जून को करारा जवाब मिलेगा, जब नरेंद्र मोदी की जगह नया प्रधानमंत्री चुना जाएगा। अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री के इस दावे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि उन्होंने चुनाव अभियान के दौरान हिंदू-मुस्लिम कार्ड नहीं खेला। उन्होंने गुरुवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन संवाददाताओं से कहा कि अब ईश्वर चाहेंगे तो भाजपा को चार जून को देश के मतदाताओं से जवाब मिलेगा, जब एक नया प्रधानमंत्री चुना जाएगा। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट के लिए प्रचार गुरुवार को समाप्त हो गया और यहां 25 मई को मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हताश हो गई है। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि उन्होंने हिंदू-मुस्लिम कार्ड नहीं खेला है लेकिन जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि जहां भी भाजपा अभियान के दौरान बोलती है तो वह केवल मुसलमानों को निशाना बनाती है। उन्होंने कहा कि यह एक लंबा अभियान रहा है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। अनंतनाग-राजौरी सीट पर चुनाव स्थगित करने की जरूरत नहीं थी। उमर ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने मौसम के बहाने अनंतनाग-राजौरी सीट के लिए चुनाव स्थगित कर दिया, लेकिन यह सिर्फ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कश्मीर का दौरा करने का अवसर प्रदान करने के लिए था।



# प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द हो : सिद्धारमैया

## प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर की रेवन्ना को भारत वापस लाने की मांग

**बंगलूरू,** 23 मई (एजेंसियां)। प्रज्ज्वल रेवन्ना अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा। उन्होंने पीएम मोदी से जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया। इसके साथ उन्होंने प्रज्ज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने और उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की भी मांग की। सूत्र के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार की चिट्ठी का जवाब दिया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। अपने पत्र में सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि शर्मनाक है कि प्रज्ज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को अपने राजनयिक पासपोर्ट के जरिए जर्मनी निकल गए। वो भी अपने घिनौनी कृत्यों की खबरें सामने आने के बाद। इसके कुछ ही घंटों बाद उन पर एफआईआर भी हुई थी। इससे पहले कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने अश्लील वीडियो मामले में केंद्र सरकार से प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी। केंद्र की तरफ से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने कहा था कि यह केंद्र की जिम्मेदारी है कि तय कानून के तहत मदद करे और राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करे। बता दें कि कर्नाटक में प्रज्ज्वल रेवन्ना का मामला काफी विवादों में है। रेवन्ना मामले की जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।



### भारत लौटकर जांच का सामना करें प्रज्ज्वल : एचडी देवगौड़ा



देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने प्रज्ज्वल रेवन्ना को चेतावनी दी है कि भारत लौटकर जांच का सामना करें। देवगौड़ा ने यह दावा भी किया है कि पूछताछ के दौरान उनके परिवार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रज्जवल रेवन्ना को कई महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहिए। देवगौड़ा ने कहा कि अगर प्रज्ज्वल ने इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया तो उन्हें मेरे पूरे परिवार को क्रोध झेलना पड़ेगा। अगर उनके दिल में मेरे लिए थोड़ा सा भी सम्मान है, तो उन्हें जल्द से जल्द वापस लौटना होगा।' पूर्व पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि पीड़ितों को न्याय मिलना आवश्यक है। बता दें कि 27 अप्रैल को हासन सांसद विदेश चले गए थे। देवगौड़ा ने कहा कि अगर प्रज्ज्वल दोषी पाए गए तो सख्त से सख्त सजा दी जाए।

गौरतलब है कि कर्नाटक के बहुचर्चित पेन ड्राइव/अश्लील वीडियो मामले में जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का नाम जुड़ा है। 33 साल के प्रज्ज्वल पर महिलाओं के यौन शोषण करने के कई मामले दर्ज हैं। इस घोटाले ने सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा-जेडीएस के बीच राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया है।

# ओबीसी व एससी-एसटी के साथ कांग्रेस ने हमेशा अन्याय किया : मोहन यादव

## विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप

**पटना/गया,** 23 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गया पहुंचे, जहां उन्होंने प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। विष्णुपद मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मोहन यादव बोधगया पहुंचे, जहां उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पार्टी ने ओबीसी और एससी-एसटी वालों के साथ हमेशा अन्याय किया है। अब तो कांग्रेस के राजकुमार कहे जाने वाले राहुल गांधी ने भी अपने एक बयान में इस बात को स्वीकार किया है। यह दर्शाता है कि कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है।



एससी/एसटी, ओबीसी और मुसलमान का रहनुमा होने का दावा करती है लेकिन हकीकत यह है कि ये लोग सिर्फ ठगने का कार्य करते हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गया भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि है, सनातन की धार्मिक नगरी है। मोहन यादव ने कहा कि हमने प्रार्थना किया है कि इन लोगों को भगवान सद्बुद्धि दे। मुस्लिम, ओबीसी, एससी/एसटी के साथ इनका कारनामा अब दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है और जनता सब कुछ समझ चुकी है।

### ममता बनर्जी पर भी कसा तंज

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर भी तंज करते हुए कहा कि यह सिर्फ मुसलमान के साथ होने का दिखावा करती हैं लेकिन ये लोग मुसलमान, ओबीसी, एससी/एसटी वालों का हमेशा से नुकसान करते रहे हैं। कांग्रेस के साथ रहने वाली जितनी पार्टियां है, उन्होंने भी इन लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम किया है।

## सारण में 25 मई तक इंटरनेट पर रोक

**छपरा,** 23 मई (एजेंसियां)। बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण के मतदान के अगले दिन मंगलवार को हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा पर 25 मई की सुबह पांच बजे तक रोक लगा दी है। सारण के निर्वाची पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने ने गुरुवार को संयुक्त रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने पत्रकारों की विशेष मांग पर कि उन्हें उक्त अवधि तक समाचार प्रेषण के लिए इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के कार्यालय में लगे वाई-फाई के माध्यम से पत्रकार अपने समाचार को भेज सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले यह रोक 23 मई के 9.00 बजे तक ही था। लेकिनप्रशासन का कहना है कि स्थिति अब तक सामान्य नहीं होने की वजह से इसे 25 मई की सुबह तक के लिए बढ़ाया गया है।

# बिहार में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

## छठे चरण की आठ सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

**पटना,** 23 मई (देशबन्धु)। बिहार में छठे चरण में 25 मई को आठ लोकसभा सीटों वाल्मिकिनगर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में होने वाले मतदान के लिए आज शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण के चुनाव में भाजपा ने तीन संसदीय क्षेत्रों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और महाराजगंज, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने चार वाल्मिकिनगर, शिवहर, गोपालगंज और सीवान तथा लोक जनशक्ति पार्टी ने वैशाली में उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, महागठबंधन के प्रमुख घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) चार सीटों वाल्मिकिनगर, शिवहर, वैशाली और सीवान पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस दो सीटों पश्चिम चंपारण और महाराजगंज में अपनी किस्मत आजमा रही है। इसी तरह वीआईपी पूर्वी चंपारण और



गोपालगंज से चुनाव लड़ रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और महाराजगंज जीती थी जबकि जदयू ने तीन सीटों वाल्मिकिनगर, गोपालगंज और सीवान पर कब्जा जमाया था। वहीं, वैशाली सीट पर तत्कालीन लोजपा ने विजय पताका फहराया था। भाजपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने निवर्तमान सांसदों पर भरोसा जताते हुए पश्चिमी चंपारण से डॉ. संजय जायसवाल, पूर्वी चंपारण से राधामोहन सिंह और महाराजगंज से जनार्दन सिंह सीग्रीवाल को टिकट दिया है।

**अपील** *झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की मतदाताओं से अपील*

# वोट देकर संविधान द्वारा दिए गए अपने अधिकार का करें प्रयोग

**रांची, 23 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को दुमका जिले के शहरी क्षेत्र में अवस्थित दो मतदान केंद्र भवनों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आदर्श मध्य विद्यालय, गांधीनगर एवं राजकीय केंद्रीय बालिका मध्य विद्यालय, दुमका का निरीक्षण कर मतदान संबंधी की गई तैयारियों का आकलन किया।**

उन्होंने मतदान को लेकर मतदान केन्द्रों की तैयारी की मामूली कमियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर तैयारी की गई है। मतदान प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए भी कई प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील किया कि मतदान करना नागरिकों का महत्वपूर्ण अधिकार है। हरेक मतदाता अपने इस अधिकार को समझें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण, एएसडी सूची, मतदान केंद्र जागरूकता समूह संबंधित सूची, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, वैसे मतदाताओं के विवरण से संबंधित सूची, रंगीन मतदाता पहचान पत्र से संबंधित विवरण, ब्लैक एंड ह्वाइट मतदाता पहचान पत्र वाले मतदाताओं की विवरणी, वोलेंटियर की सेवा आदि से संबंधित विभिन्न कागजातों का अवलोकन किया और उनके अद्यतीकरण करने का निदेश दिया। कुमार ने सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची देने का निर्देश दिया। उन्होंने वोलेंटियर की सेवा से संबंधित सूची का अवलोकन करते हुए कहा कि केवल 14 से 18 वर्ष से कम के बच्चों को ही वोलेंटियर बनाएं और उन्हें प्रशिक्षण देकर मतदान दिवस के लिए तैयारी कराएं।





■ मतदान संबंधी तैयारियों का किया आकलन

उन्होंने एएसडी सूची का भी अवलोकन किया और उसमें सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। मतदाता सूची में जुड़े नये मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र मिलने और उनके बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण कार्य की जानकारी लेते हुए चुनाव तैयारी की कमियों को दूर करने का भी निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान दुमका के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव में कम वोटिंग वाले मतदान केंद्र जामताड़ा के कुण्डहित प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सटकी का निरीक्षण किया। यहां की एक स्थानीय निवासी 74 वर्षीय वरीष्ठ महिला मतदाता आलोका गोराई सहित सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। आलोका गोराई मतदान के लिए पूरा उत्साहित थीं। उन्होंने सामुदायिक पुस्तकालय कपासडंगला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केन्दुआ एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बादलपुर स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।
पत्नी : क्यों क्या हुआ?
पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न?



# महिलाओं की बात आज कोई नहीं करता : राहुल

## टाउन हॉल कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं संग की महालक्ष्मी योजना पर चर्चा

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के मंगोलपुरी क्षेत्र में राहुल गांधी ने टाउन हॉल कार्यक्रम के अंतर्गत भारी संख्या में मौजूद महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्टी के न्याय संकल्प पत्र में महिला न्याय के तहत 5 गारंटी सहित महालक्ष्मी योजना पर विस्तार से चर्चा की और महिलाओं के प्रश्नों को धैर्यपूर्वक सुनकर उनको भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। महिलाओं में राहुल के प्रति प्यार और विश्वास नजर आया। राहुल गांधी ने उससे पूर्व दिल्ली में आम जनता के बीच मेट्रो में सफर कर सबकी समस्याओं को सुना। टाउन हॉल कार्यक्रम में जन नायक राहुल गांधी के अलावा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, दिल्ली प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डा. उदित राज भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने महिलाओं से चर्चा के दौरान कहा कि आज पिछड़ो, आदिवासी, दलितों, अल्पसंख्यकों की बात तो हर जगह होती है परंतु महिलाओं की बात कोई नहीं करता। राहुल गांधी ने कहा कि जब तक हम राजनीति, कॉर्पोरेट, पब्लिक सेक्टर, न्यायियक व्यवस्था सहित देश भर में महिलाओं को भागीदारी नही मिलेगी, देश तरक्की नही कर सकता। उन्होंने कहा कि मैं यहां आपकी बात, आपके साथ, आपके बारे में चर्चा करने आया हूं। यह दौर ऐसा है कि जब महिला और पुरुष दोनों खेत, मजदूरी, कम्पनी, कॉल सेटर, अन्य क्षेत्रों में काम करती है। बड़े शहरों में कम्पनी में महिला और पुरुषों को पैसे की कोई परेशानी नहीं होती लेकिन दोनों काम करके जब शाम को घर आते हैं तब महिलाओं की दूसरी शिफ्ट शुरू हो जाती है, खाना बनाना, बच्चों की देखभाल करना, महिला परिवार के भविष्य के बारे में सोचती, पैसे बचाती हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष जहां 8 घंटे काम करते है वहीं महिलाएं 16 घंटे काम करती है। हम आपके 8 घंटे अतिरिक्त काम करने के लिए एक योजना लेकर आए है महालक्ष्मी योजना। उन्होंने कहा कि अगर हम महिला को 1000 और पुरुष दोनों को 1000 रुपए दे तो अधिकांश पुरुष उसे तुरंत खर्च कर देगा। परंतु महिला 1000 रुपए को बच्चो की पढ़ाई, भविष्य के लिए बचाने की सोचकर ही खर्च करेगी। महिला पुरुषों से बेहतर पैसा बचाने की सोच रखती है। राहुल गांधी ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत सरकार आपको 8500 रुपए मासिक अथवा 1 लाख रुपये सालाना हिन्दुस्तान में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को 5 जुलाई को उनके खाते में भेजेगी। यह सिलसिला हर महीने तब तक जारी रहेगा जब वह परिवार गरीबी रेखा से ऊपर नहीं आ जाता। महिला परिवार को वित्तीय रूप से सक्षम बना सकती है।




**जब तक हम राजनीति, कॉर्पोरेट, पब्लिक सेक्टर, न्यायियक व्यवस्था सहित देश भर में महिलाओं को भागीदारी नही मिलेगी देश तरक्की नही कर सकता : राहुल गांधी**

### हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर क्षेत्र में 50 प्रतिशत महिला हो : कांग्रेस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर क्षेत्र में 50 प्रतिशत महिला हों। हम लोकसभा, विधानसभा, सरकारी नौकरी, पब्लिक सेक्टर, अस्पताल, शिक्षा संस्थान, प्राईवेट संस्थाओं सभी में 50 प्रतिशत नौकरी महिलाओं को देंगे। उन्होंने कहा कि हम सब इस बात को मानते है कि 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी दिलाने की शुरुआत हम आपके लिए करने जा रहे है। यहां मनरेगा नहीं चलता है लेकिन मजदूरों को 250 की जगह 400 रुपए करने जा रहे है, आशा और आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आमदनी दुगना करने जा रहे हैं। महिलाओं को बताया कि सबसे जरूरी है महिला विधायक, सांसद, मंत्री बननी चाहिए और जब तक महिला विधायक और सांसद नहीं बनती तब तक आपकी आवाज ऊपर तक नहीं पहुंचेगी। आपको पंचायत में प्रधानी में जगह मिल गई, हम आपको लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा भेजेंगे।

# लोगों का समर्थन मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के जानेमाने समाजसेवी चरणजीव मल्होत्रा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक शाम राष्ट्र के नाम में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज की उपस्थिति ने माहौल को बेहद खास बना दिया। करोलबाग में आयोजित इस कार्यक्रम में बांसुरी स्वराज को सम्मानित करने के लिए चरणजीव मल्होत्रा ने उन्हें भगवान शंकर का त्रिशूल भेंट किया। यह सम्मान उनके प्रति विश्वास और आगामी चुनावों में उनकी जीत की कामना का प्रतीक था। कार्यक्रम में बीजेपी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या ने हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों का जोश और उत्साह देखने लायक था, जो बांसुरी स्वराज के प्रति उनके समर्थन और विश्वास को दर्शाता है। इस विशेष अवसर पर पंजाबी गायक दीप मनी और टीवी की प्रसिद्ध कलाकार सुधा चंद्रन भी मौजूद थीं। दोनों ने बांसुरी स्वराज के लिए वोट की अपील की और उनकी प्रशंसा की। दीप मनी ने अपने संगीत से माहौल को और भी जीवंत बना दिया, जबकि सुधा चंद्रन ने अपने संबोधन में बांसुरी स्वराज की काबिलियत और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावना व्याप्त हो गई। इसके बाद, चरणजीव मल्होत्रा ने अपने स्वागत भाषण में बांसुरी स्वराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक सशक्त और योग्य नेता हैं, जो अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझती हैं और उन्हें दूर करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।



■ करोलबाग में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में की मतदान की अपील

## सार संक्षेप

### मोदी के द्वारका पहुंचने पर वेद टंडन ने किया स्वागत



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर चल रहा प्रचार आखिरी दौर में है। गुरुवार को छठे चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस कड़ी में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका सेक्टर 20 डीडीए ग्राउंड में विजय संकल्प जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने पश्चिमी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी और उत्तर-पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले जनसभा के लिए द्वारका पहुंचे पीएम मोदी का दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. वेद टंडन ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पीएम से मिलकर 4 जून की अग्रिम बधाई भी दी। इससे पहले सुरक्षा के लिहाज से ग्राउंड के चारों तरफ दिल्ली पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। डॉ. वेद टंडन ने इस मौके पर कहा कि लगातार तीसरी बार दिल्ली में सातों लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में आने वाली है। वहीं पीएम मोदी इस बार जीत की हैट्रिक लगाकर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। द्वारका में पीएम मोदी के आगमन पर सारे आवाम खुश नजर आए। वहीं इस चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में लोग अपने प्रधानमंत्री को सुनने आए हुए थे। वहीं भाषण सुनकर लोगों ने तालियां बजाकर अपने पीएम का जोरदार स्वागत किया।

### वर्फल ने प्रीमियम मॉड्यूलर किचन की नई रेंज पेश की

**नई दिल्ली।** मॉड्यूलर किचन और इंटीरियर सोल्यूशंस प्रदान करने वाले प्रीमियम ब्रांड वर्फल ने गुरुवार को साउथ वेस्ट दिल्ली में अपना नया स्टूडियो लांच किया। 55 स्टूडियो के बड़े नेटवर्क के साथ वर्फल अपने सभी प्रोडक्ट्स के लिए लाइफ टाइम वारंटी के साथ भारतीय घरों में यूरोपियन डिजाइन और शिल्प कौशल का सर्वश्रेष्ठ समावेश प्रदान करता है। ब्रांड को अपनी हाई-क्वॉलिटी, कस्टम-डिजाइंड किचन और लिविंग स्पेस के साथ एडवांस टेक्नोलॉजी और बेहतरीन कारीगरी के लिए जाना जाता है। कंपनी अपने हर प्रोडक्ट को सौंदर्य, वर्किंग कैपेसिटी और सस्टेनेबिलिटी के उच्चतम मानकों को पूरा करने में विश्वास रखती है। लांच के मौके पर कंपनी के प्रवक्ता और पीओसी, सीनियर रीजनल मैनेजर, सेल्स और मार्केटिंग चैतन्य गज्जर ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारा प्रत्येक प्रोडक्ट न केवल आकर्षक और शानदार हो बल्कि भारतीयों के खाना पकाने और लिविंग स्पेस से जुड़ी विशिष्ट मांगों को भी पूरा करता हो। स्वास्थ्य से जुड़े मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए ई-1 ग्रेड बोर्ड्स के साथ किचन का निर्माण करते हैं, फॉर्मलडिहाइड एमिशन को कम करते हैं और रहने की एक स्वस्थ जगह को बढ़ावा दे रहे हैं। सस्टेनेबिलिटी की प्रतिबद्धता के साथ एफएससी-सर्टिफाइड वनों से जिम्मेदारी से सामग्री प्राप्त करते हुए नैतिक प्रथाओं को अपना रहे हैं।

# राजधानी में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर गुरुवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इन सीटों पर 25 मई शनिवार को मतदान होगा। मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन में चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस के बीच है। कुल 162 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दिल्ली में गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी 4 और कांग्रेस 3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सातों सीटों पर पिछली बार भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार केवल गायक और फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी के अलावा सभी सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवार उतारे हैं। 2014 में भी भाजपा ने दिल्ली में सभी सीटें जीती थीं। इस बार नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी से सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच मुकाबला है। आप के कुलदीप कुमार पूर्वी दिल्ली से मैदान में हैं और उनका मुकाबला हर्ष मल्होत्रा से है। महाबल मिश्रा का मुकाबला पश्चिमी दिल्ली से भाजपा के कमलजीत सहरावत से है। दिल्ली में कुल 1 करोड़ 52 लाख 01 हजार 936 मतदाता हैं। 2019 के मुकाबले इस बार 8.85 प्रतिशत अधिक मतदाता हैं। इनमें से 82 लाख 72 हजार 794 पुरुष और 69 लाख 87 हजार 940 महिला और 1228 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।




■ छठे चरण में दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर कल होगा मतदान
■ 162 उम्मीदवारों को भाग्य का फैसला करेगी दिल्ली की जनता

### उत्तर पूर्वी दिल्ली में कन्हैया कुमार व मनोज तिवारी आमने-सामने

कांग्रेस के कन्हैया कुमार उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मनोज तिवारी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली सीट से उदित राज का मुकाबला योगेंद्र चंदोलिया से है। चांदनी चौक सीट पर भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल का मुकाबला दिग्गज कांग्रेस नेता जेपी अग्रवाल से है। दिल्ली में 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा। इस चरण में डेढ़ करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने 13 हजार 667 मतदान केंद्र बनाए हैं।



■ दिल्ली में बंगाल भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाते भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता। फोटो इम्तियाज खान

# बूढ़े व बीमार माता-पिता को निशाना बना रहे मोदी : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री को एक अपील देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आपने मुझे झुकाने और तोड़ने की अभी तक बहुत कोशिशें की। आपने एक-एक कर मेरे कई विधायकों को गिरफ्तार किया। लेकिन मैं नहीं टूटा। फिर आपने मेरे मंत्रियों को गिरफ्तार किया, लेकिन आप मुझे नहीं झुका पाए। फिर आपने मुझे गिरफ्तार कर लिया। तिहाड़ में तरह-तरह से मुझे प्रताड़ित करके तोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन मैं नहीं टूटा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज तो आपने सारी हदें और सारी सीमाएं पार कर दी। आपने मुझे तोड़ने के लिए मेरे बूढ़े मां-बाप को निशाना बनाया। मेरी मां बहुत बीमार रहती है, वो कई बीमारियों की शिकार है। मोदी जब आपने 21 मार्च को मुझे गिरफ्तार किया था, उसी दिन दोपहर को वो अस्पताल से छुट्टी लेकर घर लौटी थीं। मेरे पिता जी 85 वर्ष के हैं, उन्हें ठीक से सुनाई नहीं पड़ता है। क्या आपको लगता है, मेरे माता-पिता गुनाहगार हैं। अपनी पुलिस से उनकी पूछताछ क्यों करवा रहे हैं, मेरे बूढ़े और बीमार माता-पिता को क्यों प्रताड़ित कर रहे हैं। आपकी लड़ाई मुझसे है, मेरे माता-पिता को प्रताड़ित करना बंद कर दीजिए। भगवान सब कुछ देख रहा है।



# कीर्तिनगर मेट्रो स्टेशन के इंटरचेंज पुल पर मरम्मत का कार्य शीघ्र : भट्टाचार्य

## पुल की लोहे की सतह घिस जाने से घायल होने की घटनाएं सामने आई हैं

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के संयुक्त महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) टी. भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि कीर्तिनगर स्टेशन पर ब्लू लाइन से ग्रीन लाइन इंटरचेंज के लिए बने पुल पर मरम्मत का काम यथाशीघ्र शुरू किया जाएगा। भट्टाचार्य ने बताया कि देश की एक अग्रणी समाचार एजेंसी की ओर से हाल ही में पुल से संबंधित घटनाओं के संबंध में डीएमआरसी का ध्यान आकर्षित किए जाने के बाद मामले को संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमने मामले का संज्ञान लिया है और जल्द से जल्द काम शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुल की लोहे की सतह घिस जाने से इस पर आए दिन यात्रियों के फिसल कर गिरने और घायल होने की घटनाएं सामने आईं हैं। उद्योग नगर की रहने वाली प्रतिभा पटेल ने बताया था कि पिछले सप्ताह उनकी मां का इस पुल पर पैर फिसल गया था जिससे उनकी कमर में गंभीर चोटें आई थीं उनका नांगलोई के एक सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि उनके जानने वाले कई लोगों ने इस तरह की घटनाओं के बारे में चर्चा की थी, लेकिन उन्हें नहीं मालूम था कि उनकी मां के साथ यह हादसा हो जाएगा। स्टेशन पर कुछ यात्रियों ने शिकायत की थी इस पुल पर चलना जोखिम भरा हो गया है, लेकिन मेट्रो रेल के अधिकारी इस ध्यान नहीं दे रहे हैं।

पश्चिम दिल्ली में पीरागढ़ी से राजीव चौक या द्वारका और कीर्तिनगर से इंद्रलोक की ओर जाने के लिए कीर्तिनगर स्टेशन पर मेट्रो रेल बदलने वाले लाखों यात्री इस इंटरचेंज पुल से गुजरते हैं। पुल की सतह घिसकर चिकनी हो जाने से कई लोगों के पैर फिसलने की घटनाएं सामने आई हैं।



# देश मजबूत प्रधानमंत्री चाहता है न कि मजबूर : हर्ष मल्होत्रा

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। ट्रांस यमुना सोशल वेलफेयर एसोसिएशन पंजीकृत आरडब्ल्यूए ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा से सांसद प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में जनसभा करी। जिसमे पूर्वी दिल्ली आरडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारी व सदस्यों के साथ-साथ पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों से सभी उम्र के लोग मौजूद थे। महिलाओ की भी अच्छी खासी संख्या नजर आई। इतनी गर्मी में भी सभा स्थल पर जिस तरह से लोंगो की भीड़ जुटी थी उसे देखते हुए साफ लग रहा था कि पूर्वी दिल्ली कि जनता भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का मन बना चुकी है। भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि आज देश मजबूत प्रधानमंत्री चाहता है, ना कि मजबूर प्रधानमंत्री। सभा मे मुख रूप से ट्रांस यमुना सोशल वेलफेयर एसोसिएशन पंजीकृत आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष श्रवण दिक्षित, संरक्षक पवन भास्कर, उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह वाधवा, पूर्व महामंत्री धर्मेश गुप्ता, पूर्व जिला युवा मोचा अध्यक्ष वरुण गुप्ता, विशाल शर्मा, राजेंदर गौड़, शिव कुमार शर्मा, राजीव शर्मा अध्यक्ष भीष्म शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट, मयंक वशिष्ठ, शैलेन्द शर्मा, अनिल कौशिक, प्रवीण दिक्षित, प्रीतपाल सिंह काका, अमित चंधोक, अनिल गुप्ता, सुभाष शर्मा, शम्मी नारंग, सतनाम सिंह डब्बू, सुखजिन्दर सिंह, श्याम सुन्दर शर्मा, जमशेद अली, विकास खोसला, संजीव शर्मा, मुकेश गुप्ता, संजय भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



**तैयारी** *दिल्ली में सात लोस सीटों पर मतदान के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम*

# ड्रोन व सीसीटीवी की निगरानी में मतदाता करेंगे मत का प्रयोग

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 23 मई (देशबन्धु)। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर शनिवार को होने वाले मतदान को लेकर दिल्ली पुलिस ने सभी पूरी तैयारी कर ली है। चुनाव के दिन दिल्ली में करीब 62 हजार पुलिस के जवान सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। हर इलाके में सुरक्षा की सख्त व्यवस्था की गई है। केवल वोटिंग सेंटर पर 33 हजार दिल्ली पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। पैरामिलिट्री फोर्स की 51 कंपनियां और राजस्थान, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से आए 17,500 होम गार्ड भी ड्यूटी पर लगाए जाएंगे। पुलिस का कहना है कि संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी।**

इसके साथ ही बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस की कड़ी निगरानी होगी। मतदान के दौरान सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी। 25 मई को राजधानी दिल्ली में मतदान के मद्देनजर दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं। डीसीपी इलेक्शन सेल संजय सहरावत के मुताबिक 25 मई को होने वाले मतदान को देखते हुए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। दिल्ली में 2628 वोटिंग सेंटर है, जिसमें से 429 काफी संवेदनशील घोषित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके मद्दे नजर मतदान केंद्रों पर 33 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। देश के अलग-अलग राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड से बुलाया जाएगा। अगर पूरी दिल्ली की बात करें तो वोटिंग सेंटर पर तैनात दिल्ली पुलिस के जवानों को मिलाकर करीब 62 हजार दिल्ली पुलिस के जवान मतदान के दिन दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में तैनात होंगे। जिसमें पीसीआर, स्पेशल ब्रांच, ट्रैफिक पुलिस और पेट्रोलिंग स्टाफ के जवान आदि शामिल हैं। इसके साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स की 51 कंपनियां और राजस्थान, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से आए 17,500 होम गार्ड भी ड्यूटी पर लगाए गए हैं। डीसीपी इलेक्शन सेल संजय सहरावत के मुताबिक अत्यधिक संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जाएगी। दिल्ली के तमाम बॉर्डर्स पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बॉर्डर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जोकि 24 घंटे वहां होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके साथ पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को तैनात किया जाएगा, जो आने-जाने वाले वाहनों पर पैनी नजर रखेंगे। 25 मई को हरियाणा में भी मतदान हैं। मतदान को देखते हुए हरियाणा पुलिस और दिल्ली पुलिस मिलकर बॉर्डर पर चेकिंग करेगी। संजय सहरावत के मुताबिक चुनाव से पहले दिल्ली में करीब 14 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। जिनकी जांच की जा रही कि कौन सा पैसा लीगल है और कौन सा इलीगल। इसके साथ ही करीब 80 हजार लीटर शराब बरामद की गई है। सोशल मीडिया पर चुनाव को देखते हुए साइबर क्राइम मॉनिटरिंग सेल भी बनाया गया है। अगर वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की गई तो स्पेशल साइबर ब्रांच द्वारा मामले की तफ्तीश की जाएगी।



■ सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे 62 हजार पुलिस के जवान
■ राजधानी के विभिन्न मतदान केंद्रों पर कल डाले जाएंगे वोट
■ दिल्ली में 2628 मतदान केंद्र जिसमें से 429 काफी संवेदनशील

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

एहतियातन मरीजों को दूसरे वार्ड में भेजा गया। आग बुझाए जाने के बाद मरीजों को आईसीयू में लाया गया। इसमें करीब दो घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी मरीज को कोई नुकसान नहीं हुआ है, न ही किसी मरीज का उपचार प्रभावित हुआ है।

**डॉ. रेनू अग्रवाल, जिला अस्पताल सीएमएस**

## जीआईएस मैपिंग से निगम की स्ट्रीट लाइट, सड़कें, नाले व संपत्ति हुई डिजिटल

**गाजियाबाद,** 23 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम मैपिंग को लेकर बैठक हुई। बैठक में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर लखनऊ से आए साइंटिस्ट आलोक सैनी द्वारा उपस्थित जनों को किए गए कार्य की अंतिम प्रेजेंटेशन दी गई। बैठक में बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले नाले, सड़क, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, संपत्ति को किस प्रकार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया गया है, तथा कार्य प्रणाली को और अधिक आसान बनाया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम के भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाली सड़कों, स्ट्रीट लाइट, संपत्ति, नालों, शौचालयों, पार्कों व अन्य डाटा, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ दिया गया है। इस प्रकार एक ही प्लेटफार्म पर सभी प्रकार की सूचना अधिकारियों व निगम की टीम को सरलता से प्राप्त होगी जिस पर प्राथमिकता के आधार पर तय होने वाले कार्य के लिए निर्णय लिया जा सकेगा। विस्तार पूर्वक प्रेजेंटेशन उपस्थित जनों को दिया गया। सड़कों की लंबाई-चौड़ाई, सड़कों की स्थिति डाबर की सड़क, आरसीसी की सड़क या इंटरलॉकिंग की सड़क, सभी को कैटेगरी में अलग-अलग करके दर्शाया गया है। जिसके माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम की योजना के अंतर्गत कार्य करने का निर्णय प्राथमिकता निश्चित करते हुए लिया जा सकेगा जिस शहर वासियों को भी सहूलियत रहेगी, इसी आधार पर नालों की सफाई स्ट्रीट लाइट की स्थिति निगम की संपत्ति का विवरण शौचालय की स्थिति व अन्य विवरण भी आसानी से एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्राप्त हो सकेंगे जिसके माध्यम से जनहित में बेहतर कार्य गाजियाबाद नगर निगम कर सकेगा तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी हैद्य



**स्मार्ट होगी निगम की विभागीय वर्किंग, कार्यों की प्राथमिकता तय करना होगा आसान : नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त ने बताया कि रिमोट सेंसिंग के द्वारा कराए गए सर्वे के उपरांत जीआईएस मैपिंग के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 70 लेयर की कैटेगरी में संपत्ति की सूचनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अंतिम रूप से प्रेजेंटेशन दिया गया।

## साथी की गिरफ्तारी के विरोध में गाजियाबाद के पार्षद सड़क पर उतरे

**गाजियाबाद,** 23 मई (देशबन्धु)। मोहननगर पार्षद सुधीर कुमार के गिरफ्तारी के विरोध में पिछले दो दिनों से साथी पार्षदों का चल रहा आंदोलन गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन पार्षद इकट्ठा होकर पुलिस मुख्यालय पहुंचे

■ **सीपी के पास जा रहे पार्षदों को पुलिस ने बीच में रोका, जमकर हुई झड़प**

और वहां पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर कल्पना सक्सेना से मिले और वार्ता की लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद गुस्साए पार्षद सीपी से मिलने के लिए वहां से रवाना हुए लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान पार्षदों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई तपती धूप में पार्षद सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान पार्षदों ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि पार्षद सुधीर के खिलाफ एक बड़ी साजिश रची गई है। बिना मामले की जांच किए उन्हें पुलिस ने जल्दबाजी में जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि इससे पहले मोहन नगर पार्षद सुधीर कुमार का सिगरेट को लेकर विवाद होने पर खोखा लगाने वाली महिला व उसके पति के साथ मारपीट करने



का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने सक्रिय होने के बाद फिर रिपोर्ट दर्ज की और पार्षद को गिरफ्तार कर लिया। पार्षद के जेल जाने की खबर जैसी उसके साथी पार्षदों को पता लगी तो वे लोग बुधवार को महापौर सुनीता दयाल के आवास पर पहुंचे और पूरी व्यथा बताइ। इसके बाद सभी पार्षद निगम मुख्यालय पहुंचे और महापौर दयाल के कक्ष में जम गए। दिनभर में वही जम रहे।

इस दौरान एसीपी नंदग्राम रवि कुमार तथा डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह भी वहां पहुंचे और पार्षदों से वार्ता की लेकिन कोई बात नहीं बनी। यह आंदोलन आज भी लगातार जारी है। पार्षद धरने पर बैठे हुए हैं धरने पर बैठने वाले पार्षदों में प्रमुख रूप से पार्षद शीतल देओल, पूनम सिंह, धीरेंद्र, अजय शर्मा सहित 50 से अधिक पार्षद हैं और धरना दे रहे हैं।

## अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद दो एजेंसियों को नोटिस जारी

**नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। जिला अस्पताल में बुधवार सुबह आग की घटना के बाद सीएमएस ने रखरखाव की दो एजेंसियों को लापरवाही बरतने के मामले में नोटिस जारी किया है। साथ ही, घटना की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कमेटी आगे की कार्रवाई करेगी। जिला अस्पताल के बेसमेंट स्थित सर्वर रूम में बुधवार तड़के आग लगने के बाद प्रथम तल पर स्थित आईसीयू समेत 50 मरीजों को शिफ्ट किया गया था। आग का धुआं प्रथम तल तक पहुंचने लगा था। राहत की बात यह रही थी कि आग को समय रहते अग्निशमन उपकरणों से बुझा लिया गया था। जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. रेनू अग्रवाल ने बताया कि एहतियातन मरीजों को दूसरे वार्ड में भेजा गया। आग बुझाए जाने के बाद मरीजों को आईसीयू में लाया गया। इसमें करीब दो घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी मरीज को कोई नुकसान नहीं हुआ है, न ही किसी मरीज का उपचार प्रभावित हुआ है। बिजली से जुड़े कार्यों के रखरखाव के लिए दो एजेंसियां काम कर रही हैं। आग लगने से स्पष्ट है कि चूक हुई है। लिहाजा दोनों एजेंसियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, एक कमेटी भी मामले की जांच करेगी।

## सार संक्षेप


### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 7530 ई चालान

**नोएडा।** जिले में यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जांच अभियान चलाया। इसमें 28 वाहन टो किए गए और 24 वाहनों को सीज किया गया। कुल 7530 ई-चालान किए गए। यातायात पुलिस ने गोलचक्कर चौक, सेक्टर-15, रजनीगंधा चौक, सेक्टर-18, 125, 62, गौर सिटी-किसान चौक, सूरजपुर, परीचौक और अन्य स्थानों पर अनाधिकृत रूप से चलने वाले, सार्वजनिक मार्गों पर नो-पार्किंग में खड़े और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। नियमो की अवहेलना पर 403 वाहनों के चालान किए गए। कुल 7530 ई-चालान किए गए। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने कहा कि लोग यातायात नियमों का पालन करें। यह नियम लोगों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं।

### सुबह बदमाश फरार, शाम को हुआ गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 पुलिस की हवालात से वाहन चोरी के आरोप में पकड़ा गया बदमाश भाग गया है। पुलिस की कई टीमें सुबह से ही आरोपी की तलाश करने में जुटी है। पुलिस आयुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना पुलिस की भूमिका की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की टीम गठित की। दरअसल, बुधवार को थाना सेक्टर 49 पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में सोनू पुत्र डालचंद भारद्वाज निवासी सेक्टर 22 को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया था कि उसने बाइक चोरी करने के आरोपी को पांच घंटे में गिरफ्तार कर लिया। सोनू के ऊपर पूर्व में पांच मुकदमे दर्ज हैं। सोनू थाना सेक्टर 49 पुलिस की हवालात में था। सुबह 5 बजे उसने हवालात के पीछे बनी जाली को काटा और वहां से भाग गया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी के भागने के बाद पुलिसकर्मी सुबह से ही यहां के पार्क, विभिन्न मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, ऑटो रिक्शा स्टैंड, और सेक्टर 22 स्थित आरोपी घर और उसके आसपास छानबीन करते हुए शाम को गिरफ्तार किया।

### सलाम नमस्ते में न्यूट्री-जल कैंपेन पर चर्चा



**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में न्यूट्र-जल कैंपेन पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। बृहस्पतिवार को सेक्टर 62 स्थित कार्यक्रम के दौरान पुष्टाहार विभाग गौतमबुद्धनगर की डीपीओ पूनम तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान गर्मियों में स्वच्छ जल सेवन के जीवन पर प्रभाव विषय पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि न्यूट्री-जल कैंपेन एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य जल और पोषण के महत्व को बढ़ावा देना है। यह कैंपेन जागरूकता फैलाने, सही पोषण और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया है। हमारा उद्देश्य इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण और पिछड़े समुदायों के बीच जल और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

## डॉ. उपासना अरोड़ा स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए ट्रॉफी से सम्मानित

**गाजियाबाद,** 23 मई (देशबन्धु)। यशोदा हॉस्पिटल कौशाम्बी की प्रबंध निदेशक, डॉ. उपासना अरोड़ा को 'सुपर इंडियंस कॉन्क्लेव 2024' में भारत 24 द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए गए समर्पण और उत्कृष्ट योगदान का प्रतीक है। पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भारत 24 के सीईओ डॉ. जगदीश चंद्र, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, मंत्री एसपी सिंह बघेल, महंत नारायण गिरी और आचार्य प्रमोद कृष्णम शामिल थे।





डॉ. अरोड़ा की यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता और चिकित्सा प्रथाओं को उन्नत बनाने के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। यह पुरस्कार न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का सम्मान करता है बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी की उत्कृष्टता को भी उजागर करता है।

## नोटिस चस्पा करने गई प्राधिकरण की टीम का विरोध

■ **किसानों ने पुलिस और कर्मचारियों को घेरा**
■ **नोकझोंक के बाद भी अवैध निर्माण पर लगाए नोटिस**

**नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। नोएडा के सोरखा जाहिदाबाद में अवैध निर्माण पर नोटिस चस्पा करने गए प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन की टीम को किसानों का विरोध झेलना पड़ा। आरोप है कि प्राधिकरण और पुलिस किसान को उसकी जमीन पर निर्माण करने नहीं दे रही है। वहीं प्राधिकरण ने बताया कि दस्तावेजों में ये जमीन प्राधिकरण अर्जित और कब्जा प्राप्त जमीन है। जिस पर निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा इस गांव में कई और अवैध निर्माण है जिन पर नोटिस चस्पा किए गए। प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा के सोरखा जाहिदाबाद में खसरा नंबर 819 प्राधिकरण की अधिसूचित और कब्जा प्राप्त जमीन है। इस पार अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। यहां दुकान तक बना दी गई है। इन सभी पर नोटिस चस्पा किया गया है। जिसके तहत अतिक्रमण कर्ता को वार्निंग दी गई है कि वह अवैध निर्माण ध्वस्त कर दे। अन्यथा प्राधिकरण अवैध निर्माण ध्वस्त करेगा साथ ही ध्वस्तीकरण के दौरान जो पैसा भी खर्च होगा उसे अतिक्रमण कर्ता से लिया जाएगा।



नोटिस चस्पा की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान परिषद के पदाधिकारी वहां पहुंच गए। उन्होंने पुलिस और प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस चस्पा करने की बात को गलत बताया। किसानों ने आरोप लगाया कि ये जमीन किसान की है। जिसमें से किसान ने एक हिस्सा आश्रम को दिया है। आश्रम का निर्माण किया जा रहा है। उस पर प्राधिकरण को आपत्ति नहीं है। लेकिन किसान अपनी जमीन पर निर्माण कर रहा है तो उस पर आपत्ति क्यों की जा रही है। जबकि हाई पावर कमेटी के समक्ष आबादी निस्तारण की मांग को रखा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिषद के पदाधिकारियों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद प्राधिकरण ने नोटिस चस्पा किए और वार्निंग देकर वापस आ गए। जून में आचार संहिता हटते ही अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को कब्जे में लिया जाएगा।

## 1 घंटे में 1000 किलो कचरा साफ किया

■ **250 लोगों ने लिया हिस्सा**
■ **अभियान चलाकर लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ**

**नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। 'स्वच्छ नोएडा स्वस्थ्य नोएडा की चरितार्थ' करते हुए गुरुवार को सेक्टर-25ए खाली भूखंड पर प्लॉगिंग और स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में 250 से ज्यादा लोग मौजूदगी में प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान एक घंटे में 1000 किलों से ज्यादा कचरा एकत्रित किया गया। अभियान से पहले मैदान की फोटो ली गई। इसके बाद साफ-सफाई के बाद फोटो ली गई। एकत्रित किया गया कचरा नोएडा के एमआरएफ सेंटर भेज दिया गया। वहां वैज्ञानिक तरीके से इसका निपटारा होगा।

स्वच्छता रैंकिंग में नोएडा को प्रथम स्थान दिलाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में ये अभियान चलाया गया। प्राधिकरण के साथ आईएसआरटी और गाइडेड फॉर्चून समिति के लोग यहां मौजूद रहे। इसमें प्राधिकरण की ओर परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य गौरव बंसल और आरके शर्मा भी रहे। यहां साफ-सफाई के बाद लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। साथ ही बैनर पर हस्ताक्षर किए गए। यहां आने जाने वाले लोगों को भी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस तरह का अभियान निरंतर जारी रहेगा। ताकि शहर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़े और आसपास वो गंदगी न फैलाए। बता दे इस बार नोएडा प्राधिकरण 7 स्टॉर रैकिंग की श्रेणी में हिस्सा लेने जा रहा है। ये रैंकिंग तभी हासिल होगी जब नोएडा वासी शहर को साफ सुथरा रखने में प्राधिकरण की मदद करेंगे।




## व्हीलचेयर बॉस्केटबॉल शिविर में खिलाड़ियों का किया जाएगा चयन

**नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। नोएडा इंडोर स्टेडियम में व्हीलचेयर बॉस्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा भारत में आगामी अंडर 23 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की टीम चयन के लिए नॉर्थ जोन एनसीआर रीजन के खिलाड़ियों के लिए व्हीलचेयर बॉस्केटबॉल शिविर का आयोजन किया गया।



कैंप का समापन मुख्य अतिथि स्पार्क मिंडा ग्रुप के कॉरपोरेट हेड अमित जालान, फेडरेशन के अध्यक्ष वरुण अहलावत, सलाहकार लोकेश चौहान और अमित सिंह, और युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने किया। कैंप में फेडरेशन के अध्यक्ष वरुण अहलावत और कोच ऋतु चौधरी ने खेल की बारीकियों और तरह तरह के गेम प्लान से खिलाड़ियों को अवगत कराया जिससे आने वाले अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। कैंप के दौरान टीम की क्लासीफायर और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. भारती शर्मा व पुष्प झा ने खिलाड़ियों का हेल्थ चेकअप कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य अतिथि अमित जालान ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे पैरा खिलाड़ी एक अलग मुकाम हासिल कर रहे हैं। आने वाले समय में निश्चित ही हमारी बॉस्केटबॉल की टीम शीर्ष पर कायम होगी। इस अवसर पर अंकुर शर्मा, बादल सिंह और स्पोर्ट्स वर्क 360 के सदस्य मौजूद थे।

## नोएडा में लाल स्याही से लगता है डर

**नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। नोएडा में अवैध इमारत पर प्राधिकरण का अभियान जारी है। इन इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा। कागजी काम पूरा किया जा चुका है। मौके पर इमारतों पर लिखा गया कि यह बिल्डिंग अवैध है। खास ये है कि इन इमारतों में सालों से लोग रह रहे है। इमारत बनी है जिसमें पार्किंग से लेकर बिजली का कनेक्शन भी है। लेकिन ये जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र में आती है। बिना प्राधिकरण की अनुमति का इनका निर्माण किया गया। भू माफियाओं ने इन जमीनों को किसानों या कब्जा किया और भोले भाले लोगों को फंसा दिया।

बरौला में एक नहीं दर्जनों इमारतों पर यही लिखा है। इससे यहां रहने वाले लोग दहशत में है। दो दिन में बरौला के खसरा नंबर 442, 443, 444 और 445 पर पूर्व से निर्मित अवैध भवनों पर यह बिल्डिंग






■ **60 इमारतों पर लिखा जा चुका 'यह बिल्डिंग अवैध है', शो रूम से लेकर रिहायशी इमारत शामिल**

अवैध है लिखाया गया। हालांकि कई लोगों ने इनको सफेद रंग से पोत दिया। इसके बाद दोबारा से नोटिस दिया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि मकान खाली करने और जमीन छोड़ने के लिए पहले नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके बाद ही इन इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा।



**बड़े शो रूम तक शामिल**

बरौला में हाल ही में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण किया गया। इसमें बड़े-बड़े शो रूम तक है। यही नहीं कार के सर्विस सेंटर भी शामिल है। जिनको अवैध करार दिया गया। इस नोटिस और प्राधिकरण के लाल रंग की सिहाई ने इनके मालिकों के माथे पर पसीना ला दिया है। लोगों का कहना है हमें नहीं पता कि ये अवैध जमीन है और हमारे फ्लैट और मकान या शो रूम अवैध है। हमने आपनी जीवन भर की कमाई इसमें लगा दी है। प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सीईओ के निर्देश पर ही अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है।

**60 इमारतों पर लिखा गया ये निर्माण अवैध है**

प्राधिकरण के अलग-अलग सर्किल में करीब 60 इमारतों पर अवैध निर्माण लिखा गया है। इसमें से 70 प्रतिशत इमारत में लोग रह रहे है। ये इमारत नोएडा के बरौला, हाजीपुर, सोरखा जाहिदाबाद और अन्य स्थानों और गांव में है। सबसे ज्यादा अवैध निर्माण बरौला में है। यहां बनी इमारत को ध्वस्त करने के लिए बतौर कंपनी बीआर चावला का चयन किया गया है। क्योंकि यहां जो भी इमारत बनी है वो चार से पांच फ्लोर की है जिनको ध्वस्त करने के लिए जो उपकरण चाहिए वह नोएडा प्राधिकरण के पास नहीं है।

**एक दिन में नहीं बनी अवैध इमारत**

ये इमारते एक दिन में नहीं बनी। इनको बनाने में महीनों लग गए। लोगों का आरोप है जब निर्माण या कालोनी काटी जा रही थी उस समय प्राधिकरण ने एक्शन क्यों नहीं लिया। अब प्राधिकरण हमारी इमारतों को अवैध बताकर ध्वस्त करने की योजना कर रहे है। प्राधिकरण का ये निर्णय गलत है। हालांकि जो भी ध्वस्तीकरण होगा वो आचार संहिता हटने के बाद किया जाएगा। वहीं प्राधिकरण में अवैध निर्माण को शह देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी एक्शन शुरू हो गया है।

## सरकारी काम में बाधा डालना पड़ा महंगा, पहुंचे हवालात

**खोड़ा,** 23 मई (देशबन्धु)। शिव पार्क स्थित निर्माणाधीन भूखंड के सामने नाले की सफाई के विवाद बढ़ने पर लोग हवालात पहुंच गए। बरसात के पहले नगर पालिका परिषद द्वारा नाली और नाले की सफाई का कार्य कराया जाता है। नपा के सफाई कर्मचारी नाले की सफाई का कार्य कर रहे थे। नाले के



सामने लोकेश कुमार का सौ गज का मकान निर्माणाधीन है। नाले के ऊपर पटिया रखकर नाले को ढक दिया गया। उसके ऊपर सरिया के कॉलम रख दिया गया। ईंट भी सड़क पर रख दी गई। सड़क के आधे नाले की सफाई पूरी हो चुकी है। ग्यारह बजे नपा के सफाई कर्मचारी जैसे ही भूखंड के सामने जे सी बी की सहायता से नाले की सफाई शुरू की। लोकेश कुमार और उनके दोनो बेटों से जे सी बी चालक से बहस शुरू हो गई। लोकेश कुमार के बेटे का आरोप है कि जे सी बी चालक ने गाली दी है। भूखंड मालिक और सफाई कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ गया। मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। डायल 112 के द्वारा शिकायत दर्ज की गई। भूखंड स्वामी के दोनो बेटे जे सी बी के आगे लेटकर काम बंद करवा दिया और जे सी बी नहीं ले जाने दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को थाने ले गई। सफाई कर्मचारी भी नाराज होकर काम बंद करके घटनास्थल से लौट गए। खोड़ा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जे सी बी चालक लाल सिंह की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सड़क पर अतिक्रमण करके रास्ता रोकने और शांति भंग करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

उवाच "

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाया जाए एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। हम सबको इस कार्यक्रम के उद्देश्य को समझते हुए यातायात नियमों के प्रति अपने आप को जागरूक करते हुए शत्-प्रतिशत यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा : **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**



# ग्रेनो में सफाई व्यवस्था की जीपीएस व सीसीटीवी से होगी निगरानी

- **घरों से कूड़ा उठाने समेत अन्य कार्यों के लिए खरीदे जाएंगे सौ से अधिक वाहन**
- **कूड़ा उठाने के लिए बैटरी से चलने वाले वाहनों को उपयोग में लाया जाएगा**
- **सड़क की सफाई करने वाली मशीन भी होगी जीपीएस युक्त**



**शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। नई एजेंसी के चयन के साथ काम की निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस की मदद ली जाएगी। कूड़ा उठाने के लिए नए वाहन खरीदे जाएंगे : संतोष कुमार, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए नई एजेंसी के चयन के साथ नए वाहन भी खरीदे जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारी इस संबंध में कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। घरों से कूड़ा उठाने के लिए बैटरी से चलने वाले वाहनों को उपयोग में लाया जाएगा। वहीं सफाई व्यवस्था पर नजर रखने के लिए जीपीएस और सीसीटीवी कैमरे की भी मदद ली जाएगी। इसके लिए 28 कैमरे और 162 जीपीएस डिवाइस खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। सड़क की सफाई करने वाली मशीन भी जीपीएस सिस्टम से युक्त होगी।

दरअसल ग्रेटर नोएडा शहरी और आसपास के गांवों की सफाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। इसको लेकर लोगों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी सड़कों पर उतरकर निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं नई एजेंसी की भी तलाश की जा रही है। इसकी निविदा आचार संहिता लागू होने से पहले ही लागू कर दी गई थी। कूड़ा उठाने के लिए 100 वाहन खरीदे जाएंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अत्याधुनिक तकनीक की मदद से भी निगरानी करने का निर्णय लिया गया है। 162 जीपीएस डिवाइस औार सीसीटीवी कैमरे की मदद से निगरानी की जाएगी। सफाई की जिम्मेदारी संभालने वाली एजेंसियों के कर्मचारियों पर नजर रखने के लिए घरों से कूड़ा उठाने से लेकर धर्मकांटा पर माप तोल व उसे डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने की प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी।

### नाप तोल वाले स्थान पर 28 कैमरे

घरों से निकलने वाले कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में डालने से पहले उसकी माप की जाती है। इसी हिसाब से कंपनी को भुगतान किया जाता है। इसमें गड़बड़ी न हो इसके लिए माप तोल वाले स्थान पर प्रथम चरण में 28 कैमरे लगाए जाएंगे।

### सड़क की सफाई करने वाली मशीन होगी जीपीएस युक्त

शहर की मुख्य सड़कों की सफाई अब मशीन से कराई जाएगी। मशीन जीपीएस सिस्टम से युक्त होगी। इससे निगरानी करने में मदद मिलेगी। मशीन के साथ मैनुअल सफाई भी जारी रहेगी।

## यीडा आवासीय योजना में 80 फीसदी से ज्यादा की राजस्व वसूली

- **यमुना प्राधिकरण ने अब हर माह सभी कार्यों का लक्ष्य किया निर्धारित**

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने विकास कार्यों, योजनाओं और बकाया वसूली को लेकर हर माह का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी की तरफ से हर सप्ताह इसकी समीक्षा की जा रही है। 11 बिल्डरों में से 11 ने प्राधिकरण में प्रोजेक्ट का बकाया किश्त जमा कर दिया है। इससे इन बिल्डरों के प्रोजेक्ट में निवेश करने वाले निवेशकों को फ्लैट की चाबी जल्द मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

यमुना प्राधिकरण में बुधवार को सीईओ की तरफ से समीक्षा की गई, जिसमें आवासीय योजना ने अप्रैल 2024 में 2,69.88 लाख रूपए वसूली का लक्ष्य रखा था। जिसमें प्राधिकरण को 1,005.44 लाख रूपए जमा हुआ। मई में 2,728.59 लाख रूपए रखा है। जिसमें प्राधिकरण को 20 मई तक 748.63 लाख रूपए मिल गया। संस्थागत योजना से अप्रैल में 1,056 लाख रूपए का लक्ष्य था, मई में प्राधिकरण को 736 लाख रूपए से ज्यादा राजस्व की वसूली गई। ग्रुप हाउसिंग बिल्डर से प्राधिकरण ने अप्रैल ने 1,500 लाख रूपए का लक्ष्य रखा था, मई में प्राधिकरण को बिल्डरों से 2,214.20 लाख रूपए मिल गया। मई में 1500 लाख रूपए का था जिसमें प्राधिकरण को 20 मई तक 9180 लाख रूपए बिल्डरों ने भुगतान कर दिया है। यमुना प्राधिकरण ने सीईओ ने 11 बिल्डरों में से 5 ने बकाया का भुगतान कर दिया। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण इसी तरह प्रोजेक्ट, भूलेख, वित्त, बैंको का लोन और ब्याज आदि की हर सप्ताह समीक्षा किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को सीईओ ने एक सप्ताह में इसमें क्या काम किया इसकी हर बुधवार को समीक्षा कर रहे हैं।

## दुष्कर्म मामले में रवि काना की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी आज

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई है। स्क्रैप माफिया रवि काना की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। जबकि काजल झा की जमानत पर 27 मई को सुनवाई होनी है। माफिया गैंग के चार सदस्यों को पूर्व में हाई कोर्ट से जमानत मिली है।

नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित स्क्रैप माफिया रवि कान्हा उसकी महिला मित्र काजल झा को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिला न्यायालय में दोनों की जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता के मुताबिक गैंगस्टर रवि की गैंगरेप के मामले में जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। जबकि काजल झा की गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में जमानत याचिका पर 27 तारीख को सुनवाई होनी है। हालांकि स्क्रैप माफिया गैंग को जिला न्यायालय से अभी तक कोई राहत नहीं मिली है गैंग के चार सदस्यों को जमानत मिल चुकी है लेकिन सभी को हाई कोर्ट ने जमानत दी है जिला न्यायालय से सभी के जमानत खारिज हुई थी। अभी हाल ही में गैंगस्टर के आरोपी आजाद को हाई कोर्ट से जमानत मिली थी। इससे पहले स्क्रैप माफिया की पत्नी मधु समेत तीन आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।

## किसानों की समस्या को लेकर बीकेयू करेगा आंदोलन

- **संगठन का हुआ विस्तार**

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन की बैठक गांव चौगानपुर में चौधरी नितिन भाटी के फार्म पर संगठन के विस्तार को लेकर हुई जिसकी अध्यक्षता जगत भाटी ने एवं संचालन अनित कसाना ने किया पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की जमीन का अघिग्रहण किया है लेकिन आज तक किसानों को 10 परसेंट प्लॉट आबादी निस्तारण किसानो की बैक लीज के मुद्दों का कोई समाधान नहीं किया है किसान प्राधिकरण को चक्कर काट रहे हैं गौतम बुद्ध नगर मे हजारो कंपनियां लगी हुई है लेकिन गौतम बुद्ध नगर के युवाओं के लिए उन फैक्ट्री में रोजगार नहीं दिया जाता इसलिए युवा बेरोजगार है जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण प्राधिकरण द्वारा किया गया है उसके परिवार के लोगों को नक्शा 11 के आधार पर रोजगार मिलना सुनिश्चित करें इन्हीं समस्याओं को लेकर संगठन में आस्था रखते हुए हबीबपुर डेरी तुशियाना खैरपुर आदि गांव के सुमित भाटी नितिन भाटी. आलोक शर्मा



राहुल भाटी (बिसरख) परवेश भाटी ब्रिजेश भाटी ललित भाटी गौरी भाटी राजेंद्र चेची लीलू भड़ाना (हरकेश नगर) सोनू खटाना दीपचंद नेता जी (खेर पुर) सचिन भाटी प्रदीप भाटी विपिन भाटी कवित भाटी नितिन भाटी सुरेंद्र भाटी सैकड़ो लोगों ने सदस्यता ग्रहण की प्रदेश प्रवक्ता राजीव मलिक ने बताया कि अगर जल्द ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर एक बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

## कर्म योग व सड़क सुरक्षा संगोष्ठी में प्रमुख सचिव परिवहन हुए शामिल

- **संगोष्ठी में सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित चलने की अपील की गई**

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। आम जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने को लेकर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश एल. वेंकटेश्वर लू. एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के ऑडीटोरियम में कर्म योग एवं सड़क सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोडवेज चालकों व अन्य व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उप परिवहन आयुक्त मेरठ परिक्षेत्र मेरठ सुनीता वर्मा द्वारा स्वागत संबोधन में अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ विषय की संवेदनशीलता एवं आवश्यकता बताते हुए सड़क सुरक्षा के सभी मानकों पर खरे उतरने के लिए विभागीय अधिकारियों तथा





सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की गई।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू. ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सड़क पर धीमी गति से वाहन चलाने और सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना देश की एक विकट समस्या है, सड़क दुर्घटनाओं से लाखों लोगों की प्रतिवर्ष मौत होती हैं। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हम सबको यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमें सजग रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का विधिवत पालन करने से शत-प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। साथ ही उनके द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों को भगवान बुद्ध के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित भी किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाया जाए एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। हम सबको इस कार्यक्रम के उद्देश्य को समझते हुए यातायात नियमों के प्रति अपने आप को जागरूक करते हुए शत्-प्रतिशत यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। कर्मयोग एवं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं में प्रमुख समाजसेवी राम कृष्ण गोस्वामी ने भगवतगीता अध्यायों के श्लोकों के उदाहरण देकर सड़क सुरक्षा को कर्मयोग से जोड़ा।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रर्वतन द्वितीय दल डॉक्टर उदित नारायण पांडे के द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर में सड़क सुरक्षा पर किए गए कार्यों का एवं डीसीपी ट्रैफिक द्वारा आई टी एम एस योजना पर पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया।

## नशे में धुत व्यक्ति नाले में गिरा मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शराब के नशे में धुत्त एक व्यक्ति नाले में गिर गया। व्यक्ति ने बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन नशे में होने की वजह से बाहर निकलने के बजाय वह नाले में बनी पुलिया के अंदर प्रवेश कर गया। आगे पुलिया संकरी होने की वजह से वह चार-पांच फीट अंदर जाकर फंस गया। एकत्र लोग तमाशगीन बने वीडियो बनाते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। ईकोटेक कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि कुलेसरा गांव स्थित पंचमुखी मंदिर के समीप दूषित पानी की निकासी को नाला बह रहा है। गुरुवार सुबह छह बजे उन्हें एक व्यक्ति के नाले में गिरे होने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी समेत पुलिसकर्मी मौंके पर पहुंचे। जाकर देखा तो व्यक्ति पुलिया में अंदर जाकर फंसा हुआ था। आनन-फानन में हिम्मत जुटाकर पुलिसकर्मी संग कुछ लोग रस्सी के सहारे नाले में उतरे। पुलिया में प्रवेश कर व्यक्ति के पैर में रस्सी बांधकर उसे बाहर निकाला गया। व्यक्ति को बाहर निकालते वक्त पुलिसकर्मियों संग बचाव में उतरे एक व्यक्ति की दुर्गंध से हालत भी खराब हो गई। व्यक्ति को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुल्क ने बताया कि व्यक्ति शराब के नशे में धुत होने की वजह से तकरीबन एक घंटे से पुलिया के अंदर फंसा हुआ था। यदि समय रहते व्यक्ति को बाहर नहीं निकाला जाता तो उसकी जान भी जा सकती थी।

व्यक्ति की पहचान कुलेसरा के रहने वाले अनवर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा व्यक्ति को नाले से बाहर निकलाने का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। व्यक्ति की जान बचाने पर लोगों ने पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए आभार जताया है।

## जहरीला पदार्थ पीकर युवक ने दी जान देने की कोशिश

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने पारिवारिक विवाद में जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या की कोशिश की। मकान मालिक की सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी के पुलिसकर्मियों द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाले युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराकर उसकी जान बचाई। पुलिस के मुताबिक बिसरख कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने व्यक्ति ने बुधवार की रात डायल 112 कंट्रोल रूम को सूचना दी कि उसके घर में रह रहे किराएदार ने मच्छर मारने की दवाई पी ली है। इस सूचना पर पीआरवी 1867 के पुलिस कर्मियों के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटना स्थल पर पहुंच कर देखा कि एक युवक ने पारिवारिक विवाद के कारण मच्छर मारने वाली दवाई का सेवन कर लिया है। पीआरवी कर्मियों द्वारा घायल को पीआरवी की सहायता से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की तत्परता के चलते समय पर इलाज मिलने की वजह से युवक की जान बच सकी। युवक की जान बचाने पर परिजनों द्वारा पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिलेगी स्कॉलरशिप

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज समूह इस बार भी 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन कर रहा है। आईआईएमटी ऑनलाइन स्कालरशिप टेस्ट रविवार 26 मई किया जाएगा।

परीक्षा 12 बजे से लेकर 1 बजे तक होगी। टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 25 मई निर्धारित की गई है। इस परीक्षा में किसी भी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने वाले छात्र निःशुल्क भाग ले सकते हैं। इस स्कॉलरशिप के तहत चयनित विद्यार्थियों को नगद रुपए, टैबलेट, स्मार्ट मोबाइल और स्मार्ट वॉच जैसे आकर्षण उपहार भी दिए जाएंगे। वहीं कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल का कहना है कि होनहार छात्रों के लिए हर साल कॉलेज की तरफ से स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस परीक्षा में अंग्रेजी, मैथ, जनरल साइंस, रीजनिंग के प्रश्न पूछे जाएंगे साथ ही टेस्ट में भाग लेने वाले छात्रों को ई-सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

## वजन से अधिक नापतोल करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। बिसरख थाना क्षेत्र में एक निर्माण साइट पर वजन करने वाले कांटे में छेड़खानी करके ट्रक में लदे माल का वजन अधिक दिखाने का मामला प्रकाश में आया है। ट्रक से उतारे गए माल के चलते कम हुए वजन को यह कांटा पूरा वजन दिखा देता था। सुपरवाइजर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिलीप कुमार की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 20 मई को प्रोजेक्ट साइट पर लगे वजन करने वाले कांटे में देखा कि गिट्टी से लदे ट्रक का कांटे पर वजन 70 हजार किलो दिखाया जा रहा था। जबकि ट्रक चालक के पास पर्ची 56 हजार किलो की थी। इसकी जांच की गई थो पाया कि कांटे से छेड़खानी की गई थी। वहां पर मौजूद एक लड़के के पास रिमोट था। पूछताछ में पता चला कि माल उतारने के बाद उसका मुनाफा कांटा संचालक और ट्रक ड्राइवर में बंट जाता था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## पांच दिवसीय मधुमेह रोग निवारण शिविर समाप्त

- **भारतीय योग संस्थान ग्रेटर नोएडा के तत्वाधान में चल रहा था शिविर**

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मई (देशबन्धु)। भारतीय योग संस्थान ग्रेटर नोएडा के तत्वावधान में बीटा-दो स्थित फॉरेस्ट पार्क में चल रहा मधुमेह रोग निवारण शिविर गुरुवार को समाप्त हो गया। 19 मई से चल रहे शिविर में लोगों ने प्राणायाम योग आदि सीखें। समापन शिविर में ग्रेटर नोएडा जिला के दोनों कार्य कार्य क्षेत्र के केंद्र प्रमुख एवं पदाधिकार उपस्थित हुए जिसमें बलजीत नगर, जितेंद्र भाटी, सीमा गुप्ता, अशोक अरोड़ा, बृजेश, कंचन, सीमा, गोविंद बिष्ट, मुकेश शर्मा, पंकज, राजेश, मदन लाल, ललिता प्रसाद, रामवीर, भारतीय योग संस्थान सेक्टर डेल्टा 3 के केंद्र प्रमुख लाखन सिंह आदि के अलावा समाजसेवी ओम प्रकाश चौहान मौजूद रहे। गुरुवार को समापन कार्यक्रम में करीब 155 साधक मौजूद रही, जिसमें



नए सदस्य 26 रही। बीटा-2 की तरफ से दविंदर कुमार सिंगल, श्यामलाल, राजेंद्र, सुभाष, छवि, रामस्वरूप, अमरीश, जागेश्वरी, अरुण वर्मा, समता आदि के सहयोग से इस कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए ए के अरोड़ा ने कहा कि मधुमेह रोग निवारण कैंप से समाज में एक अच्छी जानकारी गई और लोगों ने मधुमेह रोग से बचने के लिए योगाभ्यास सीखे हैं, वह सभी अपनी कक्षाओं में जरूर करें और इसका लाभ उठाएं। शिविर के दौरान 42 साधकों ने रजिस्ट्रेशन कराया, शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ लिया और योग से जुड़ने का प्रण लिया।

इस दौरान कार्यक्रम के संचालक बलजीत नगर ने सभी अधिकारियों और केंद्र प्रमुखों एवं समस्त साधकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने श्याम लाल का विशेष धन्यवाद जिन्होंने पूरी कर्मठता एवं निष्ठा से इस विशेष शिविर को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया, उन्होंने कहा कि उन सभी साधकों को नमन जिन्होंने पांचो दिन कुछ न कुछ प्रसाद के रूप मे वितरित कर पुनीत कार्य मे अपनी भागीदारी की।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी जि0 गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एल0ओ0पी01 योजना के भूखण्ड संख्या-173, BLOCK-B, SECTOR-CHI-03, AREA-510.08 SQM, ALLOTMENT NO.-LOP0170162, SH. RADHEY SHYAM S/O LATE SURAJ BHAN GOEL के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. RADHEY SHYAM S/O LATE SURAJ BHAN GOEL की मृत्यु दिनांक 22.05.2019 को हो गयी है। उक्त भूखण्ड को मृतक आवंटी SH. RADHEY SHYAM S/O LATE SURAJ BHAN GOEL के स्थान पर उक्त भूखण्ड को विल होल्डर की पत्नी SMT. SUNITA AGGARWAL W/O LATE MUKESH AGGARWAL R/O H.NO.-117, RAM VIHAR SPORTS COMPLEX, ANAND VIHAR DELHI-110092 ने विल के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामांतरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय है। SH. RADHEY SHYAM S/O LATE SURAJ BHAN GOEL के स्थान पर विल होल्डर की पत्नी SMT. SUNITA AGGARWAL W/O LATE MUKESH AGGARWAL R/O-H.NO.-117, RAM VIHAR SPORTS COMPLEX, ANAND VIHAR, DELHI-110092 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील गभाना, कार्यालय जिलाधिकारी अलीगढ से प्राप्त वारिसान/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या एस.सी.035929/2024 दिनांक 29.04.2024 में मृतक श्री रविन्द्र सिंह मलिक पुत्र तारीफ सिंह निवासी- 00 ग्राम मोहल्ला नगला जाट माजरा चंडौस ब्लाक/शहर चण्डौस तहसील गभाना जिला अलीगढ 202132, के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पारसौल | 84 444 876 | श्री रविन्द्र सिंह मलिक पुत्र तारीफ सिंह निवासी ग्राम/मोहल्ला नगला जाट माजरा चंडौस ब्लाक/शहर चण्डौस तहसील गभाना जिला अलीगढ। | श्री संतोष रानी<br>श्री अनिल मलिक<br>श्री विमल कुमार मलिक | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र | 67 वर्ष<br>42 वर्ष<br>37 वर्ष | |
| 2 | उस्मानपुर | 545 600 | | | | | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम मे प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
तहसीलदार यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 24 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# चुनाव आयोग के सामने चुनौती

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश कहे जाने वाले भारत में इस समय हो रहे चुनावों में लोकतंत्र की साख ही खतरे में पड़ गई है। यह संभवत: पहली बार है जब आम चुनावों में जनता से जुड़े सारे मुद्दों के अलावा सबसे अहम मुद्दा संविधान की रक्षा का बन गया है। कांग्रेस नेता तो अब अपने प्रचार में बाकायदा संविधान की एक छोटी प्रति साथ ले जाने लगे हैं, जिसे लोगों को दिखाकर वे याद दिलाते हैं कि इस संविधान के कारण ही हमारे नागरिक अधिकार और लोकतंत्र सुरक्षित हैं। मगर भाजपा इस संविधान को ही बदलने का इरादा रखती है। प्रधानमंत्री मोदी इस आरोप को कई बार गलत ठहरा चुके हैं। लेकिन इस बार सात चरणों में हो रहे चुनावों में सत्तारुढ़ दल के साथ-साथ संवैधानिक संस्थाएं जिस तरह से काम कर रही हैं, उससे संविधान और जनाधिकार दोनों को लेकर चिंताएं उपजना स्वाभाविक है।

चुनावों के ठीक पहले इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इसके आंकड़े उपलब्ध कराए। लेकिन बैंक ने इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने में आनाकानी की। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखानी पड़ी और तब जाकर इस मामले की असलियत लोगों के सामने आई। इसी तरह कोविड काल में बनाए गए पीएम केयर्स फंड की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग बार-बार उठती रही है। इस पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई, तो बताया गया कि यह सूचना के अधिकार के अंतर्गत नहीं आता है। जिस कोष में लाखों-करोड़ों रूपयों का दान लिया गया, उसका कोई लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा, यह भी आश्चर्य की बात है। इसी प्रकार ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे और वीवीपैट के मिलान की याचिका जब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई, तब चुनाव आयोग ने ईवीएम पर कई ऐसे खुलासे किए, जिनकी जानकारी इससे पहले जनता को नहीं थी। और अब ऐसा ही एक और प्रकरण सामने आया है, जिसमें चुनाव आयोग ने जानकारी देने से इंकार किया है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) और कॉमन कॉज़ नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान के प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। लेकिन चुनाव आयोग ने इससे इंकार करते हुए कहा है कि फॉर्म 17सी के आधार पर प्रमाणित मतदान प्रतिशत डेटा साझा करने के लिए चुनाव आयोग कानूनन बाध्य नहीं है। आयोग ने अदालत में दिए अपने हलफनामे में कहा है कि वेबसाइट पर मतदान की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी को अपलोड करने से गड़बड़ियां हो सकती हैं। इमेज के साथ छेड़छाड़ की संभावना है। गौरतलब है कि फार्म 17 सी वह महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो हर मतदान केंद्र पर महत्वपूर्ण विवरण दर्ज करता है। इनमें इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की पहचान संख्या, मतदान केंद्र को सौंपे गए पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या और रजिस्टर (फॉर्म 17 ए) के अनुसार वास्तव में मतदान करने वाले मतदाताओं की कुल संख्या शामिल होती है। इसके अतिरिक्त, यह उन मतदाताओं की संख्या को नोट करता है जिन्होंने रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के बाद मतदान नहीं करना चुना या नोटा किया।

यह जाहिर है कि कानून और जनता के विश्वास का हवाला देकर चुनाव आयोग हरेक बूथ पर डाले गए वोटों का आंकड़ा देने से इंकार कर रहा है, जबकि मतदान के बाद वह गिने गए वोटों का आंकड़ा बताता ही है। आयोग के इस रवैये पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने आश्चर्य जताते हुए लिखा है कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा: फॉर्म 17 अपलोड करने का कोई कानूनी आदेश नहीं है जो मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड है। सचमुच चौंकाने वाला है ! यदि गिने गए वोट अपलोड किए गए हैं तो डाले गए वोट क्यों नहीं अपलोड किए जा सकते ? ऐसे आयोग पर हम कैसे भरोसा करें ! इसी तरह आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने भी टिप्पणी की है कि ईसीआई भूल गया है कि हमारे लोकतंत्र में लोगों को सूचना का अधिकार है ! वास्तव में चुनाव संचालन नियमों का नियम 93 लोगों को फॉर्म 17सी सहित चुनाव पत्रों का निरीक्षण करने और उनकी प्रतियां मांगने की अनुमति देता है।

चुनाव आयोग के इंकार के बाद कानून के कई जानकार इस पर सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल शुक्रवार को इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी, तब देखना होगा कि आयोग डाले गए वोटों के आंकड़े सार्वजनिक न करने के और क्या तर्क पेश करता है। लेकिन फिलहाल उसके इंकार से एक बार फिर लोकतंत्र में पारदर्शी चुनाव कराने की उसकी जिम्मेदारी पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। यह भी संभवत: पहली बार ही हो रहा है कि किसी चुनाव में लगातार चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर सड़क से लेकर अदालत तक बार-बार सवाल उठ रहे हैं।

निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। अन्यथा चुनाव कराने की जरूरत ही नहीं है। सत्तारुढ़ भाजपा तो पहले ही अगले शासनकाल की बातें करने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से ऐलान कर दिया था कि अगली बार भी मैं ही झंडा फहराने आऊंगा और अब वे ये दावे भी कर रहे हैं कि किन-किन देशों से उन्हें अगले कार्यकाल के दौरान न्यौता भेजा जा चुका है। भाजपा नेता अगर 4 सौ पार सीटों का दावा कर रहे थे, तो उसमें भी वे जनादेश के प्रति उपेक्षा का भाव दिखा रहे थे।

अपने राजनैतिक फायदे के लिए भाजपा या प्रधानमंत्री मोदी चाहे जो बयान दें, लेकिन देश की संवैधानिक संस्थाओं से तो यही उम्मीद की जाती है कि वे बिना किसी पक्षपात के कार्य करें और उनके हर फैसले में लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन हो। चुनाव आयोग पर इस समय देश नहीं दुनिया की निगाहें हैं, क्योंकि भारत के लोकतंत्र को अन्य देश मिसाल की तरह देखते हैं। इस लोकतंत्र को बचाना ही इस चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। इस चुनौती का सामना करने में चुनाव आयोग कैसी भूमिका निभाता है, यह भी इतिहास में दर्ज होगा।

# कांशीराम के नाम पर राहुल को घेरने की कोशिश

राहुल गांधी ने मान्यवर कांशीराम का अपमान किया है ? यह सवाल इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि इस समय एक संक्षिप्त और एडिट वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। इसमें राहुल गांधी कांशीराम जी के बारे में टिप्पणी कर रहे हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि कांशीराम जी को, उनके पीछे खड़े दलितों की आवाज के जरिए समझने की आवश्यकता है। हिंदुत्ववादी कांशीराम और अंबेडकर को भगवान बना देंगे। लेकिन यह देखना चाहिए कि वे भगवान कैसे बने ? राहुल गांधी यह भी कहते हैं कि दलितों की आकांक्षाओं और संघर्षों के बिना कांशीराम कुछ भी नहीं हैं। 'कांशीराम कुछ भी नहीं हैं', इस आखिरी वाक्य के आधार पर राहुल गांधी को ट्रोल किया जा रहा है। विशेषकर बहुजन-दलित नौजवानों के बीच यह बात प्रसारित जा रही है कि राहुल गांधी ने कांशीराम जी का अपमान किया है। हिन्दुत्ववादियों की यह पुरानी शैली है। गांधी के सामने डॉ अंबेडकर को खड़ा करके हिन्दुत्ववादियों ने सावरकर के लिए रास्ता तैयार किया। बहुजन तबका एक समय तक हिंदुत्ववादियों की इस चाल को नहीं समझ सका। इसका नतीजा यह हुआ कि गांधी और नेहरू की आलोचना करते हुए दलित बहुजन नहीं समझ पाया कि वह सावरकर और गोलवलकर के लिए राजपथ तैयार कर रहा है। वे भूल गए कि बाबा साहब ने हिंदुत्व के विचार की बहुत आलोचना की थी। हिंदू राष्ट्र के विचार को उन्होंने दलितों के लिए सबसे बड़ी आपदा बताया था। आरएसएस को पहचानते हुए ही उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में संघ मुख्यालय के करीब हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया था। दलितों के लिए यह बाबासाहब का बड़ा संदेश था।

1980-90 के दशक में मान्यवर कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक आंदोलन के जरिए बहुजन राजनीति को सत्ता तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। 1995 में पहली बार बसपा ने भाजपा के बाहरी समर्थन से सरकार बनाई। मायावती देश की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। फिर 1997 और 2002 में भाजपा के साथ मिलकर मायावती ने सरकार बनाई। कांशीराम के राजनीतिक विमर्श में कांग्रेस की तीखी आलोचना थी। कांग्रेस केंद्र में सत्ताधारी पार्टी थी। अगड़ी जातियों से आने वाले नेताओं का कांग्रेस में प्रभुत्व था। कांशीराम का बहुजन विमर्श जातियों के वर्चस्व के खिलाफ था। अपने समर्थकों द्वारा साहब नाम से पुकारे जाने वाले कांशीराम ने डॉ. अंबेडकर की वैचारिकी को सत्ता पाने के लक्ष्य में तब्दील कर दिया। सत्ताधारी कांग्रेस की आलोचना करने के लिए कांशीराम ने डॉ. अंबेडकर और गांधी के बीच के विमर्श का बहुजनों में प्रचार किया। पूना पैक्ट (24 सितम्बर,1932) के संबंध में गांधी को बहुजनों के बीच खलनायक बना दिया गया। इस राजनीतिक विमर्श के कारण बहुजनों में गांधी, नेहरू और कांग्रेस के प्रति गहरी वितृष्णा हो गई।

मान्यवर कांशीराम के आंदोलन के समानांतर भाजपा भी अपना प्रभाव जमाने की कोशिश कर रही थी। पिछड़ों के आरक्षण के खिलाफ अगड़ों में भड़की नफरत का राजनीतिक दोहन करने के लिए भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन शुरू किया। कांशीराम भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों को एक ही निगाह से देखते थे। वे कहते थे कि एक नागनाथ है तो दूसरा सांपनाथ। लेकिन कांग्रेस के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन बहुजनों में ज्यादा गहरा था। इधर भाजपा और संघ बहुजनों की बढ़ती ताकत को देख रहे थे। कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा ने कांशीराम का सहयोग किया। कांशीराम ने इसे एक अवसर के रूप में देखा। उनका मानना था कि बहुजनों को अवसरवादी होना चाहिए। दरअसल, उन्हें कभी आसानी से अवसर नहीं मिलते। इसलिए उन्हें कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। इस बात को भी डॉ अंबेडकर के विचार से जोड़ दिया गया। बाबा साहब कांग्रेस के वर्चस्व वाली संविधान सभा में गए। कांग्रेस सरकार में कानून मंत्री बने। लेकिन हिंदू कोड बिल और ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर इस्तीफा देकर बाहर आ गए। बाबा साहब ने कहा था, मैं दलितों के हितों के संरक्षण के लिए संविधान सभा में आया हूं। इसका अर्थ था कि समाज हित में अपने प्रतिद्वंद्वी के प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। कांशीराम ने ऐसे ही अवसर का इस्तेमाल करते हुए लेकिन अपनी शर्तों पर भाजपा के सहयोग से तीन बार सरकार बनाई। 1997 और 2002 में सरकार बनाने के क्रमश: 6 माह और एक साल बाद भाजपा को झटका देकर मायावती ने गठबंधन तोड़ दिया। लेकिन अवसर के इस्तेमाल की इस थ्योरी का बहुजन समाज ने सरलीकरण किया और निजी हित में बहुतेरे नेताओं ने इसका लाभ उठाया। बाबा साहब और मान्यवर का यह कहना कतई नहीं था कि विचारों से समझौता करके और समाज को ताक पर रखकर अवसर का निजी लाभ उठाया जाए।

अवसर की उपयोगिता के आग्रह का लाभ केवल बसपा ने ही नहीं उठाया। भाजपा ने बसपा का समर्थन करके और साझा सरकार बनाकर बहुजनों के मन में एक सॉफ्ट कॉर्नर बना लिया। जबकि कांशीराम और मायावती के निशाने पर लगातार कांग्रेस रही। कांग्रेस द्वारा बाबासाहब को भारत रत्न नहीं दिए जाने का मुद्दा बार-बार उठाया गया। इससे बहुजनों के बीच कांग्रेस की नकारात्मक पुख्ता हुई। अप्रत्यक्ष तौर पर इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा जैसे ही कमजोर हुई, उसके तमाम नेता और कुछ हद तक समाज भी अवसर की तलाश में भाजपा के साथ चला गया। बसपा के समर्थकों के दिमाग के कोने में कहीं आज भी कांग्रेस के खिलाफ एक गुस्सा है; जो कई बार उन्हें अपने समय की चुनौतियों और ज्यादा गंभीर खतरों को भी नहीं देखने देता। यही कारण है कि राहुल गांधी के बयान को बिना सोचे समझे क्रिटिसाइज किया जा रहा है।



प्रो. रविकान्त

> अवसर की उपयोगिता के आग्रह का लाभ केवल बसपा ने ही नहीं उठाया। भाजपा ने बसपा का समर्थन करके और साझा सरकार बनाकर बहुजनों के मन में एक सॉफ्ट कॉर्नर बना लिया। जबकि कांशीराम और मायावती के निशाने पर लगातार कांग्रेस रही। कांग्रेस द्वारा बाबासाहब को भारत रत्न नहीं दिए जाने का मुद्दा बार-बार उठाया गया। इससे बहुजनों के बीच कांग्रेस की नकारात्मक पुख्ता हुई।

जिस तरह आरएसएस ने गांधी के सामने अंबेडकर को लाकर असली विमर्श को मोड़ दिया था और पीछे रहकर राजनीतिक फायदा उठाया था, उसी तरह भाजपा आज राहुल गांधी को कांशीराम और बहुजनों के सामने खड़ा करके हिंदुत्व के खिलाफ लड़ाई को गुमराह करना चाहती है। राहुल गांधी भाजपा और आरएसएस के निशाने पर पहले से ही रहे हैं। गांधी परिवार की छवि खराब करके अपने लिए राजनीतिक दायरा पैदा करना, हमेशा से उनका मकसद रहा है। हिन्दुत्ववादी इसमें बहुत हद तक कामयाब भी हुए हैं। लेकिन राहुल गांधी को टारगेट करने की उनकी शैली का विश्लेषण करना जरूरी है। जब तक राहुल गांधी पारंपरिक कांग्रेसी शैली में बात करते रहे, तब तक उन्हें मंदबुद्धि और पप्पू जैसे शब्दों के जरिए अपमानित किया जाता रहा। उनका मजाक उड़ाया जाता रहा। लेकिन जैसे ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को तरजीह दी और आदिवासी, दलित, पिछड़ों के अधिकारों की बात की तो उन्हें टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल का समर्थक और सहयोगी बताया जाने लगा। राहुल गांधी ने समझ लिया है कि सावरकर और गोलवलकर के हिंदुत्व का मुकाबला सामाजिक न्याय और अंबेडकरवादी मूल्यों के जरिए ही हो सकता है। भारत जोड़ो यात्रा में खुलकर यह बात दिखने लगी। राहुल गांधी ने आदिवासियों को इस धरती का पहला मालिक बताया। उनके जल, जंगल और जमीन के अधिकारों का मुद्दा उठाया। जातिगत जनगणना, आरक्षण के दायरे को बढ़ाना, निजी क्षेत्र और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण बहाल करने जैसे मुद्दों के जरिए राहुल गांधी ने अपनी सामाजिक राजनीतिक प्रतिबद्धता स्पष्ट कर दी। इसी क्रम में वे लगातार दलित बहुजन बुद्धिजीवियों से विमर्श कर रहे हैं। इसी विमर्श का एक प्रसंग है जिसमें राहुल गांधी कहते हैं कि हमारा ध्येय समाज के किसी नायक को भगवान बनाकर पूजना नहीं है बल्कि समाज के संघर्ष और उसकी आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देना है। उस नायक के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। उन्हीं के शब्दों में, 'बीजेपी लोगों की पोजिशनिंग भगवान की तरह करती है, हमारी पोजिशनिंग यह है कि ये भगवान कैसे बना, उसे भगवान किसने बनाया।' उन लोगों की मदद करना, उनको आगे बढ़ाना, उनकी बात करना कांग्रेस की पोजिशनिंग है। यानी कांग्रेस केवल प्रतीकों की राजनीति नहीं करना चाहती। वास्तव में, इस पूरे विमर्श में कहीं भी मान्यवर कांशीराम के लिए कोई अपमानजनक टिप्पणी या शब्द का प्रयोग राहुल गांधी ने नहीं किया है। दरअसल, यह भी बीजेपी-आरएसएस का ट्रैप है जिसमें बहुजन समाज का एक छोटा सा भावुक समुदाय फंस गया है।

# केजरीवाल के खिलाफ मुकदमों के नतीजे पर टिका आप का राजनीतिक भविष्य

■ कल्याणी शंकर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले एक दशक में कई बाधाओं को पार किया है। फिर भी, उनका अटूट लचीलापन प्रेरणा का प्रतीक रहा है। वह और उनकी पार्टी इस वक्त शराब नीति मामले में सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं।

चुनौतियों के बावजूद केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा उनकी अदम्य कर्मठता का प्रमाण है। 49 दिनों के संक्षिप्त कार्यकाल और 2014 में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें हारने के बाद, उन्होंने 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में 70 में से 67 सीटें हासिल करके उल्लेखनीय वापसी की।

पिछले महीने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी, जिसमें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं, ने आम आदमी पार्टी के भविष्य पर अनिश्चितता की छाया डाल दी है। क्या यह पार्टी की राह का अंत होगा, या क्या वे इस तूफान का सामना कर सकते हैं और अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रख सकते हैं ?

शीर्ष अदालत द्वारा केजरीवाल को जमानत देने का फैसला, जिससे उन्हें मौजूदा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने की अनुमति मिल सकी, केजरीवाल के समर्थकों के लिए आशा की किरण है। यह सकारात्मक विकास केजरीवाल की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर अगर उन्हें जनता की सहानुभूति मिलती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित उत्पीड़न और अपने सहयोगियों की कैद को उजागर करते हुए केजरीवाल खुद को दमित व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी जनता को यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि जेल में उनके साथ कैसा दुर्व्यवहार किया गया और कैसे उन्हें इंसुलिन और मधुमेह की दवा देने से इनकार कर दिया गया।

नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी (आप) की स्थापना के बाद से केजरीवाल की गिरफ्तारी पार्टी के लिए सबसे बड़ा संकट है। पार्टी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें आंतरिक संघर्ष, भ्रष्टाचार के आरोप और आम आदमी की पार्टी के रूप में अपनी छवि बनाये रखने की आवश्यकता शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में, इंडिया अगेंस्ट करप्शन के दिनों से केजरीवाल के कई सहयोगियों को हटा दिया गया है, समेत कई ऐसे आरोप हैं। केजरीवाल ने अपने इर्द-गिर्द केंद्रित एक व्यक्तित्व आधारित पार्टी की शुरुआत की है।

आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना काफी नाटकीय रहा है। इसकी शुरुआत 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से हुई थी। पार्टी कुछ ही महीनों के भीतर सत्ता में आ गई, लेकिन 48 दिनों में केजरीवाल का इस्तीफा आश्चर्यजनक नहीं था। हालांकि, अगले दो विधानसभा चुनावों में उन्होंने भारी बहुमत से जीत हासिल कर वापसी की। इन घटनाओं ने पार्टी के राजनीतिक प्रक्षेप पथ और केजरीवाल के लचीलेपन के बारे में जिज्ञासा जगा दी है।

केजरीवाल हमेशा महत्वाकांक्षी रहे हैं। उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया और 2014 में बनारस में मोदी के खिलाफ भी खड़े हुए लेकिन हार गये। इस साहसिक कदम से केजरीवाल और उनकी पार्टी का रुतबा काफी बढ़ गया।

हाल ही में गठित इंडिया गठबंधन, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक गठबंधन है और जिसका उद्देश्य भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देना है, में आप कांग्रेस के अलावा एक से अधिक राज्यों पर शासन करने वाली एकमात्र पार्टी के रूप में खड़ी है। यह गठबंधन उनकी पार्टी के दिल्ली और पंजाब से बाहर विस्तार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

हालांकि, वर्तमान में, आप का केवल 20 निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव पड़ेगा। केजरीवाल का राष्ट्रीय प्रभाव उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आप के पास वर्तमान में लोकसभा में एक और राज्य सभा में दस सीटें हैं। पार्टी ने अन्य राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और अप्रैल 2023 में इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया।

भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना दिलचस्प है। भाजपा या वामपंथी दलों के विपरीत इसका कोई ठोस वैचारिक रुख नहीं है। यह ए.आई.ए. डी.एम.के., डी.एम.के., समाजवादी पार्टी, बीजू जनता दल, या राष्ट्रीय जनता दल जैसी क्षेत्रीय या समाजवादी पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं है। इसके बजाय, इसने भ्रष्टाचार-विरोधी और मुफ़्तखोरी संस्कृति के विकास का समर्थन करके शक्ति प्राप्त की है।

> वर्तमान में, आप का केवल 20 निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव पड़ेगा। केजरीवाल का राष्ट्रीय प्रभाव उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आप के पास वर्तमान में लोकसभा में एक और राज्य सभा में दस सीटें हैं। पार्टी ने अन्य राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और अप्रैल 2023 में इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया।

आप अब दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में आप 13 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। यह गठबंधन केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा के लिए एक आशाजनक दृष्टिकोण पेश करता है। आम आदमी पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक इकाई नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा छोड़े गये शून्य को भरने और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात जैसे राजनीतिक रूप से द्विध्रुवीय राज्यों को लक्षित करने के लिए तैयार है।

मोदी ने 'मोदी की गारंटी' का वायदा किया है, जबकि केजरीवाल ने दस सूत्री एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है। इस एजेंडे में भारतीय भूमि को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराना शामिल है यदि इंडिया ब्लॉक ने केंद्र में सरकार बनाई। दिल्ली को राज्य का दर्जा दिलाना, 24/7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना और मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के वायदे केजरीवाल के राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस को दर्शाते हैं।

दिल्ली शराब नीति मामला आम आदमी पार्टी के लिए असुविधाजनक हो गया है और भाजपा के लिए सुविधाजनक, चूंकि चुनाव चल रहे हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या यह आप के लिए सड़क का अंत है ? क्या गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, संदीप पाठक, राघव चड्ढा और आतिशी जैसे दूसरे पायदान के नेता पार्टी चला सकते हैं, या केजरीवाल अपनी सामान्य किस्मत के साथ वापसी करेंगे ?

केजरीवाल आशावादी हैं और उम्मीद करते हैं कि भाग्य उनका साथ देगा। यह सकारात्मक दृष्टिकोण है। अब तक वह इसी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते गये हैं। अगर उनकी पार्टी मौजूदा लोकसभा चुनाव में सम्मानजनक संख्या में सीटें हासिल कर लेती है तो उनकी लोकप्रियता बढ़ जायेगी। केवल मतदाता ही इस पर निर्णय ले सकते हैं और उनका निर्णय भारतीय राजनीति में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के भविष्य को आकार देगा।

## पावन प्रसंग

# किशोरों को सुसंस्कारी बनाएं

आज की तरुण पीढ़ी अपराध एवं अनुशासनहीनता की दिशा में तेजी से बढ़ती जा रही है। यह प्रवृत्ति न केवल वर्तमान, बल्कि भविष्य के लिए भी घातक है। इससे नैतिकता, सामाजिकता, सच्चचरित्रता जैसे तत्वों के लिए जो सामाजिक सुव्यवस्था के आधार है का संकट उत्पन्न हो गया है। आने वाले बच्चे भी इनका अनुकरण करने लगते हैं तथा समाज में दुष्प्रवृत्तियों के अनुकरण की एक परंपरा चल पड़ती है। इन्हें रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया ही जाना चाहिए। किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है। इस अवधि में उनमें शारीरिक परिवर्तन के साथ-साथ मानसिक आवेगों, संवेगों एवं भावनाओं का प्रवाह चलता रहता है। इस प्रवाह को यदि समुचित दिशा एवं मार्गदर्शन न दिया गया तो बाढ़ के पानी के समान समाज को क्षति ही पहुंचाएगा।

जीवन निर्माण के लिए इस अवस्था का अधिक महत्व है। बनने-बिगड़ने का यही उपयुक्त समय है। उचित दिशा एवं समुचित मार्गदर्शन से किशोर-किशोरियों का भावी जीवन उज्ज्वल बन सकता है। मार्गदर्शन के अभाव में तो उनका समुचित विकास संभव नहीं हो पाता। बचपन के बिदा होते ही उनके अंदर बाल प्रवृत्तियां मचलना, रोना, चंचलता समाप्त होने लगती हैं तथा गंभीरता, धीरता का समावेश होने लगता है। भोलेपन का स्थान समझदारी लेने लगती है; संकोचशीलता की वृद्धि होने लगती है। आरंभ से ही बच्चों में संस्कारों के बीज बो दें तो वे आगे चलकर श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। किशोर की स्वयं की बुद्धि परिपक्व नहीं होती, इसलिए अपने भले-बुरे के विषय में निर्णय लेना उसके लिए संभव नहीं होता। इस समय यदि उसे स्वयं उसी के निर्णय पर छोड़ दिया गया, तो उसके बहक जाने की संभावना सदा बनी रहती है और एक बार पतन की ओर बढ़ जाने पर वह अपने चरित्र को बुरी तरह नष्ट करना आरंभ कर देता है। परिणामस्वरूप उसका जीवन, परिवार एवं समाज के लिए अभिशाप सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में अभिभावकों को विशेष सतर्कता रखनी चाहिए। उनके सद्गुणों के निर्माण में सहयोग देना चाहिए। सुधार की प्रक्रिया मार-पीट, डांट-टपट के रूप में न होकर परामर्श-सुझाव के रूप में चलनी चाहिए।

परिवार की लड़ाई-झगड़े तथा माता-पिता के निकृष्ट आचरण का प्रतिकूल प्रभाव बच्चे के मन पर पड़ता है। शारीरिक तथा मानसिक विकास में इसका विशेष प्रभाव देखा जाता है। माता-पिता के परस्पर झगड़े के कारण किशोर की संवेदनाओं पर गहरी ठेस पहुंचती है तथा उसके अंदर, उदारता, सहानुभूति, सहयोग जैसे मानवोचित गुणों का ह्रास होने लगता है। आगे चलकर ये बच्चे कुसंस्कारी, उद्दंड हो जाते हैं तथा समाज के लिए अनुपायोगी सिद्ध होते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों के निर्माण के लिए परिवार का वातावरण उपयुक्त बनाए रखने के लिए ऐसी गतिविधियां अपनाएं, जिससे उनके ऊपर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। विद्यालय की शिक्षा के साथ ही बालकों की नैतिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। धार्मिक शिक्षा के अंतर्गत बालकों में परस्पर आत्मीयता, सहिष्णुता, उदारता, शिष्टता, श्रमशीलता जैसे सद्गुणों का विकास करना अपेक्षित है। स्वच्छता,, नियमितता, व्यवस्था, ईश्वरीय आस्था का भी उसमें समावेश होना चाहिए। सामाजिक गुणों के विकास के लिए सामाजिक कार्यों में भी भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित करते रहना चाहिए। परिवार के सदस्यों तथा समाज के व्यक्तियों के प्रति उन्हें कैसा व्यवहार करना है, उसका अभ्यास भी इसी अवधि में कराना चाहिए। इससे बच्चों का चरित्र विनिर्मित होता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### राजनीति में शब्दों की मारामारी

शब्द बोलते हैं यह महाभारत कथा की एक पात्र द्रौपदी के कौरवों की करनी पर यह कह देना कि अंधे का पुत्र अंधा ही होता है। मात्र इस एक शब्द के कारण महाभारत युद्ध हो गया। शब्द की मार हथियारों से भी ज्यादा मारक होती है और परस्पर शब्दों की चोट आजीवन लम्बे समय तक बनी रहती है। इंदिरा गांधी के शब्द गरीबी हटाओ का नारा अब तक प्रतिक्रियाओं में जीवित है। राजनीति में शब्दों का इस्तेमाल विरोध और वोट के परिप्रेक्ष्य में ही होता है। शब्द से काम सधता भी है बिगड़ता भी है। एक साधे सब सध जाय, यह बात राजनीति में नहीं चलती। प्रधानमंत्री मोदीजी ने गारंटी शब्द को चलाया तो दिल्ली में 3 अप्रैल को लोकसभा चुनाव प्रचार करने मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचाने की बात कह दी। शब्द ब्रह्म है, राजनीतिक बाजों के लिए यह सोचने का विषय बनता ही नहीं। हाल के विधानसभा चुनाव पूर्व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने शराबबंदी कर देने की घोषणा कर दी। महिलाओं ने बड़ी खुशी से कांग्रेस को कुर्सी पर बिठा दिया, पांच सालों में इस पर अमल नहीं हुआ। जनता ने कुर्सी से हटा दिया। शराब बंदी नहीं करने के जितने भी उपाय गिनाये जाएं जनता के बीच ये सम्मानित नहीं बनते।

**बसंत कश्यप, पाटन डंगनिया**

### आनलाइन ठगी के बावजूद नहीं सम्भल रहा युवावर्ग

ठगी के समाचार हम अखबार में पढ़ते हैं लेकिन दूसरे दिन ऐसी घटना आकार ले लेती है। देश में आनलाइन ठगी की वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर रोज ठग युवाओं को अपने जाल में फंसाते हैं। नौकरी के नाम पर युवा वर्ग ठगा जा रहा है। नौकरी का लालच देकर लाखों की रकम ऐंठ ली जाती है। शिक्षित वर्ग भी इनके झांसे में आ जाते हैं। चंडीगढ़ में नौकरी का लालच देकर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए गए। उत्तरप्रदेश में साइबर थाने खोले गए हैं। हर राज्य में साइबर थाने की जरूरत आ पड़ी है। गूगल पर नौकरी का मैसेज देकर युवा छात्रों को नौकरी के झांसे में फंसाया जाता है। युवा इनके झांसे में आ जाते हैं। देश में कई लोग रोज ठगे जाते हैं जिससे साइबर सेल सक्रिय है और इन ठगों से फिर से वसूली भी कराई जाती है। चंडीगढ़ की छात्रा इस साइबर ठगी की शिकार हुई। इस घटना में हर कार्य पर पचास रुपए देने की बात कही थी। छात्रा को ठगों ने पैसे भी भेजे। जबकि 9100 रुपए का भी पेमेंट ठगों की तरफ से किया गया था। इस तरह की घटना रोजमर्रा की घटना बन गई है। छात्र-छात्राएं ठगे जाते हैं। बावजूद इस तरह की घटना में कमी नहीं आई है। युवा वर्ग झांसे में आते हैं। जब रिकवरी की बात हो या ठगों की पहचान करने की बात नाकाफी है। चंडीगढ़ जैसी अनेक घटनाओं के पीछे युवा वर्ग ठगा महसूस करता है। साइबर थाने से ठग टोली बन्द नहीं होगी। इसके लिए ग्राहकों को मजबूत बनाना पड़ता है। आनलाइन पर आने वाली डिटेल और लालच वाले मैसेज पर कोई भी युवा भरोसा न करे। बार-बार इग्नोर करने पर ठगों का हौसला पस्त जरूर होगा। अपराध जगत में ठग हमारे साथ घटना को अंजाम दे उसके पहले ठगों के मनोबल को तोड़ने और उनकी मीठी भाषा पर पकड़ की जरूरत है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## मैक्सिको में मंच गिरने से नौ लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के उत्तरी प्रांत नुएवो लियोन में राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान मंच के गिर जाने से एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गयी और 50 अन्य लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना उस समय हुई , जब केंद्र-वामपंथी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉर्ज अल्वारेज़् मेनेज़् सैन पेड्रो गार्ज़ा गार्सिया शहर में भाषण दे रहे थे। इसी दौरान मंच अचानक गिर गया।

# 'इजरायली हमले में अब तक पीआरसीएस के 29 सदस्य मारे गए'

**जेरूसलम**, 23 मई (एजेंसियां)। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने गुरुवार को कहा कि गाजा में संघर्ष बढ़ने के बाद से उसके 29 कर्मचारी मारे गए हैं, जिनमें 17 ऐसे कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें मानवीय कर्तव्यों का पालन करते समय निशाना बनाया गया।

■ 17 ऐसे कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें मानवीय कर्तव्यों का पालन करते समय निशाना बनाया गया

पीआरसीएस ने एक्स पर लिखा, फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी मानसिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक नज्म तबासी के निधन पर शोक मनाती है, जो इजरायली सैन्य बलों द्वारा राफा में बमबारी के कारण पत्नी के साथ मारे गये। इससे पहले सात वर्ष सात से 29 अक्टूबर तक गाजा पट्टी में मानवीय कर्तव्यों का पालन करते समय सोसाइट के 17 सदस्यों को इजरायल ने निशाना बनाया था।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य के अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि त्लालेंग मोफोकेंग ने मई में कहा था कि गत सात अक्टूबर को हमास और इजरायल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 492 फिलिस्तीनी स्वास्थ्य कार्यकर्ता मारे गए हैं, जिसके कारण 80 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बंद हैं। हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल की सीमा में घुसकर और गाजापट्टी से




बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था। इस दौरान इज़रायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए था। इसके साथ ही हमास के लड़ाकों ने लगभग 240 अन्य लोगों को अगवा कर लिया था।

इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई के तहत हमले शुरू किए। गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश देते हुए हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमले शुरू किये। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 35,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देना 'आतंकवाद के लिए इनाम' जैसा : नेतन्याहू



**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन द्वारा घोषित एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की मान्यता के खिलाफ चेतावनी दी है। नेतन्याहू ने बुधवार को एक बयान में कहा, फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने का कई यूरोपीय देशों का इरादा है जो आतंकवाद का इनाम है। उन्होंने जोर देकर कहा, यहूदिया और सामरिया (वेस्ट बैंक) में 80 प्रतिशत फिलिस्तीनी 7 अक्टूबर के भयानक नरसंहार का समर्थन करते हैं। इस बुराई को कोई राज्य नहीं दिया जा सकता। इजरायली प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, यह एक आतंकवादी राज्य होगा। यह 7 अक्टूबर के नरसंहार को बार-बार दोहराने की कोशिश करेगा, मगर हम इसके लिए सहमत नहीं होंगे। नेतन्याहू ने कहा, आतंकवाद को पुरस्कृत करने से शांति नहीं आएगी और न ही यह हमें हमास को हराने से रोकेगा।

## इजरायली महिला सैनिकों के अपहरण का वीडियो सामने आया



**तेल अवीव।** हमास द्वारा 7 अक्टूबर को किए गए नरसंहार के दौरान पांच इजरायली महिला सैनिकों के अपहरण का वीडियो फुटेज जारी किया गया है। युवा महिलाओं के माता-पिता इस उम्मीद में बुधवार को वीडियो जारी करने पर सहमत हुए कि भयावह छवियां इजरायल और फिलिस्तीनी इस्लामवादी हमास आंदोलन के बीच एक समझौते में उनकी बेटियों और अन्य बंधकों की रिहाई में योगदान दे सकती हैं। वीडियो में खून से लथपथ घायल युवतियों को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ देखा जा सकता है। ये युवतियां गाजा पट्टी सीमा क्षेत्र में सेना पर्यवेक्षकों के रूप में ड्यूटी पर थीं। वे डरी हुई हैं और उनके हाथ उनकी पीठ के पीछे बंधे हुए हैं। वीडियो में अपहरणकर्ता उन पर चिल्ला रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं। महिलाओं को पहले एक कमरे में रखा जाता है और फिर एक वाहन में ले जाया जाता है, जहां वे फर्श पर एक साथ लेट जाती हैं। बंधक परिवार फोरम ने एक बयान में कहा, यह वीडियो बंधकों को घर लाने में देश की विफलता का एक गंभीर प्रमाण है। इन्हें 229 दिनों बाद छोड़ा गया। बयान में कहा गया, फुटेज से पता चलता है कि अपहरण के दिन लड़कियों ने किस तरह का हिंसक, अपमानजनक और दर्दनाक व्यवहार सहा था, उनकी आंखें खौफ से भरी हुई थीं। वीडियो तीन मिनट से अधिक लंबा है। यह आतंकवादियों द्वारा लिए गए बॉडीकैम फुटेज का संकलन है।

## सुडोकू 6564

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 24 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा। रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा। गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे।

वृषभ - आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन - आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके घर- परिवार में आनंद और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कर्क - आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आपके मन पर नकारात्मक विचार छाए रहने से हताशा अनुभव करेंगे। मन अस्वस्थ रहेगा। घर में मेल-जोल कम रहेगा। मां का स्वास्थ्य खराब होगा। उनके साथ वैचारिक मतभेद होगा।

कन्या - आज जल्दबाजी किए बिना सोच-समझ कर ही कोई काम करें। आज ढंग से प्रयास करेंगे, तो काम में सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगें, तो मनमुटाव हो सकता है। मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

वृश्चिक - आपको शारीरिक मानसिक आनंद की अनुभूति होगी। परिजनों और मित्रों के साथ स्वादिष्ट भोजन और यात्रा का आनंद लेंगे। मेल-जोल के अवसर भी बने रहेंगे। प्रियजनों के साथ के सम्बंध भी अधिक घनिष्ठ होंगे।

धनु - आज आपका दिन थोड़ा तकलीफ देने वाला रह सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। परिजनों के साथ मतभेद होगा। इस कारण कारण आपका मन उदास रह सकता है। स्वाभाविक उग्रता को अंकुश में रखें।

मकर - नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा। सगे- सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी। शुभ अवसरों पर उपस्थित हो सकेंगे।

कुंभ - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे हो सकेंगे। खुशी का अनुभव होगा। नौकरी या बिजनेस के क्षेत्र में समय अच्छा है और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - नकारात्मकता आप पर हावी न हो जाए, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक दुविधा के कारण आपको भय का अनुभव होगा। आपको स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बनी रहेंगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों से संभलकर रहना पड़ेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अगले सप्ताह इजराइल का दौरा करेंगी निक्की हेली

**तेल अवीव,** 23 मई (एजेंसियां)। रिपब्लिकन पार्टी की नेता और अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार निक्की हेली अगले हफ्ते इजरायल का दौरा करेंगी। इस दौरे में निक्की हेली के साथ नेसेट के इजरायल सदस्य डैनी डैनन भी होंगे,जो संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत थे। निक्की हेली भी संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत के रूप में काम कर चुकी हैं। वह अपनी इस यात्रा में किबुत्ज बेरी और कफर अजा क्षेत्रों सहित दक्षिण इजरायल का दौरा करेंगी जो गाजा की सीमा पर लगते हैं। यहां हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को 1200 लोगों की हत्या की थी और 200 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया था। निक्की हेली का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र संस्थानों द्वारा इजरायल के साथ किए गए व्यवहार के कारण 7 अक्टूबर का हमला हुआ। ट्रम्प प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रॉबर्ट ओ%ब्रायन; संयुक्त अरब अमीरात में पूर्व अमेरिकी राजदूत और अब्राहम समझौते के वास्तुकार जॉन राकोल्टा और स्विट्जरलैंड में अमेरिका के पूर्व राजदूत एड मैकमुलेन भी कुछ दिनों पहले इजरायल का दौरा कर चुके हैं। ट्रंप के करीबी नीति सलाहकारों की उपस्थिति और रिपब्लिकन नेता और राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की संभावित साथी निक्की हेली के इस दौरे से ऐसे संकेत मिलते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी इजरायल को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करेगी।

### सुनक ने राष्ट्र को किया संबोधित

# ब्रिटेन में आम चुनाव चार जुलाई को होंगे

**लंदन,** 23 मई (एजेंसियां)। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आगामी चार जुलाई को देश में आम चुनाव कराए जाने की घोषणा की है। श्री सुनक ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, आज मैंने संसद को भंग करने का अनुरोध महामहिम सम्राट से किया। महामहिम ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। देश में 04 जुलाई को आम चुनाव होंगे। प्रधानमंत्री की घोषणा नए आर्थिक आंकड़ों के आने के कुछ घंटों बाद हुई है जिससे पता चलता है कि देश में मुद्रास्फीति तेजी से गिरकर 2.3 प्रतिशत हो गई है, जो लगभग तीन वर्षों में सबसे निचला स्तर पर है। सत्तारुढ़ कंजर्वेटिव पार्टी इसे एक सुखद उपलब्धि मान रही है। जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री की पांच प्रतिज्ञाओं में मुद्रास्फीति को आधा करना शामिल था, जो 2022 के अंत में 11 प्रतिशत हो गया था। श्री सुनक ने कहा कि नवीनतम आंकड़े अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रमुख क्षण को चिह्नित करते हैं और



उज्जवल भविष्य दिखलाते हैं। श्री सुनक की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि यह एक ऐसा क्षण है जिसकी देश को आवश्यकता है और वह इसका इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य आपके हाथों में है। एक साथ मिलकर हम अराजकता को रोक सकते हैं, भविष्य सकते हैं और देश का पुनर्निर्माण शुरू कर सकते हैं और अपने देश को बदल सकते हैं। लिबरल डेमोक्रेट्स के नेता एड डेवी ने कहा कि यह सरकार संपर्क से बाहर है।

# रूसी सैन्य बलों के साथ संघर्ष में यूक्रेन के 420 सैनिक मारे गए

**मॉस्को,** 23 मई (एजेंसियां)। रूस के त्सेंट्र (सेंटर) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में संघर्ष के दौरान पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 420 सैनिकों को मार दिया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यूक्रेन के 420 सैन्यकर्मियों और जर्मनी निर्मित मार्डर पैदल सेना लड़ाकू वाहन सहित तीन बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके समूह ने डीपीआर में यूक्रेन द्वारा किए गए सात जवाबी हमलों को भी विफल कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि रूस के उत्तरी सैन्य समूह



ने यूक्रेन के खार्कोव क्षेत्र में तीन जवाबी हमलों को विफल कर दिया है और यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने 255 सैनिकों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि रूसी सशस्त्र बलों ने डीपीआर में क्लिशचिवका गांव पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है।

## रूस के बेलगोरोड शहर में 20 से ज्यादा विस्फोट

**मॉस्को।** यूक्रेन की सीमा से लगभग 40 किमी उत्तर में स्थित रूस के शहर बेलगोरोड में गुरुवार को मिसाइल चेतावनी अलर्ट के बीच 20 से ज्यादा विस्फोट सुनाई दिए। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार बेलगोरोड शहर के केंद्र में स्थित कैथेड्रल स्क्वायर के समीप मिसाइल चेतावनी अलर्ट के बीच 20 से अधिक विस्फोट सुनाई दिए।

## चीनी का ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू

**नानजिंग**, 23 मई (एजेंसियां)। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पूर्वी थिएटर कमांड ने गुरुवार सुबह ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास ताइवान जलडमरूमध्य, ताइवान द्वीप के उत्तर, दक्षिण और पूर्व के साथ-साथ किन्मेन, मात्सू, वुकिउ और डोंगयिन द्वीपों के आसपास के क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। थिएटर कमांड के प्रवक्ता ली शी ने कहा कि थिएटर कमांड की सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बल सहित सैन्य सेवाओं द्वारा गुरुवार से शुक्रवार तक संयुक्त अभ्यास, कोड-नाम संयुक्त तलवार-2024 ए आयोजित किया जा रहा है। ली ने कहा कि यह अभ्यास संयुक्त समुद्री-हवाई युद्ध-तत्परता गश्त, व्यापक युद्धक्षेत्र नियंत्रण और प्रमुख लक्ष्यों पर संयुक्त सटीक हमलों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में ताइवान द्वीप के आसपास के क्षेत्रों में जहाजों और विमानों की गश्त और कमांड बलों की संयुक्त वास्तविक युद्ध क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए द्वीप श्रृंखला के अंदर और बाहर एकीकृत संचालन शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान स्वतंत्रता बलों के अलगाववादी कृत्यों के लिए कड़ी सजा और बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेप और उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी के रूप में भी काम करता है।

## वर्ग पहेली 6564

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. सामान्य हितों की रक्षा के लिए संघठित संस्था, समूह, राशि
३. दुखद, अफसोसनाक (उर्दू)
५. रक्त सिरा, नस
६. अनाथालय (उर्दू)
७. पंडितों के लिए एक आदरसूचक संबोधन
९. गांव, ग्राम
१०. दूसरे के अधीन
१२. भर्त्सना (उर्दू)
१३. दुर्भाग्य सूचक ग्रहयोग
१४. भीख मांगते हुए घूमना
१६. लहर
१८. मुग्ध करने वाला
२०. चितकबरा
२१. प्रस्थान (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मददगार
२. किसी कार्य के बनने-बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. संतोष की बात (उर्दू)
४. जो किसी काम का न हो, निकम्मा (उर्दू)
५. 'मनीआर्डर'
८. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
१०. इम्तहान
११. बखान
१२. उत्पादन व्यय
१३. कठिन, जटिल, विषम
१४. दीवारों पर बना चित्र
१५. बूंद-बूंद करके गिरना
१७. रंगयुक्त आशिक मिजाज
१८. लड्डू
१९. किसी काम को अंजाम देना
२२. भीगा हुआ, तर

### वर्ग पहेली-6563

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ध | म | २ त | री | ■ | ■ | ३ ग | जा | ४ न | न |
| र्म | ■ | दु | ■ | ५ प | र्व | ण | ■ | जा | ■ |
| ६ शा | स | प | त्रि | त | ■ | ७ रा | त | रा | ८ नी |
| ल | ■ | रां | ■ | ९ वा | णि | ज्य | ■ | ■ | म |
| ■ | १० इ | त | ११ वा | र | ■ | ■ | १२ शे | र | पा |
| ■ | च्छु | ■ | र | ■ | १३ प्र | मु | ख | ■ | ग |
| १४ प्र | क | १५ र | ण | ■ | बं | ■ | १६ र | १७ म | ल |
| शं | ■ | वा | ■ | १८ रो | ध | १९ क | ■ | द | ■ |
| २० सि | वा | य | ■ | क | ■ | २१ लं | बो | द | २२ र |
| त | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1218 - पांचवां धर्मयुद्ध एकर से मिस्र तक चला।
1276 - मैग्नस लाडुलस स्वीडन के राजा बने।
1543 - पोलैंड के खगोलविद निकोलस कापरनिकस का निधन। उन्होंने सिद्धांत दिया था कि पृथ्वी समेत सभी ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं और पृथ्वी अपनी धुरी पर भी घूमती है।
1689 - ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट इसाईयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी।
1787 - अमेरिकी संविधान सभा का उद्घाटन।
1824 - अंग्रेजों ने प्रथम आंग्ल-वर्मा युद्ध मे रंगून और वर्मा पर कब्जा कर लिया।
1875 - सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ में मुहम्मदीन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की जो वर्तमान में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है।
1883 - ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया।
1915 - थॉमस अल्वा एडिसन ने टेलीस्क्राइब का अविष्कार किया।
1931 - पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गई।
1959 - साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया।
1985 - बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान से दस हजार लोगों की मौत।
1986 - मार्गरेट थैचर इजरायल का दौरा करने वाली ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बनीं।
1994 - मीना (सऊदी अरब) में हज से जुड़े एक समारोह के समय भगदड़ मचने से 250 लोगों से भी अधिक हाजियों की मौत।
1994 - न्यूयार्क सिटी में 1993 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमला करने वाले चार आरोपियों में से प्रत्येक को 240 वर्ष कैद की सजा सुनाई इजरायली सेना वापस लौटी।
2001 - नेपाल के 15 वर्षीय शेरपा तेंबा शेरी माउंट एवरेस्ट की चोटी को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बने।

### तैयारी — शरीफ सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ीं

# विपक्ष की इस्लामाबाद तक लंबे मार्च की योजना

**इस्लामाबाद**, 23 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार के लिए कठिन समय आने वाला है। देश में एक बड़ा विपक्षी गठबंधन बन रहा है। यह बड़े पैमाने पर रैलियां, विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार को 'गिराने' की योजना बना रहा है।

8 फरवरी के चुनाव के बाद बनी मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार मुश्किल में है। देश में राजनीतिक अस्थिरता लगातार नुकसानदेह बनी हुई है।

■ शरीफ की गठबंधन सरकार को 'गिराने' की योजना बना रहा विपक्ष

सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के तहत नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के शीर्ष नेतृत्व और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के बीच महत्वपूर्ण बैठकें शुरू हो चुकी हैं।

विपक्ष देश में जल्द चुनाव कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने की योजना बना रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि जेयूआई-एफ नेता मौलाना फजल-उर-रहमान राजनीतिक दलों के विपक्षी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के अध्यक्ष थे, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ हाथ मिलाया और बाद में संसद में अविश्वास मत के माध्यम से उनका निष्कासन सुनिश्चित किया।



फजल-उर-रहमान ने पीटीआई और इमरान खान पर भारत एवं इजरायल से फंडिंग का आरोप लगाया था। इसके अलावा उन्होंने पार्टी नेताओं पर विदेशी एजेंट होने का आरोप लगाया जो पाकिस्तान में अराजकता और अस्थिरता फैलाने के लिए काम कर रहे थे। दूसरी तरफ इमरान खान ने अतीत में विभिन्न राजनीतिक रैलियों और अभियानों के दौरान फजल-उर-रहमान को डीजल और मौलाना डीजल करार दिया। हालांकि, अब दोनों पक्ष विपक्ष में बैठे हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने अपने मतभेदों को भुला दिया है और सत्तारूढ़ सरकार को गिराने के लिए हाथ मिला लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक मजबूत विपक्षी गठबंधन शरीफ सरकार के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है।

## दुनिया को जानें

# अमेरिका में शराब से अधिक गांजे का उपयोग

**वाशिंगटन,** 23 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में गांजे के उपयोग में तेजी से वृद्धि देखी गयी है। हाल में किए गए एक अध्ययन में वर्ष 1979 से 2022 तक के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन से पता चला है कि लगभग दैनिक गांजे का सेवन करने वालों की संख्या अब शराब पीने वालों से अधिक है। अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता जोनाथन पी. कॉल्किन्स ने कहा कि आंकड़ों के सर्वेक्षणों में गांजे के उपयोग की दरों में काफी बदलाव का संकेत देता है। उन्होंने पाया कि यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक है कि भांग का उपयोग अब शराब पीने की तुलना में अधिक देखा गया है। कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन में पूरे अमेरिका में दीर्घकालिक उपयोग की जांच की गई। अध्ययन में पाया गया कि 1992 में गांजे का उपयोग कम हो गया और 2008 में आंशिक रूप से बढ़ गया और तब से इसमें पर्याप्त वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2008 और 2022 के बीच, पिछले वर्ष उपयोग की रिपोर्ट करने की प्रति व्यक्ति दर में 120 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# प्रादेशिकी

## भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज और भी अधिक प्रासंगिक : शुक्ल

**रिकांगपिओ।** लाहौल-स्पीति बौद्ध सेवा संघ शिमला द्वारा इंडो-तिब्बत फ्रेंडशिप सोसायटी शिमला के सहयोग से गुरुवार को भगवान बुद्ध की 2568वीं जयन्ती के अवसर पर दोरजे डरैक बौद्ध विहार पंथाघाटी शिमला में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि रहे। राज्यपाल ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध द्वारा दी गई करूणा, शांति तथा मोक्ष की शिक्षाएं समय, संस्कृति तथा सरहदों से परे करोड़ों लोगों को आत्मिक शांति तथा सार्वभौमिक भाईचारे के पथ पर चलने के लिए प्ररित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका संदेश आज और भी ज्यादा प्रासंगिक है क्योंकि हम इस आधुनिक संसार में प्राय: मतभेद और भौतिकवाद से जूझ रहे हैं। भगवान बुद्ध का जीवन तथा इनकी शिक्षाएं आत्मविश्लेषण, नैतिक जीवनशैली तथा ज्ञान की खोज की महत्वता पर बल देती हैं। उनके चार महान सत्य तथा अष्टांगिक मार्ग व्यक्तिगत तथा सामूहिक सौहार्द प्राप्त करने का उत्तम साधन है जो सदैव प्रासंगिक रहेगा।

# खड़गे कल तो प्रियंका 29 को करेंगी चुनावी जनसभा : हरिकृष्ण हिमराल





**शिमला,** 23 मई। हिमाचल प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की प्रस्तावित जनसभाएं तय कर दी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 25 मई को तो पार्टी महासचिव 29 व 30 को चुनावी जनसभाएं करेंगीं। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल ने दी। उन्होंने बताया कि अगले एक सप्ताह तक पार्टी के सभी स्टार प्रचारक सभी जिलों में बड़ी चुनावी जनसभाएं करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के सभी स्टार प्रचारक 27,28,29 व 30 मई को सभी जिलों में रैलियां करेंगे। स्टार प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, शशिथरूर, सचिन पायलट समेत, प्रभारी राजीव शुक्ला, संगठन महासचिव वेणुगोपाल, आनंद शर्मा व सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत सभी 40 नेता सभी संसदीय क्षेत्रों में बड़ी रैलियां करेंगे।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली 25 मई को शिमला के रोहड़ू में प्रस्तावित है जबकि स्टार प्रचारक व महासचिव प्रियंका गांधी 27, 28 , 29 व 30 मई को मंडी,शिमला और सोलन में बड़ी रैलियां करेंगी। तो वहीं स्टार प्रचारक व वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की 26 मई को ऊना व नाहन में चुनावी जनसभा प्रस्तावित है। प्रियंका गांधी की शिमला के रोहड़ू व नेरवा में चुनावी रैली प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा अन्य स्टार प्रचारकों का शेड्यूल भी बनाया जा रहा है। हरिकृष्ण हिमराल ने बताया

- राहुल गांधी 26 मई को ऊना और नाहन में करेंगे बड़ी रैलियां
- लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की जनसभाएं प्रस्तावित

कि चुनावी जनसभाओं के दौरान पार्टी के न्याय पत्र और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जन- जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी के हिमाचल दौरे से पहले पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हिमाचल में आने पर स्वागत है लेकिन जिस तरह का नकारात्मक रवैया उनका आपदा के समय हिमाचल के साथ रहा है। उस दौर को याद कर पीएम मोदी को जरूर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर हिमाचल को दूसरा घर बताने वाले मोदी जी ने आपदा के समय हिमाचल की जनता के साथ क्यों भेदभाव किया कल प्रदेश की जनता उनसे सवाल जरूर पूछेगी। उन्होंने कहा कि खजाना खाली होते हुए भी सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावितों की दिन रात सहायता की और इसके अलावा 4500 करोड़ रुपए का आपदा राहत कोष भी बनाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भलीभांति जानती है कि जनता के हित के लिए किसने काम किया है और किसे सत्ता में रहना चाहिए किसे नहीं।

## हिमाचल में आज मोदी करेंगे जनता को संबोधित

**शिमला,** 23 मई (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के हिमाचल पधारने पर के लिए उनका आभार जताते हुए कहा कि पूरा हिमाचल प्रदेश नरेन्द्र मोदी के स्वागत को बेताब हैं। वह अपने लोकप्रिय नेता को देखने और सुनने के लिए भारी संख्या में आ रहे हैं। जनसभा में पहुंचने और प्रधानमंत्री को सुनने में किसी को कोई असुविधा न हो उसके लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को हर जगह तैनात किया गया है। सभी के दायित्व निर्धारित। है और सभी अपने-अपने काम में लगे हैं। जिस तरह नरेन्द्र मोदी का हिमाचल से विशेष लगाव है वैसे प्रदेशवासी भी प्रधानमंत्री को विशेष स्नेह देते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल के सिरमौर ज़िला के नाहन के चौगान और मण्डी के पड्डल में जनसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। इस दौरान प्रदेश के कोने-कोने से भारी संख्या में लोग जनसभा स्थल पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हिमाचल के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। आज हिमाचल में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे विकसित हुए, फ़ोर लेन से लेकर, टनल और सड़कों का जाल बिछा है। पीएमजीएसवाई के तहत रिकॉर्ड सड़कें बन रही हैं।

# अच्छा होता, मोदी आपदा में आकर हिमाचल का हाल भी जानते: कांग्रेस





आपदा में मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिल्ली जाकर मोदी और केंद्रीय नेताओं से मिलकर राहत पैकेज देने की मांग की लेकिन केंद्र सरकार ने एक फूटी कौड़ी नहीं दीं : हर्षवर्धन चौहान

**शिमला,** 23 मई (देशबन्धु)। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केवल चुनाव में हिमाचल प्रदेश की याद आती है और वह वोट माँगने हिमाचल प्रदेश आते हैं। चुनाव के दिनों में हिमाचल आकर मोदी सेपु बड़ी और मदरे जैसी बातें कर वोट की राजनीति करते हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश के साथ उनका कोई भावनात्मक लगाव नहीं है। अगर हिमाचल और हिमाचल के लोगों के साथ वाक़ई उनका कोई रिश्ता होता, तो राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी में वो हिमाचल आकर प्रभावितों का हाल ज़रूर जानते और मदद करते। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात में हिमाचल प्रदेश में इतिहास की सबसे बड़ी आपदा के दौरान 550 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 22 हजार से अधिक परिवार प्रभावित हुए। लेकिन प्रधानमंत्री ने तो मृतकों के परिवारों के साथ कोई संवेदना प्रकट की और न ही हिमाचल प्रदेश के जख्मों पर मरहम लगाया। चौहान और नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू बार-बार दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय नेताओं से मिले और उनसे हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष राहत पैकेज देने की मांग की। लेकिन केंद्र सरकार ने 22 हजार आपदा प्रभावित परिवारों को एक फूटी कौड़ी नहीं दी। राज्य की कांग्रेस सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज देकर उन्हें फिर से बसाया है, जबकि केंद्र सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है। एक संयुक्त वक्तव्य में दोनों ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश के विकास को नज़र अंदाज़ किया गया और डबल इंजन की सरकार के नाम पर प्रदेश के लोगों को धोखा दिया। नतीजा यह हुआ कि हिमाचल प्रदेश कर्ज़ की दलदल में फंसता चला गया है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेब पर आयात शुल्क बढ़ाकर तीन गुणा करने का वादा किया था, लेकिन उसे निभाया नहीं। उल्टे सेब पर आयात शुल्क घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया, जिससे हिमाचल प्रदेश के सेब बाग़वानों की कमर टूट गई है।

**सार संक्षेप**

### मुख्यमंत्री सुक्खू जनता के लिए कुछ नहीं कर पाए : ठाकुर

**सुजानपुर/धर्मपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा है कि सर्वविदित है कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की देन है। मगर या तो मुख्यमंत्री सुक्खू की याददाश्त कमजोर है या उन्हें भाजपा के किए कामों की क्रेडिट लेने की बीमारी लग गई है। श्री सुक्खू गली-गली घूम कर मेडिकल कॉलेज पर सिर्फ़ झूठ बोल कर सिर्फ़ अपने अपरिपक्व राजनीति का परिचय दे रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि 16 महीनों के शासन में मुख्यमंत्री सुक्खू जनता के लिए कुछ नहीं कर पाए, अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाए तो अब चुनाव के समय जन आक्रोश से बचने के लिए भाजपा के कार्यों को अपना बताकर बेचना चाह रहे हैं। अच्छा होगा अगर मुख्यमंत्री दूसरे के काम चुराने से ज्यादा अपने सरकार के कार्यों पर ध्यान दें क्योंकि ये 'पब्लिक है, सब जानती है।' उन्होंने कहा, ''चार जून को कांग्रेस बेहद बुरी तरह हमीरपुर लोकसभा सीट हार रही है।

### इंडिया समूह 'चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात' : बिंदल

**नाहन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इंडिया समूह की तुलना चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात से की है। डॉ बिंदल ने कहा कि चार जून के बाद इंडिया समूह का कोई अस्तित्व नहीं रहेगा और हिमाचल प्रदेश में तो इसका कोई प्रभाव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में इंडिया समूह को लीड कर रही है, लेकिन अभी तक उसके किसी भी सहयोगी पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के नेता को अपना नेता नहीं माना है। डॉ. बिंदल ने यह भी कहा कि उन्होंने कई बार कांग्रेस और इंडिया समूह से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में पूछा है, लेकिन उन्हें कोई उत्तर नहीं मिला। उनका दावा है कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में 50 से कम सीटें जीत पाएगी और हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से बेहद असंतुष्ट है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और पैसे की बर्बादी के आरोप लगाए और कहा कि जनता इस झूठी सरकार से परेशान है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल के विकास के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।

### डोडा पोस्त बरामदगी मामले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में स्पेशल टास्क फोर्स (एसआईटी) टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए लाखों रुपए की डोडा पोस्त बरामदगी मामले में वांछित आरोपी को पंजाब के लुधियाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरीश कुमार है। आरोपी फतेहाबाद जिले के धांगड गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को आज अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर ले लिया है।

### सुडोकू 6564 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

# चारधाम यात्रा व्यवस्था को लेकर केन्द्रीय गृह सचिव ने ली बैठक

**देहरादून,** 23 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं पर केंद्र सरकार बराबर नजर बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को

- मुख्यमंत्री राधा रतूड़ी ने किया वर्चुअली प्रतिभाग
- केन्द्र सरकार ने दिया यात्रा में सहयोग का भरोसा

लेकर केंद्रीय गृह सचिव की बैठक हुई। जिसमें उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। साथ ही चारधाम यात्रा को लेकर सरकारी के प्रयासों की जानकारी दी। केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा में सहयोग करने की बात कही।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2024 को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कहना है कि यात्रा में सभी व्यवस्थाएं अच्छी चल रही हैं। सभी श्रद्धालुओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा रही है। केंद्रीय गृह सचिव ने हमारा समर्थन करने के लिए आज एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की थी। उन्होंने हमसे पूछा कि क्या हमें किसी मदद की जरूरत है? अगर है तो केंद्र सरकार समर्थन और सहयोग करेगी। इसके अलावा मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि केंद्रीय गृह सचिव की ओर से ये भी कहा गया कि आईटीबीपी, एनडीआरएफ के अतिरिक्त बल यहां हैं और उनका उपयोग यात्रा में भीड़ प्रबंधन के लिए किया जा सकता है। उत्तराखंड में सबसे ज्यादा तीर्थयात्री उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से आते हैं। ऐसे में उन राज्यों के मुख्य सचिवों से बात कर ली है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगे कहा कि केंद्रीय गृह सचिव ने भी उनसे बात की है। उनसे कहा गया है कि तीर्थयात्री जिस तारीख को आए, उसी दिन का पंजीकरण कराकर ही चारधाम की यात्रा पर आएं। इससे व्यवस्था बनी रहेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अभी यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। वहीं, उत्तराखंड में आचार संहिता की पाबंदी पर भी अपनी बात रखी। सीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखंड में 19 अप्रैल को चुनाव संपन्न हो गया है। ऐसे में चुनाव आयोग से अनुमति ली गई है। जिसके तहत चारधाम, वनाग्नि और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी कामों को लेकर चुनाव आयोग ने उत्तराखंड को छूट दी है।

## बद्रीनाथ धाम में रील और वीडियो बनाने वाले 15 यात्रियों के चालान

**चमोली।** बद्रीनाथ धाम मंदिर परिसर में बुधवार को रील और वीडियो बनाने पर 15 यात्रियों का चालान किया गया। साथ ही पुलिस ने आठ घंटे तक उनके मोबाइल जब्त रखे। बतादें कि प्रदेश सरकार ने चारों धामों में मंदिर परिसर में 50 मीटर के दायरे में रील बनाने और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिसके चलते बुधवार को बद्रीनाथ मंदिर परिसर में मोबाइल से रील और वीडियो बनाने हुए पुलिस ने 15 यात्रियों को पकड़ा। पुलिस ने सभी के मोबाइल जब्त कर लिए। करीब आठ घंटे बाद सबका 500-500 रुपए का चालान कर मोबाइल लौटा दिए। कोतवाल नवनीत भंडारी ने बताया कि मंदिर परिसर में रील बनाने वालों में बंगाल, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य क्षेत्रों के यात्री शामिल थे। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति नहीं संभली तो रील और वीडियो बनाने वालों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय में चारधाम यात्रा को लेकर डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में केवल दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को जाने दिया जाए।

# बिना पंजीकरण वाले तीर्थयात्री को लौटाया जाएगा : सीएस

**देहरादून,** 23 मई (देशबन्धु)। बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ

- सराकर ने देश के सभी राज्यों को जारी की एडवाजरी

यात्रियों को लौटाया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी जारी की है। चारधाम यात्रा के लिए उमड़ी भारी भीड़ की वजह से सरकार को व्यवस्थाएं बनाने में मुश्किलें हो रही हैं। अब तक चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो चुका है। चारों धाम में भारी भीड़ को देखते हुए सरकार ने पंजीकरण का सख्ती से अनुपालन शुरू कर दिया है। इस कड़ी में बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी भेजी। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी राज्य के तीर्थ यात्री बिना पंजीकरण आते हैं तो उन्हें जांच के बाद रोक दिया जाएगा। ऐसे तीर्थ यात्रियों को लौटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि जो भी चारधाम यात्रा पर आना चाहते हैं, वह पंजीकरण में जो तिथि मिली है, उसी पर आएं। इससे चारधाम यात्रा प्रबंधन में राज्य सरकार को आसानी होगी। उन्होंने सभी टूर ऑपरेटरों व ट्रैवल एजेंटों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वह यात्रा शुरू करने से पहले पंजीकरण जांच



लें। ताकि उन्हें बाद में परेशानी न हो। उन्होंने राज्यों से अनुरोध किया है कि वे सभी तीर्थ यात्रियों को इसके प्रति जागरूक करें।

चारधाम यात्रा के लिए अब तक 31 लाख 18 हजार 926 पंजीकरण हो चुके हैं। केदारनाथ के लिए 10 लाख 37 हजार 700, बद्रीनाथ के लिए नौ लाख 55 हजार 858, गंगोत्री के लिए पांच लाख 54 हजार 656 और यमुनोत्री के लिए चार लाख 86 हजार 285 पंजीकरण हुए हैं।

## रजिस्ट्रेशन को लेकर श्रद्धालुओं के साथ एक और फर्जीवाड़ा, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार,** 23 मई (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा के लिए कराए गए आनलाइन पंजीकरण में महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया हैं। जांच के दौरान सामने आए फर्जीवाड़े के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बीते रोज पुष्कर थिटे पुत्र रामकृष्ण थिटे निवासी लाथूर महाराष्ट्र द्वारा कनखल थाने में तहरीर देकर बताया गया कि 20 मई को उनके द्वारा स्वंय व अपने 8 साथियों के लिए एक ट्रेवलर्स के कथित स्वामी सुमित से यात्रा पैकेज लिया गया। जिसमें उनके लिए 2 गाडियां, ठहरने के लिए होटल व यात्रा रजिस्ट्रेशन शामिल है जिसकी कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए थी जिसमे से 96 हजार रुपए भुगतान किए गए थे व शेष 36 हजार रुपये यात्रा के दौरान दिए जाने थे। 22 मई को यानि बीते रोज वादी व उसके साथी दो गाड़ियों से बैरागी कैम्प कनखल हरिद्वार पंहुचे जहां पर पुलिस बैरियर पर चारधाम यात्रा के वाहनो की सघन चेकिंग के दौरान उनके व उनके साथियों के यात्रा रजिस्ट्रेशन लेटर को चौक किया गया तो उसमे यात्रा की तिथि 21 से 26 मई थी परन्तु पुलिस द्वारा स्कैन करने पर पाया कि उक्त लोगों की यात्रा की वास्तविक तिथि 21 से 26 जून तक है। इस पर वादी को जानकारी हुयी कि उसके साथ सुमित द्वारा उत्तराखण्ड टूरिज्म डप्लिममैन्ट बोर्ड के यात्रा रजिस्ट्रैशन लेटर मे कूटरचना कर फर्जी रजिस्ट्रेशन लेटर देकर धोखाधड़ी की गई है। तहरीर के आधार पर थाना कनखल में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गयी है।

# पुलिस ने एम्स में फिल्मी अंदाज में इमरजेंसी वार्ड में दौड़ाई जीप

**ऋषिकेश,** 23 मई (देशबन्धु)। एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग ऑफिसर के द्वारा महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ के मामले में शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं आरोपी डॉक्टर को पकड़ने के लिए पुलिस ने फिल्मी अंदाज में इमरजेंसी से जीप दौड़ा दी। पुलिस की इस कार्रवाई का यह वीडियो खूब चर्चा में है। एम्स ऋषिकेश के इतिहास में ऐसी पहली घटना घटी, जिससे हर कोई हैरान है। पुलिस का वाहन चौथी मंजिल के वार्ड में अचानक घुस गदरसअसल, एम्स में एक नर्सिंग ऑफिसर ने ऑपरेशन के दौरान महिला चिकित्सक से छेड़खानी की। घटना से जेआर व एसआर आक्रोशित हो गए और



आरोपी को गिरफ्तार कर उनके सामने से ले जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस को आरोपी को अभिरक्षा में लेने के लिए करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एम्स प्रशासन ने चिकित्सक को निलंबित कर दिया है।, मरीजों के बेड के बीचों-बीच से गति से पुलिस का वाहन गुजरा। जिससे यहां मरीजों में हड़कंप मच गया। घटना सोमवार शाम सात बजे की है। बताया जा रहा है कि जनरल सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थिएटर में दो महिला चिकित्सक व एक पुरुष चिकित्सक के साथ ही एक पुरुष नर्सिंग ऑफिसर सतीश कुमार मौजूद आरोपी है कि उसने महिला चिकित्सक को व्हाट्सएप पर अनुचित मैसेज भी भेजे। इतना ही नहीं, आरोपी ने फांसी लगाने संबंधी स्टीकर भेजकर मानसिक उत्पीड़न और डराने का प्रयास भी किया। पीड़ित महिला चिकित्सक ने इस संबंध में सोमवार देर शाम ही एम्स प्रशासन के साथ पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

ऑपरेशन के दौरान नर्सिंग ऑफिसर सतीश कुमार ने एक महिला चिकित्सक को छेड़ने का प्रयास किया।

## चुनावों के दौरान पकड़ी गई 75 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगदी

**चंडीगढ़,** 23 मई (एजेंसियां)। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजंसियों ने अब तक कुल 18.56 करोड़ रुपए की नकद राशि के अलावा 56.88 करोड़ रुपए की अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती वस्तुयें जब्त की हैं। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75.44 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18.36 करोड़ रुपए की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और कीमती वस्तुएं जब्त की गयी थीं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) लगातार निगरानी रखे हुए हैं और कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान 13.31 करोड़ रुपये की कीमत की 4.05 लाख लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी गई हैं। एजेंसियों ने 14 करोड़ रुपए की कीमत के मादक पदार्थ जब्त भी किए हैं। इस अलावा 26.12 करोड़ रुपए के कीमती सामान और 3.42 करोड़ रुपए की अन्य वस्तुओं को भी जब्त किया गया है।

# लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

## बुद्ध पूर्णिमा स्नान के लिए पुलिस प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े प्रबंध

■ अमरनाथ तिवारी

**हरिद्वार,** 23 मई (देशबन्धु)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध हरिद्वार की हर की पौड़ी पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ पहुंची हुई है। मान्यताओं के अनुसार आज के दिन पवित्र गंगा में स्नान करने के बाद दान और पुण्य का एक अलग ही महत्व है। कहा जाता है इस दिन भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इसी कारण बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्नान करने का विशेष महत्व है। बुद्ध पूर्णिमा के स्नान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हुए हैं।

बुद्ध पूर्णिमा यानि भगवान विष्णु का धरती पर भगवान बुद्ध

- स्नान का, दान और तर्पण का विशेष महत्व
- श्रद्धालुओं के लिए की गई थी व्यवस्था

रूप में अवतरण का दिन। बुद्ध पूर्णिमा का स्नान तीर्थ नगरी हरिद्वार में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रहा है। इस अवसर पर स्नान करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु आये हैं। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने के लिए आज सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर की पैड़ी



पहुंच गए थे। यह सिलसिला जारी है।

मान्यता है कि आज ही के दिन भगवान बुद्ध के रूप में भगवान विष्णु ने धरती पर अवतार लिया था। भगवान को ज्ञान प्राप्त हुआ और आज ही के दिन भगवान बुद्ध की धरती से विदाई हुई। आज ही के दिन भगवान कृष्ण ने सुदामा को विनायक उपवास रखने का महत्व बताया था। भगवान ने नृसिंह अवतार लिया था। मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने और गंगा की पूजा अर्चना करने से असीम पुण्य का लाभ मिलता है। बुद्ध पूर्णिमा गंगा स्नान को लेकर हरिद्वार पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।

पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि संपूर्ण वैशाख मास ही भगवान श्री नारायण की सेवा के लिए अर्पित है। इसका जो समापन दिवस है वो बुद्ध पूर्णिमा या पूर्णमासी वैशाखी कहलाता है। यह इतना पावन होता है कि इस माह भगवान श्रीनारायण के अधिसंख्य अवतार हुए हैं। आज के इस अवतार में ही चतुर्दशी और पूर्णमासी के संयोग में भगवान के अवतार हुए। वहीं पूर्णमासी में बुद्धावतार हुआ है। इस बुद्धावतार के दिन जो बुद्ध पूर्णिमा कहलाती है, स्नान का, दान और तर्पण का विशेष तौर पर महत्व बताया गया है।

### सुरक्षा को लेकर मेला क्षेत्र को 7 जोन व 19 सेक्टर में बांटा गया

**हरिद्वार।** आज के दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में विशेष तौर पर हर की पैड़ी पर ब्रह्मकुंड में स्नान का पुण्य फल है। आज स्नान करने के बाद तर्पण करें। अपने पुरोहित और ब्राह्मणों को मौसमी फल आदि का दान करना चाहिए। स्वर्ण, भोजन और शैय्या दान करना विशेष तौर पर पुण्यदायी बताया गया है। जो लोग श्रीमद्भागवत कथा न करवा पाएं, मात्र स्नान करके आज श्रीमद्भागवत की पुस्तक का दान करना ही पूरे वैशाख मास में श्रीमद्भागवत का परायण करने के समान पुण्य देने वाला है। स्नान का विशेष महत्व है। बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर हरिद्वार आने वाली श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं। मेला क्षेत्र को 7 जोन और 19 सेक्टर में बांट कर पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक को लेकर भी खास व्यवस्था की गई है। डाइवर्जन प्लान लागू किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

# प्रादेशिकी

## देश का नंबर एक धार्मिक केंद्र बनेगा धोपाप : मेनका

**फर्रुखाबाद,** 23 मई (देशबन्धु)। बुद्ध पूर्णिमा पर जनपद के विभिन्न घाटों पर हजारों की संख्या में मां गंगा के भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रात: काल से ही मां गंगा के भक्ति घाटों पर पहुंच गए। और गंगा में डुबकी लगाई। फर्रुखाबाद नगर के पांचाल घाट ढाई घाट बरगदिया घाट सिंगी रामपुर विभिन्न घाटों पर मां गंगा के भक्तों ने प्रात: काल से देर शाम तक भारी संख्या में पहुंचकर गंगा में स्नान किया और अपने जीवन को धन-धन किया। बुद्ध पूर्णिमा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। सुबह 4:00 बजे से ही मां गंगा के भक्ति घाटों पर पहुंचना शुरू हो गए और गंगा में स्नान किया। आदि संख्या में स्त्री पुरुष बच्चे गंगा स्नान करते देखे गए। जिला प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस व्यवस्था कर रखी थी।

# लोस चुनाव में पार्टी के लिए 12 राज्यों तक पहुंचे भाजपा के स्टार प्रचारक योगी

■ 27 मार्च से शुरू किया था चुनावी कार्यक्रम, 54 दिन में कीं 170 रैलियां



**लखनऊ,** 23 मई (देशबन्धु)। मौसम के तेवर तल्ख हैं और देश का सियासी तापमान काफी ऊपर चल गया है। चिलचिलाती धूप और बेतहाशा गर्मी में कहीं तापमान 45 डिग्री है तो कहीं इससे भी अधिक। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में निरंतर रैली और जनसभा कर रहे हैं। 54 दिन से वे स्वयं निरंतर आमजन के बीच पहुंच रहे हैं। इतने दिनों में उन्होंने कुल 170 चुनावी कार्यक्रम किए। छठवें चरण के चुनाव प्रचार तक सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के 12 राज्यों में उनकी चुनावी जनसभा हो चुकी है। सीएम योगी ने 137 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड शो किए। इसके अलावा काशी में नारी वंदन-कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक भी की। लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने योगी आदित्यनाथ को स्टार प्रचारक बनाया है। उन्होंने कमल खिलाने के लिए खूब पसीना भी बहाया। छठवें चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भी सीएम दो राज्यों में पहुंचे। अब तक उन्होंने 12 राज्यों में चुनाव प्रचार कर लिया। इनमें महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बिहार, जम्मू, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व चंडीगढ़ शामिल हैं। छठवें चरण की वोटिंग 25 मई को होगी। इस दिन सिरसा, कुरुक्षेत्र, पूर्वी दिल्ली, बिहार की पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट पर वोट पड़ेंगे, जबकि ओडिशा की केंद्रपाड़ा सीट पर पहली जून को चुनाव है। इन सीटों पर योगी आदित्यनाथ ने प्रचार किया। उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी हो रहे हैं। इसमें से दो सीटों (ददरौल और लखनऊ पूर्व) पर वोट पड़ चुके हैं। छठवें चरण में गैसड़ी विधानसभा सीट पर चुनाव होंगे। यहां से भाजपा प्रत्याशी शैलेष कुमार सिंह 'शैलू' के लिए सीएम योगी दो जनसभा कर चुके हैं। दुद्धि विधानसीट पर पहली जून को उपचुनाव होगा। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा। यहां की चिल्का, केंद्रपाड़ा, महांगा, सलीपुर, राजनगर, ओल, महाकालपद व पटकुरा में कमल का फूल खिलाने की अपील की। वहीं लालगंज से पार्टी ने 2019 की प्रत्याशी नीलम सोनकर पर फिर से दांव लगाया है।

### छठवें चरण में भी उप्र की सभी 14 सीटों पर किया प्रचार

योगी ने छठवें चरण की सभी 14 सीटों पर प्रचार किया। इसमें सात सीटों पर भाजपा ने अपने सांसदों पर ही विश्वास किया। एक सीट पर बसपा से आए प्रत्याशी को टिकट दिया है। पांच सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सुल्तानपुर में सांसद मेनका गांधी, प्रतापगढ़ में सांसद संगमलाल गुप्ता, डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल, बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' व मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज को टिकट दिया है। वहीं अंबेडकरनगर में बसपा से आए रितेश पांडेय को भाजपा ने मैदान में उतारा है। नए उम्मीदवारों में श्रावस्ती से साकेत मिश्र (एमएलसी), भदोही से विनोद बिंद (विधायक), इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, फूलपुर से प्रवीण पटेल, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया गया है।

# भगवान बुद्ध के जीवन से सीख लेने का किया आह्वान

**मवाना,** 23 मई (देशबन्धु)। मवाना थाने के निकट अम्बेडकर पार्क में अम्बेडकर समाज सुधार समिति ने गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, जिसमें समिति ने सर्वप्रथम भगवान बुद्ध को पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना के साथ धूप दीप जलाकर भगवान बुद्ध का गुणगान किया। मौजूद लोगों ने उनके जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विचार रखे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता संरक्षक जयचंद पूर्व फौजी व संचालन ऊधम सिंह कानूनगो ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मवाना नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक रहे। विचार गोष्ठी में समिति अध्यक्ष विनोद कुमार ने बुद्ध भगवान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में अगर दुख है तो उसका कारण है, और अगर कारण है तो उसका निवारण है तथा सभी को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए और उनसे अपने जीवन में सीख लेकर कार्य करने चाहिए। विचार गोष्ठी को मवाना नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक, मुकेश रानी एडवोकेट, होशियार सिंह, अशोक कानूनगो, बिजेंद्र सिंह नंदकिशोर , प्रहलाद सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अजीत, हितेश ढिकोली, देवेंद्र फौजी, भगमल सिंह, सतपाल सिंह, रमेश सिंह, आदेश, अंकित, चुन्नीलाल, प्रकाश चन्द, रणबीर, सोनू , टीटू, राकेश आदि उपस्थित रहे।



# योग में महिलाओं की भागीदारी की मिशाल बन रहा है गंगा नगर

**मेरठ,** 23 मई (देशबन्धु)। गंगानगर ए ब्लॉक स्थित योग विज्ञान संस्थान के सहयोग से गंगानगर ए ब्लॉक टंकी वाले पार्क में प्रतिदिन सुबह महिलाएं एक साथ मिलकर योगाभ्यास कर रही हैं। यहां की खासियत यह है कि योग सत्रों में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है और सत्रों का संचालन भी महिलाएं ही कर रही हैं। योग साधक डॉ. अभिषेक डबास ने बताया की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर, पिछले कुछ दिनों से विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान योग कक्षाओं में प्रतिदिन नई-नई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया जा रहा है, जिससे भाग लेने वाली महिलाओं का उत्साह और बढ़ रहा है।



योग विज्ञान संस्थान की प्रशिक्षित महिला शिक्षिकाओं गीता, सुलेखा एवं शोभा द्वारा संचालित इन योग कक्षाओं में महिलाओं को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहने के विभिन्न उपाय सिखाए जा रहे हैं। योग सत्र में शामिल होने वाली महिलाओं का कहना है कि यह पहल न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योग अभ्यास कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल महिलाओं को फिट और स्वस्थ बनाना है, बल्कि आने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का सफल आयोजन सुनिश्चित करना भी है। योग विज्ञान संस्थान और स्थानीय महिलाओं की इस अद्वितीय पहल का असर यह हो रहा है की ज्यादातर महिलाएं सुबह इन कक्षाओं में आकर योग कर रही है इससे ऐसा लगता है कि योग और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति का आगाज कर रहा है।

■ महिलाओं को फिट व स्वस्थ बनाना अभ्यास कार्यक्रम का उद्देश्य

## सार संक्षेप

### सुभारती में डॉ. अम्बेडकर पर मासिक व्याख्यान आयोजित

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा 'लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका और डॉ. अंबेडकर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय की डॉ. अंबेडकर पीठ के मासिक व्याख्यान माला के अंतर्गत किया गया। इस व्याख्यान माला का उद्देश्य भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका को रेखांकित करने एवं आज के युवावर्ग को डॉ. अंबेडकर के कार्यों से परिचित कराना है। इसी कड़ी में लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका और डॉ. अंबेडकर विषय पर यह व्याख्यान आधारित था, जिसमें वक्ताओं ने विभिन्न तथ्यों के साथ अपनी बात रखी। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य वक्ता और नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीठ के अध्यक्ष मेजर (डॉ.) देशराज सिंह ने डॉ. अंबेडकर के जीवन-यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर बाल्यकाल से ही मेधावी छात्र थे,किंतु गरीबी और समानता के कारण प्रारंभिक समय में उन्हें बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अंबेडकर की मेहनत तथा दृढ़ निश्चय का ही यह परिणाम था कि उन्हें अपने शिक्षकों का स्नेह और मार्गदर्शन मिला जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ सके। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. देशराज ने कहा कि एक सफल लोकतंत्र के लिए मीडिया का विशेषकर निष्पक्ष मीडिया का होना बहुत जरूरी है, जिसके पक्षधर अम्बेडकर थे क्योंकि उनका पत्रकारिता से अभिन्न संबंध रहा।

### युवक की गिरफ्तारी के विरोध में ग्रामीणों ने घेरा थाना

**मवाना।** हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव मखदुमपुर के ग्रामीणो ने बुधवार को गिरफ्तार युवक की रिहाई को लेकर थाने पर घटों हंगामा किया। हंगामें के दौरान ग्रामीणों ने थाना पुसिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते युवक को रिहा करने की मांग की। रविवार देर शाम कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी पिता पुत्र के शव गंगा में मिले थे। परिजनों ने दो दिनों तक हत्या का आरोप लगाकर संस्कार नहीं किया था। बाद में राज्य मंत्री के आश्वासन पर संस्कार किया गया था। बता दे कि वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मध्य गंग नहर किनारे प्राचीन भद्रकाली सिद्धपीठ मंदिर के समीप कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी 35 वर्ष से असीम अपने बेटे गौरव के साथ मछली पकड़ने के लिए मखदुमपुर गंगा घाट आया था। रविवार की शाम को असीम और उसके बड़े बेटे गौरव का शव मखदुमपुर गंगा घाट पर मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया।

### कैडेट्स ने चलना एवं सैल्यूट करने का तरीका

**मेरठ।** 70 यूपी वाहिनी एनसीसी द्वारा आयोजित दस दिवसीय एन सी सी प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन एन सी सी कैडेटस् ने अपने दिन की शुरूआत पीटी एवं योग से की। इसके पश्चात् नायब सूबेदार जोगिन्द्र सिंह के नेतृत्व में सी एच एम मुथप्पा, हवलदार दिवेन्द्र कुमार एवं हवलदार चौन सिंह ने कैडेटस् को चार कम्पनी एल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा में बॉटकर ड्रिल का दैनिक अभ्यास कराते हुए ड्रिल की बारीकियों के साथ साथ खुली लाईन, निकट लाईन चलना एवं सैल्यूट करने का तरीका सीखाया।

# मेडल पहना और प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**मवाना,** 23 मई (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कालेज मवाना के प्रांगण में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के तत्वावधान व कैम्प कमांडेंट कर्नल मृदुल मित्तल के निर्देशन में संचालित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैम्प कमांडेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने की जबकि मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि खाद्य सुरक्षा विभाग मेरठ के वरिष्ठ खाद्य अधिकारी वीपी सिंह एवं अति विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद, मवाना के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार जैन रहे। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार के सानिध्य में अंडर आफिसर अक्षय कुमार ने किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कैम्प कमांडेंट, डिप्टी कैम्प कमांडेंट व उपस्थित अतिथियों ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेता कैडेट्स को मेडल पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने कैम्प के दौरान कैडेट्स के अनुशासन, कठिन प्रशिक्षण के लिए भविष्य में भी निरन्तर एनसीसी बटालियन को हर सम्भव सहयोग की बात कही।



# कैंसर रोगियों की सेवा के 25 साल पूर्ण : उमंग

**मेरठ,** 23 मई (देशबन्धु)। कैंसर रोगियों को सेवा के 25 साल पूरे होने के अवसर पर ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम वरिष्ठ कैंसर और रोबोटिक सर्जन डॉ. उमंग मिथल, निदेशक, मेरठ कैंसर अस्पताल ने पिछले 25 वर्षों में मेरठ में कैंसर के प्रबंधन में बड़ी प्रगति की है। डॉ. उमंग मिथल पत्रकार वार्ता में बताया कि हाल ही में मेरठ कैंसर सेंअर अस्पताल में कैंसर के लिए लेप्रोस्कोपिक और मिनिमल इनवेसिव सर्जरी शुरू की गई है।

हमने यहां शीर्ष भारतीय ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा रेडिएशन उपचार और मेडिकल ऑन्कोलॉजी और हेमेटोलॉजी प्रदान करने के लिए गैलेक्सी ऑन्कोलॉजी एसोसिएट्स के साथ भी समझौता किया है। डॉ. संदीप अग्रवाल और डॉ. सुमंत गुप्ता हर गुरुवार को ओपीडी करेंगे। अन्य दिनों में वे अस्पताल से वर्चुअल ओपीडी करेंगे। एक नवीनतम मशीन इरिलिक आईसीजी मशीन (एसपीवाई कैमरा) हाल ही में अस्पताल में स्थापित की गई है जो यूपी में इस तरह की पहली मशीन है और इसने कैंसर के इलाज में क्रांति ला दी है। यह सर्जरी के दौरान यह पहचानने में मदद कर सकती है कि कैंसर कहां फैला है और अंगों को अनावश्यक रूप से हटाने से बचने में मदद करती है और रोगग्रस्त पैरेट्स को हटाने में मदद करती है जिन्हें हम छोड़ देते हैं। इसके अलावा यह आंत और फ्लैप में रक्त के प्रवाह की पहचान करता है, इसलिए जब हम उनकी मरम्मत करते हैं, तो सर्जरी के बाद कोई रिसाव या फ्लैप का कालापन नहीं होता है।

यह सीबीडी और मूत्रवाहिनी की पहचान करने में मदद करता है और उन्हें नुकसान से बचाता है। यह लसीका की मरम्मत में मदद करके कैंसर सर्जरी के बाद पैरों और बाहों की सूजन को भी रोकता है।



■ अस्पताल ने पिछले 25 वर्षों में मेरठ में कैंसर के प्रबंधन में बड़ी प्रगति की

### धूम्रपान के खतरों के बारे में किया जाएगा जागरूक

31 मई को, जो कि 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' है, मेरठ कैंसर अस्पताल और आईएमए मेरठ सेठ हीरालाल चौरिटेबल ट्रस्ट, रोटरी क्लब, मेसोनिक लॉज, कई स्कूलों और अन्य प्रतिष्ठानों के साथ मिलकर तंबाकू और धूम्रपान के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक 'मिनी मैराथन' का आयोजन कर रहे हैं। इन प्रगतियों को पेश करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डॉक्टरों का परिचय देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी जो उपचार प्रदान करने के लिए उपलब्ध होंगे डॉ. उमंग मिथल, डॉ संदीप अग्रवाल, डॉ. सुमंत गुप्ता, डॉ आशीष जैन, डॉ.संजय गुप्ता, डॉ शिशिर चौहान, आदि ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

# यशोदा सुपरस्पेशलिटी मेडी सेन्टर ने स्वास्थ्य कार्ड लॉन्च किया



**मेरठ,** 23 मई (देशबन्धु)। यशोदा सुपर स्पेशलिटी मेडि सेन्टर मेरठ ने गुरुवार को गर्व के साथ स्वास्थ्य कार्ड के लॉन्च की घोषणा की, जिसका उद्देश्य समुदाय को अप्रतिम चिकित्सा देखभाल की पहुंच और सामर्थ्यता प्रदान करना है। मरीजों और उनके परिवारों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया, स्वास्थ्य कार्ड कई लाभों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है, जिससे एक सहज और आरामदायक स्वास्थ्य देखभाल अनुभव सुनिश्चित होता है। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स के डॉ. पीएन अरोड़ा (सीएमडी) और डॉ. उपासना अरोड़ा (एमडी) ने बताया, यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स कौशांबी की यह एक निस्वार्थ सामुदायिक पहल है। इस अवसर पर मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ.सुनील डागर ने प्रेसवार्ता में कहा कि स्वास्थ्य कार्ड के साथ हम अपने मरीजों के लिए स्वास्थ्य देखभाल यात्रा को सरल बनाना चाहते हैं, उन्हें मानसिक शांति प्रदान करना और सुनिश्चित करना कि उन्हें उनकी जरूरत की देखभाल मिल सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों के प्रमुख विचारक शामिल हुए, जिन्होंने अपनी उपस्थिति और समर्थन से इस कार्यक्रम के महत्व को बढ़ाया।

# छात्र-छात्राओं में नई ऊर्जा के लिए योगाभ्यास कराया

**मवाना,** 23 मई (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में गुरुवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में नई ऊर्जा के संचार के लिए एवं यूनिट टेस्ट प्रथम के तनाव से मुक्त करने को समर कैंप का आयोजन कराया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने सामूहिक रूप से किया। इसके उपरांत कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह के निर्देशन में अंजनी अग्रवाल, निकिता शर्मा, अदिति, मीनाक्षी रस्तोगी, डोली देशवाल, स्वाति बंसल, विभा जैन, इलमा, कीर्ति शर्मा , वैशाली राणा, अंजली शर्मा, साक्षी पाल, शिवानी चौधरी, मधु यादव, मीनू विश्वकर्मा ने छात्राओं को योग के बारे में बताया कि योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है तथा शरीर के अंदर एक नई स्फूर्ति मिलती है। उसके उपरांत छात्राओं को योग अभ्यास कराया। योग करने के उपरांत छात्राएं बेहद खुश दिखाई दी। कार्यक्रम में सचिन मोगा, डॉ.राजीव राणा, अंकित शर्मा, सचिन कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।



# मंदिर कमेटी को सौंपी गई अंतिम यात्रा वाहन की चाबी

**मवाना,** 23 मई (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित बड़ा महादेव शिव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार दोपहर अक्षत फाउंडेशन ट्रस्ट ने मवाना की जनता के लिए समर्पित अंतिम यात्रा वाहन की चाबी पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने बड़ा महादेव शिव मंदिर समिति के पदाधिकारियों नरेश अग्रवाल व सर्वेंद्र चौधरी को सौंपी। गुरुवार दोपहर अक्षित फाउंडेशन ट्रस्ट ने अंतिम यात्रा वाहन बड़ा महादेव मंदिर समिति मवाना के सुपुर्द कर दिया है। मवाना नगर के लोगों को अब मौत के बाद शव को ले जाने के लिए परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। अंतिम यात्रा वाहन मोबाइल नंबर 9897015988, 8941999988 और 9412096942 डायल करने पर शीघ्र अंतिम यात्रा वाहन आपके पास पहुंच जायेगा। मवाना से कहीं भी तीर्थ स्थलों पर शव ले जाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। अक्षत फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी व बड़ा महादेव मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि अक्षित फाउंडेशन उनके बेटे अक्षित अग्रवाल की स्मृति में जनवरी 2023 को स्थापित किया गया। यह फाउंडेशन गरीब कन्याओं का विवाह, वृद्ध आश्रम व अनाथ आश्रम में सेवा कार्य करता है। उनके बेटे अक्षित अग्रवाल की स्मृति में मवाना की जनता को समर्पित यह अंतिम यात्रा वाहन अक्षित को उनके द्वारा दी गई श्रद्धांजलि है। मंदिर समिति ने 23 सीटर अंतिम यात्रा वाहन को मवाना से हरिद्वार के लिए 10, 500 रुपए, गढमुक्तेश्वर ब्रजघाट ले जाने का खर्च 5100 रुपये और बिजनौर बैराज ले जाने का खर्च 3100 रुपए निर्धारित किया गया है।



# श्रेष्ठ शिक्षा देकर छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध करा रहा जीएलए विवि

**मथुरा,** 23 मई (देशबन्धु)। नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नए मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाएं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश-समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़ प्रतिज्ञ है। शोर-शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी-भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है। वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है। कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल कहते है कि किसी भी विषय को सीखने-समझने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके । इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय 'प्रोजेक्ट एक्टिविटी के द्वारा तथा कुछ को उस 'विषय' से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए इन विधियों-तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय शाखा में पारंगत हो सके। विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षकों को जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी में शामिल किया गया है। जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि जीएलए के छात्र-छात्राएं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। जीएलए विश्वविद्यालय का मूल मंत्र परफैक्ट टीचिंग के साथ-साथ परफैक्ट लर्निंग भी है। अपने छात्रों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जॉब अपॉर्म्युनिटी एवं प्लेसमेन्ट हेतु पूरी तरह योग्य व सक्षम बनाने के लिए हमने हर विषय व ब्रान्च का पाठ्यक्रम तैयार करते समय नैसकॉम, मैकिन्जी व वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट्स को भी पूरी तरह ध्यान में रखा है। इन रिपोर्ट्स में प्रस्तुत आंकड़ों एवं सुझावों को ध्यान में रखकर तैयार किए गये 'पाठ्यक्रम के कारण हमारे छात्रों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की सम्भावनाओं में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है। विश्वविद्यालय में अल्ट्रा-मॉडर्न टैक्नोलोजी पर आधारित श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। जिसके कारण यहां के हर छात्र-छात्रा ओं को अपने शैक्षिक व तकनीकी ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ स्तर पर ले जाने का पूरा अवसर मिलता है।





जीएलए में 86 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से मिल जाती है नौकरी : नारायणदास अग्रवाल

### कैपजेमिनी में 170 विद्यार्थी चयनित

दिग्गज आईटी कंपनी कैपजेमिनी ने विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट कर 170 छात्रों को नौकरी प्रदान की। यह बड़ी उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण है। विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग विश्वविद्यालय के शत-प्रतिशत छात्रों के चयन को लेकर लगातार प्रयासरत है।

# लोक पर्व 2024



# बेतिया सीट पर रहा है दो पिता-पुत्र का जलवा

## राजनीति की उर्वर भूमि पश्चिम चंपारण लोस क्षेत्र राष्ट्र व राज्य की सियासत में अहम

**पटना,** 23 मई (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केदार पांडे और उनके पुत्र मनोज कुमार पांडेय तथा पूर्व दिग्गज सांसद मदन प्रसाद जायसवाल तथा उनके पुत्र डॉ. संजय जायसवाल ने बेतिया (पश्चिम चंपारण) की सत्ता पर राज किया। उत्तर प्रदेश और नेपाल की सीमा से लगा पश्चिम चंपारण का इलाका देश के स्वाधीनता संग्राम के दौरान काफी सक्रिय रहा। आजादी के आंदोलन के समय चंपारण के ही राजकुमार शुक्ल के निमंत्रण पर महात्मा गांधी अप्रैल 1917 में मोतिहारी आए और नील की खेती से त्रस्त किसानों (निलहों) के अधिकार की लड़ाई लड़ी। अंग्रेजों के समय चंपारण को स्वतंत्र इकाई बनाया गया था। प्रशासनिक सुविधा के लिए 1972 में इसका विभाजन कर पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण दो अलग-अलग जिले बना दिय गए। वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद पश्चिम चंपारण जिले में पश्चिम चंपारण और वाल्मिकी नगर अलग-अलग सीटों के रूप में अस्तित्व में आईं। इससे पहले पश्चिम चंपारण का अधिकांश हिस्सा बेतिया सीट के तहत आता था। राजनीति की उर्वर भूमि पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र राष्ट्र और राज्य की सियासत में अहम है। इस सीट पर समय के साथ कई रंग चढ़े हैं। जिले के नौतन एवं बैरिया का दियारा क्षेत्र कभी मिनी चंबल के नाम से जाना जाता था। बेंत के जंगल के कारण ही जिला मुख्यालय का नाम बेतिया पड़ा।

**बेतिया सीट पर दिग्गजों का कब्जा**

बेतिया सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री केदार पांडेय ने वर्ष 1980 में जबकि उनके पुत्र मनोज कुमार पांडे ने वर्ष 1984 के चुनाव में जीत हासिल की। बेतिया सीट पर ही मदन प्रसाद जायसवाल ने लगतार वर्ष 1996, 1998 और वर्ष 1999 में जीत हासिल हासिल की, जबकि उनके पुत्र डा. संजय जायसवाल ने परिसीमन के बाद पश्चिम चंपारण से वर्ष 2009, 2014 और 2019 में लगातार तीन बार सांसद बने हैं। बेतिया सीट वर्ष 1962 में अस्तित्व में आयी। बेतिया लोकसभा सीट पर वर्ष 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भोला राउत ने जीत हासिल की। वर्ष 1967 में कांग्रेस उम्मीदवार कमल नाथ तिवारी सांसद बने। वर्ष 1971 में भी कांग्रेस के कमल नाथ तिवारी ने बाजी अपने नाम की। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल के फजलुर रहमान ने कांग्रेस उम्मीदवार केदार पांडेय (पूर्व मुख्यमंत्री) को पराजित कर कांग्रेस के गढ़ को ढहा दिया। वर्ष 1980 में इंदिरा कांग्रेस उम्मीदवार केदार पांडेय ने जनता पार्टी (सेक्यूलर) प्रत्याशी फजलुर रहमान को शिकस्त दे दी। वर्ष 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की। पूर्व मुख्यमंत्री केदार पांडेय के पुत्र कांग्रेस उम्मीदवार मनोज कुमार पांडेय ने जीत हासिल की। कांग्रेस की यहां यह आखिरी जीत थी। वर्ष 1989 में जनता दल के धर्मेश प्रसाद वर्मा विजयी रहे। वर्ष 1991 के चुनाव में जनता दल के फजिलुर रहमान सांसद बने। उन्होंने भाजपा के मदन प्रसाद जायसवाल को मात दी। वर्ष 1996 में भाजपा के मदन प्रसाद जायसवाल ने पहली बार बेतिया में 'भाजपा' का कमल खिलाया। वर्ष 1998 और वर्ष 1999 में भी भाजपा के मदन प्रसाद जायसाल ने यहां लगातार तीसरी बार भाजपा का केसरिया लहराया। पश्चिमी चंपारण (बेतिया) 1967 में जब पहली बार सामान्य श्रेणी की सीट बनी, तब से यहां सवर्ण जातियों का दबदबा रहा है। कांग्रेस, अपने ब्राह्मण-मुस्लिम-अनुसूचित जातियों के मूल समर्थन के साथ शीर्ष स्थान पर रह चुकी है। 1989-90 में हिंदी पट्टी में मंडल राजनीति की आंधी आने से लगभग एक दशक पहले स्थानीय नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष डॉक्टर मदन प्रसाद जायसवाल ने बेतिया की सड़कों पर एक प्रतीकात्मक प्रदर्शन में ब्राह्मणों के राजनीतिक प्रभुत्व को चुनौती दी थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ -जनसंघ के मजबूत संबंधों वाले एक पुराने परिवार से उनके भाई भवानी प्रसाद जनसंघ के टिकट पर कई चुनाव लड़ चुके थे। डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल चिकित्सा सेवा के बल पर व्यापक पहचान बनायी और सम्मान के साथ राजनीति में शामिल हुए थे। डा. जायसवाल ने जिला परिषद अध्यक्ष के चुनाव में जमुना पाठक के खिलाफ सार्वजनिक प्रदर्शन करके इन हिस्सों में सामाजिक न्याय आंदोलन को हवा दी। डॉक्टर जंजीरों में जकड़ कर सड़कों पर उतर आये, भले ही इसे राजनीतिक तमाशा कहा गया, लेकिन इससे कांग्रेस को कड़ी चुनौती मिली। वर्ष 1989 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर धर्मेश प्रसाद वर्मा को जीत मिली थी।

वर्ष 2004 में राष्ट्रीय जनता दल के दिग्गज नेता रघुनाथ झा ने भाजपा के मदन प्रसाद जायसवाल को पराजित कर उनका विजयी रथ रोक दिया। निर्दलीय उम्मीदवार बॉलीवुड फिल्मकार प्रकाश झा छठे नंबर पर रहे। वर्ष 2008 में परिसीमन हुआ। परिसीमन के बाद पश्चिम चंपारण सीट बनी।




**वर्ष 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भोला राउत ने हासिल की थी जीत**

### कांग्रेस का गढ़ रही है पश्चिमी चंपारण

बेतिया (पश्चिमी चंपारण) लोकसभा सीट एक समय कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी लेकिन अब यह भाजपा का दुर्ग बन चुकी है। बेतिया (पश्चिमी चंपारण) सीट पर भाजपा ने सर्वाधिक छह छह बार जीत दर्ज की है। पश्चिम चंपारण लोकसभा में छह विधानसभा क्षेत्र है। इनमें तीन पश्चिम चंपारण एवं तीन पूर्वी चंपारण जिले में है। पश्चिम चंपारण जिले के नौतन, चनपटिया और बेतिया जबकि पूर्वी चंपारण में रक्सौल, सुगौली और नरकटिय सीट आती है। चनपटिया, बेतिया, नौतन एवं रक्सौल विधानसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है, वहीं सुगौली एवं नरकटिया विधानसभा सीट पर राजद का कब्जा है। पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला दिलचस्प है। इस सीट से मौजूदा सांसद डॉ. संजय जायसवाल जीत का चौका लगाने की फिराक में लगे हैं। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस ने पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। जीत का चौका लगाने की हसरत से लगातार चौथी बार पश्चिम चंपारण के चुनावी रण में उतरे भाजपा के संजय जायसवाल प्रतिष्ठा की लड़ाई लड़ रहे हैं. उनके मुकाबले में कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी हैं जो ब्राह्मण जाति से आते हैं, ऐसे में ब्राह्मण वोटों के मजबूत साथ से पिछले तीन चुनावों में बड़ी जीत हासिल करने वाले संजय जायसवाल इस बार जातीय चक्रव्यूह को भेदने की चुनौती भी झेल रहे हैं। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव की घोषणा से पूर्व सभा की है केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अमित शाह की चुनावी सभा हो चुकी है, साथ ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई बड़े नेता लगातार यहां कैंप कर रहे हैं। पश्चिम चंपारण एक प्रतिष्ठा की लड़ाई वाली सीट है जहां भाजपा हर हाल में जीत हासिल करना चाहती है।

---

मिर्जापुर सीट : अनुप्रिया व राजा भैया के बीच छिड़ी जुबानी जंग

# राजा भैया का सपा को समर्थन





**मिर्जापुर,** 23 मई (एजेंसियां)। अपना दल (एस) अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल और जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष कुंडा से विधायक राजा भैया के बीच छिड़ी जुबानी जंग की तपिश मिर्जापुर लोकसभा सीट पर महसूस हो रही है।

जनसत्ता पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बाकायदा सपा को अपने दल का समर्थन पत्र सौंप कर सियासी पारा बढ़ा दिया है। अनुप्रिया प्रतापगढ़ सीट पर राजा भैया पर हमला कर चुकी है। अब चर्चा है कि राजा भैया उनके खिलाफ मिर्जापुर में चुनाव करने आने वाले हैं। ऐसे में नजदीकी मुकाबला वाली इस सीट पर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। यहां चट्‌टी चौराहे पर राजा भैया और अनुप्रिया पटेल के बयान पर नफा नुकसान पर अच्छी खासी चर्चा शुरू हो गई है।

मिर्जापुर जिले के राजा भैया पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को अपने समर्थन का पत्र देकर मामले को गरमा दिया है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इस मामले को तूल देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

सपाई यहां राजा भैया के आने की बात कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी खुद इसका समर्थन कर रहे हैं ।

दूसरी ओर क्षत्रिय समाज के कुछ उत्साही लोगों ने बुधवार को बैठक कर अनुप्रिया को सबक सिखाने का वक्तव्य जारी कर दिया है। ठाकुर दिलीप सिंह गहरवार जो बैठक में मौजूद थे कहते हैं कि राजा भैया हम सबके नेता हैं । उनका अपमान सहन नहीं किया जाएगा अनुप्रिया को सबक सिखाया जाएगा। वे भी राजा भैया के यहां आने से इंकार नही करते है। हालांकि ठाकुरों का एक वर्ग अब भी एनडीए प्रत्याशी के साथ होने की बात कर रहा है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह इसी समाज से है। वे इसे केवल राजनीतिक चोचला करार देते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा समाज एनडीए प्रत्याशी के साथ खड़ा है। मिर्जापुर सीट पर ठाकुर मतदाता चार फीसदी से अधिक नहीं है। छानबे विधानसभा सीट पर उनका प्रभाव है अन्य चार विधानसभा सीट पर उनकी संख्या अधिक नहीं है लेकिन फिजा बनाने एवं अन्य समीकरण की दृष्टि से एक बहरहाल मिर्जापुर लोकसभा सीट पर राजा भैया का फैक्टर इस समय महसूस हो रहा है।

**कुर्मी मतदाता बाहुल्य सीट**

इस जुबानी जंग से सपा बैठे बैठाए एक बड़े वर्ग को अपने तरफ आता देख रही है। राजनीतिक विश्लेषक अजीत कुमार दुबे इसे भाजपा के लिए लाभकारी बताते हैं वे कहते हैं राजा भैया की जितनी चर्चा होगी, कुर्मी मतदाता लामबंद होगा। ठाकुर मतदाता संख्या की दृष्टि से बहुत ज्यादा है नहीं। यह कुर्मी बाहुल्य सीट है।

## मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराएं परिवहन सुविधा : कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वोलेंटियर, मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण**

***रांची,** 23 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदान केन्द्र क्षेत्र अंतर्गत दो किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर निवास करने वाले मतदाताओं के लिए परिवहन की सुविधा बहाल करायें। कुमार ने आज जामताड़ा जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेने दौरान कहा कि इसके लिए दुरस्थ स्थानों को चिन्हित कर मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने एवं वापस छोड़ने के लिए वाहनों की टैगिंग सुनिश्चित करें। मतदान केंद्र पर उपलब्ध परिवहन सुविधा के लिए संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को भी जागरूक करें।*

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जामताड़ा जिले के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा संधारित अपसेंट, सिफ्ट, डेथ (एएसडी), वोलेंटियर, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की सूची का अवलोकन किया। साथ ही एएसडी सूची का मिलान कराते हुए ग्रामीणों के समक्ष इसका सत्यापन भी कराया। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के सहयोग के लिए वोलेंटियर की सेवा लेने संबंधी जानकारी ली और बीएलओ से वोलेंटियर की आयु के संबंध में पूछताछ किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन वोलेंटियर की सेवा से मतदान करने आने वाले मतदाताओं को मदद मिलेगी। उन्होंने मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा बांटे जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण कार्य में गति लाकर वितरण सुनिश्चित कराने का भी निदेश दिया। उन्होंने मतदान कक्ष की संरचना, बिजली एवं पंखा की व्यवस्था को देखा। साथ ही मतदान केन्द्र परिसर के शौचालय को स्वच्छ रखने एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान करने की भी अपील की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव में कम वोटिंग वाले मतदान केन्द्र जामताड़ा के कुण्डहित प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सटकी का निरीक्षण किया। यहां की एक स्थानीय निवासी 74 वर्षीय वरीष्ठ महिला मतदाता आलोका गोराई सहित सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। आलोका गोराई मतदान के लिए पूरा उत्साहित थीं। उन्होंने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में एक जून को मतदान होना है। उन्होंने सामुदायिक पुस्तकालय कपासडंगला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केन्दुआ एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बादलपुर स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।*

---

## देश में चल रही परिवर्तन की बयार इस बार बदलाव तय : राबड़ी देवी



**पटना,** 23 मई (एजेंसियां)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी गुरुवार को चुनाव प्रचार में उतरीं। उन्होंने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी मीसा भारती के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों तथा बेरोजगारी और महंगाई से आमजन परेशान है। 10 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा ने गरीबों, शोषितों, वंचितों के हक और अधिकार के लिए कोई काम नहीं किया है। जिस कारण लोग मुद्‌दों के आधार पर परिवर्तन का मन बना चुके हैं। फुलवारीशरीफ प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान और रोड शो के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने आगे कहा कि देश में परिवर्तन की बयार चल रही है और इस बार पाटलिपुत्र की जनता ने भी परिवर्तन का मन बना लिया है। जिस तरह से लोगों का समर्थन और विश्वास इंडिया गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल को मिल रहा है, उससे भाजपा और एनडीए के खेमे में घबराहट और बेचैनी स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

इसी बेचैनी का परिणाम है कि पीएम मोदी से लेकर केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं बिहार के सीएम सहित बिहार के सभी मंत्री, भाजपा और एनडीए के नेता चुनाव-प्रचार में लगे हैं। इसके बावजूद तेजस्वी यादव का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिया कि इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर 24 जन वचन को पूरा करेगी। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से मीसा भारती का मुकाबला भाजपा के रामकृपाल यादव से माना जा रहा है।

## वरुण ने मां मेनका के समर्थन में मांगे वोट, हुए भावुक

**सुल्तानपुर,** 23 मई (एजेंसियां)। भाजपा नेता वरुण गांधी गुरुवार को सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी अपनी मां मेनका गांधी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। टिकट कटने के बाद पहली बार वह किसी मंच पर नजर आए। इस दौरान वरुण गांधी काफी भावुक भी दिखाई दिए। वरुण गांधी ने नुक्कड़ सभा में मंच से संबोधित करते हुए कहा कि यहां मैं हमेशा कहता हूं कि हम लोग नेता के नहीं, बल्कि बेटे के रूप में आए हैं। यह हम लोगों की कर्मभूमि है, यह लोग हमारा परिवार हैं और हमको इस मिट्‌टी से प्यार है, जितने लोग हैं, ये सब परिवार हैं। सबके बच्चे फले-फूलें, सबके सपने पूरे हों, सब लोगों की विजय हो, यही मेरा सपना है।

लोगों से भावनात्मक होते हुए वरुण ने कहा कि जब मैं पहली बार सुल्तानपुर आया था तो मुझे अपने पिताजी की खुशबू मिली थी, लेकिन, आज मुझे कहने में गर्व महसूस हो रहा है कि आज मैं अपनी मातृभूमि में आ गया हूं। मैं यहां मौजूद सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि कोई भी संकट में आए, किसी के परिवार में कोई बीमार हो या कोई भी दिक्कत में आए, कोई भी अकेले नहीं होना चाहिए। इस दौरान वरुण गांधी ने सभा में सभी को अपना मोबाइल नंबर भी दिया और कहा कि मैं आपको एक सुरक्षा कवच दे रहा हूं। जिनके पास माताजी का नंबर है, वो और भी बड़ा सुरक्षा कवच है, अगर कोई भी दिक्कत आए तो अधिकार स्वरूप मेरे से सीधा बात करें और अपनी समस्या मुझे बताएं। उन्होंने कहा कि सब लोग जो हमारा परिवार हैं, जो आपके मान-सम्मान से सीधे जुड़ें हैं, उसको आप मजबूत करिए। मेरा भरोसा है कि इस बार आप लोग सारे रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे हैं।



वरुण गांधी ने मां मेनका गांधी के सपोर्ट में वोट मांगते हुए कहा कि पूरे देश में 543 स्थानों पर चुनाव हो रहे हैं। कई जगह बड़े-बड़े अनुभवी और करिश्माई लोग चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन, पूरे देश में एक ही ऐसा क्षेत्र है जहां की सांसद को लोग ना सांसद जी, मंत्री जी और ना नाम बुलाते हैं, बल्कि, माता जी कहकर बुलाते हैं। मां के अंदर परमात्मा के बराबर शक्ति होती है, पूरी दुनिया साथ छोड़ देती है, लेकिन, मां कभी साथ नहीं छोड़ती। आज मैं केवल अपनी मां के लिए समर्थन जुटाने नहीं आया हूं, बल्कि सुल्तानपुर की मां के लिए समर्थन मांगने आया हूं। वरुण ने कहा कि मां की जो परिभाषा होती है, वो सबकी रक्षा करे, भेदभाव न करे, जो मुश्किलों में काम आए और जो निरंतर अपने हृदय में सबके लिए प्यार रखे। मां की डांट भी आशीर्वाद है। देश में जब सुल्तानपुर का नाम लिया जाता है तो प्रथम पंक्ति में मुख्यधारा में सुल्तानपुर का नाम लिया जाता है। अपने संबोधन के दौरान वरुण गांधी ने कहा कि सुल्तानपुर वालों के अंदर काबिलियत, साहस, प्रतिभा और स्वाभिमान की कोई कमी नहीं। यहां के लिए एक ऐसा व्यक्ति चाहिए जो लोगों को अपना परिवार माने। परिवार का मतलब हर वार (संघर्ष) में जो साथ दे, वो परिवार होता है। हम लोग एक खून के रिश्ते का वायदा करते हैं कि सुल्तानपुर का कोई व्यक्ति कभी अकेला नहीं होगा। जैसे पीलीभीत में सबके पास वरुण गांधी का नंबर है। वैसे ही मैंने अपनी मां को देखा है रात के 11-12 बजे किसी का भी फोन आता है तो फोन उठाकर सबकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करती हैं।

## दक्षिण हरियाणा में इस बार नए जातीय गठजोड़



**गुरुग्राम,** 23 मई (एजेंसियां)। दक्षिण हरियाणा में इस बार बन रहे नये जातीय गठजोड़, राव इंद्रजीत का प्रभाव कायम; टूट रही जाट और एंटी जाट की अवधारणा अहीरवाल यानी दक्षिण हरियाणा के मतदाताओं की मानसिकता में आ रहा बदलाव सत्तारूढ़ भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस बार जाट मतदाता अपने सारे पुराने गिले शिकवे दूर करते हुए यादवों को वोट देने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है तो जाट ने भी अपनी हेकड़ी छोड़कर यादवों को गले लगाने में रुचि दिखाई है।

**रोहतक की कोसली सीट पर कांग्रेस को यादवों का समर्थन मिलने के बन रहे आसार**

अब से पहले दक्षिण हरियाणा की राजनीति का कुछ अलग ही ट्रेंड रहा है। कभी कांग्रेस तो अब भाजपा की राजनीति कर रहे केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत जिसके साथ होते हैं, प्रदेश में उस दल का दबदबा कायम रहता है। अहीरवाल में यादव जाट को पसंद नहीं करते और जाट कहीं न कहीं यादवों से कन्नी काटते रहे हैं। मुस्लिम बाहुल्य मेवात में भाजपा के साथ मुकाबला करने वाले दल को अक्सर मुस्लिमों का समर्थन मिलता देखा गया है। गगनचुंबी इमारतों वाले मिलिनियम सिटी गुरुग्राम और लगभग उसी की तर्ज पर विकसित होते जा रहे फरीदाबाद में परंपरागत राजनीति का ट्रैक रिकॉर्ड है। ब्राह्मण, वैश्य, क्षत्रिय और कुछ दलितों को भाजपा का बंधा हुआ वोटर माना जाता है। इस बार स्थितियां पूरी तरह से बदली हुई हैं। जातीय समीकरण गड़बड़ाए हुए हैं तो मतदाताओं के नये कंबीनेशन (गठजोड़) बन रहे हैं। राजपूत भाजपा से थोड़ा नाराज हैं, लेकिन जिस तरह से वंचित वर्ग केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में देखने के लिए आतुर है, सबसे पहले हम गुरुग्राम की बात करते हैं, जहां भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह (अहीर) को तीसरी बार चुनावी रण में उतारा है। कांग्रेस ने उनसे मुकाबले फिल्म अभिनेता राज बब्बर (सुनार-पंजाबी) को वोट दिया है। इस लोकसभा सीट पर सिर्फ दो ही उम्मीदवारों में जीत की जंग है। राव इंद्रजीत काफी कंफर्ट जोन में हैं। वे भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा के चौधरी धर्मबीर सिंह के लिए यादवों से वोट देने की अपील कर रहे हैं। इस अपील का असर भी है। धर्मबीर सिंह गुरुग्राम में जाटों से राव इंद्रजीत की मदद करने को कह रहे हैं।

**कोसाली के यादव बिगाड़ सकते हैं खेल**

भिवानी-महेंद्रगढ़ में कांग्रेस ने पूर्व सांसद श्रुति चौधरी यानी स्व. बंसीलाल की पोती और किरण चौधरी की बेटी का टिकट काटकर महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह को टिकट दिया है। राव दान सिंह अपने प्रभाव वाली यादव वोट बैंक के सहारे तो हैं ही, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्‌डा और दीपेंद्र सिंह हुड्‌डा के प्रभाव वाले जाट मतों के बिना उनकी जीत संभव नहीं है।

## छठे चरण : उप्र में भाजपा-सपा समेत कई दिग्गजों तय होगी किस्मत

**लखनऊ,** 23 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश में 15 जिलों की 14 सीटों पर चुनाव प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। चुनाव के इस चरण में भाजपा की मौजूदा सांसद मेनका गांधी और दिनेश लाल निरहुआ के अलावा सपा के धर्मेंद्र यादव समेत कई दिग्गजों की किस्मत तय होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि इन 14 सीटों पर मतदान 25 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच होगा। इसके अलावा बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होगा।

उन्होंने बताया कि जिन 14 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है, उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही शामिल हैं। इनमें से 12 सीटें सामान्य वर्ग की हैं जबकि दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।




सीईओ ने बताया कि छठे चरण की 14 लोकसभा सीटें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर,वाराणसी और भदोही जिलों में हैं। .

**बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर होगा उपचुनाव**

गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 14 सीटों में से भाजपा ने दस पर कब्जा किया था जिनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, बस्ती, इलाहाबाद, डुमरियागंज, संत कबीर नगर, आज़मगढ़, भदोही और मछलीशहर शामिल हैं। सुल्तानपुर में भाजपा की मौजूदा सांसद मेनका गांधी का मुकाबला सपा के भीम निषाद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उदय राज वर्मा से है वहीं प्रतापगढ़ में मौजूदा भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता का मुकाबला सपा के शिव पाल सिंह पटेल से है।

इलाहाबाद की प्रतिष्ठित सीट पर वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी और वरिष्ठ सपा नेता रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रेवती रमण सिंह के बीच कड़ी टक्कर देखी जा रही है।

मौजूदा चुनाव से पहले उज्जवल ने सपा छोड़ दी थी और कांग्रेस में शामिल हो गये थे। अंबेडकर नगर में भाजपा के मौजूदा सांसद रितेश पांडे का मुकाबला सपा के लालजी वर्मा से है। पांडे ने 2019 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के रूप में सीट जीती थी।

डुमरियागंज में भाजपा सांसद जगदंबिका पाल का सपा के भीष्म शंकर तिवारी और बसपा के ख्वाजा शमसुद्‌दीन से कड़ा मुकाबला है। गौरतलब है कि भीष्म शंकर उर्फ कौशल तिवारी पूर्व मंत्री और कद्‌दावर नेता हरि शंकर तिवारी के बेटे हैं।

जौनपुर में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह को सपा के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के श्याम सिंह यादव से चुनौती मिल रही है। बाबू सिंह कुशवाहा पर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप हैं और उनकी उम्मीदवारी का स्थानीय सपा नेता विरोध कर रहे हैं। भदोही में भाजपा के मौजूदा सांसद विनोद कुमार बिंद का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी से है। त्रिपाठी यूपी के पूर्व सीएम कमला पति त्रिपाठी के पोते हैं।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.45 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.72 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.43 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.22 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.10 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एसबीआई | 1.35 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.87 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.66 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.57 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## दिल्ली-एनसीआर में अनसोल्ड घरों की संख्या में आई 57 प्रतिशत की गिरावट

- कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 86,420 यूनिट्स ब्रिकी के लिए शेष
- 2018 की पहली तिमाही में दो लाख के करीब थी इनकी संख्या



**मुंबई,** 23 मई (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में 57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई है। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 86,420 यूनिट्स ब्रिकी के लिए शेष रह गए हैं, जिनकी संख्या 2018 की पहली तिमाही में दो लाख के करीब थी। एनारॉक रिसर्च के मुताबिक, इसी अवधि में बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में संयुक्त रूप से 11 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

बीते पांच वर्षों में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एएमआर) और पुणे में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, कोलकाता में बिना बिके घरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में 41 प्रतिशत की गिरावट हुई है। एनारॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा, 'दिल्ली-एनसीआर में कैलेंडर वर्ष 2018 की पहली तिमाही से लेकर 2024 की पहली तिमाही में करीब 1.81 लाख नए घरों की आपूर्ति हुई है। वहीं, दक्षिण और पश्चिम के बाजारों में क्रमशः 6.07 लाख और 8.42 लाख नए घरों की आपूर्ति हुई है' दक्षिण के बाजारों में ब्रिकी के शेष उपलब्ध घरों की संख्या में कम गिरावट हुई है।

इसकी वजह हैदराबाद में नए लॉन्च में तेजी आना था। रिपोर्ट में बताया गया कि बीते पांच वर्षों में बेंगलुरु में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में 50 प्रतिशत की गिरावट हुई है। कुमार ने आगे कहा कि दिल्ली-एनसीआर में ब्रिकी के लिए उपलब्ध घरों की संख्या में गिरावट आना दिखाता है कि खरीदारों में विश्वास लौट रहा है। रेरा, जीएसटी और अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) जैसे 'एसडब्ल्यूएएमआईएच' ने इस सेंटीमेंट को बदलने में अहम भूमिका निभाई है।

## मक्का लदान में पूर्व मध्य रेलवे ने बनाया नया कीर्तिमान, 20 मई तक 172 रेक का किया गया लदान



**हाजीपुर,** 23 मई (एजेंसियां)। पूर्व मध्य रेलवे ने मक्का के लदान में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 20 मई तक 172 रेक मक्के का लदान किया गया है। पूर्व-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बुधवार को बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के 20 मई यानी एक अप्रैल से 20 मई तक कुल 172 रेक मक्का का लदान किया गया, जिससे 62.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूरे वर्ष में पूर्व मध्य रेल द्वारा कुल 311 रेक मक्के का लदान किया गया था तथा इससे 146 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। उल्लेखनीय है कि मक्का का लदान पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडलों से मुख्यत: उत्तरी भारत के अम्बाला, रुद्रपुर आदि स्टेशनों तथा दक्षिण भारत के ईरोड एवं तिरुपुर आदि स्टेशनों के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई तक सोनपुर मंडल द्वारा 100 रेक का लदान किया गया है, जिससे 35 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि, पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में 189 रेक के लदान से 85 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई तक समस्तीपुर मंडल द्वारा 72 रेक का लदान किया गया है, जिससे 27.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जबकि, पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में मक्के के 122 रेक के लदान से 61 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। उल्लेखनीय है कि बिहार के पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया और समस्तीपुर जिलों में मक्के की खेती की जाती है। पूर्णिया जिले में मक्का उत्पादन में सिरमौर रहा है।

## 6.80 लाख संदिग्ध कनेक्शनों की पहचान, पुनः सत्यापन के लिए कहा



**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शनों की पहचान की है, जिनके अवैध, अस्तित्वहीन, या नकली/जाली पहचान प्रमाण (पीओआई) और पते का प्रमाण (पीओए) केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किए जाने का संदेह है। डी ओ टी ने आज यहां कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी वाले कनेक्शनों की पहचान - उन्नत एआई-संचालित विश्लेषण के माध्यम से, दूरसंचार विभाग ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शनों को संभावित धोखाधड़ी वाले के रूप में चिह्नित किया है। पीओआई/पीओए केवाईसी दस्तावेजों की संदिग्ध सत्यता इन मोबाइल कनेक्शनों को प्राप्त करने के लिए मनगढ़ंत दस्तावेजों के उपयोग का सुझाव देती है। विभाग ने टेलीकॉम कंपनियों को इन पहचाने गए मोबाइल नंबरों का तत्काल पुनः सत्यापन करने के निर्देश जारी किए हैं। सभी टीएसपी को 60 दिनों के भीतर चिह्नित कनेक्शनों को फिर से सत्यापित करना अनिवार्य है। पुनः सत्यापन पूरा करने में विफलता के परिणामस्वरूप संबंधित मोबाइल नंबर काट दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग और एआई तकनीक का उपयोग इन धोखाधड़ी वाले कनेक्शनों की पहचान करने में महत्वपूर्ण रहा है, जो पहचान धोखाधड़ी से निपटने में एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्मों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। मोबाइल कनेक्शन की अखंडता और डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुनः सत्यापन के लिए कहा है।

## भारत के निर्यात में रिकॉर्ड बढ़त, रोजगार वृद्धि भी 18 साल के उच्चतम स्तर पर : पीएमआई डेटा



**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। भारत के निर्यात में मई में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इसके साथ ही रोजगार में 18 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। एचएसबीसी की ओर से गुरुवार को जारी किए गए परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़ों से ये जानकारी मिली। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से तैयार किए गए पीएमआई के आंकड़ों के मुताबिक, निजी क्षेत्र में जुलाई 2010 के बाद तीसरी सबसे ज्यादा तेज बढ़त देखने को मिली है। विनिमार्ण उद्योग में बिक्री और उत्पादन में बढ़त जारी है। इस बार सेवा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में ज्यादा बढ़त हुई है। मई के सर्वे में सामने आया है कि निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है और साथ ही निजी क्षेत्र की नौकरियां 2006 के बाद सबसे तेजी से बढ़ी हैं, जो कि दिखाता है कि बाजार में व्यापार के लिए माहौल बेहतर बना हुआ है। हालांकि, लागत में इजाफा होने के कारण सेवाओं और सर्विस की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। सर्वे में बताया गया कि मई में हेडलाइन एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स (जो कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के संयुक्त उत्पादन को मासिक आधार पर दर्शाता है) बढ़कर 61.7 हो गया। अप्रैल में ये 61.5 था। यह पिछले 14 वर्षों में हुई सबसे तेज वृद्धि है। रिपोर्ट में बताया गया कि नए काम आने और मांग मजबूत बने रहने के कारण वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, दोनों सेक्टरों से निर्यात में सितंबर 2014 के बाद सबसे ज्यादा तेज वृद्धि दर्ज की गई है।

### सार संक्षेप

#### निसान ने मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को लॉन्च करने का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने आज अपने कॉम्पैक्ट एसयूवी निसान मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को लॉन्च करने का एलान किया जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 9.84 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 2023 गेजा स्पेशल एडिशन को मिली जबर्दस्त प्रतिक्रिया और ग्राहकों के फीडबैक को देखते हुए गेजा स्पेशल एडिशन की पहली सालगिरह पर निसान मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को लॉन्च किया गया है। जापानी थिएटर और इसकी एक्सप्रेसिव म्यूजिकल थीम से प्रेरित मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को म्यूजिक के दीवानों को खास अनुभव देने के लिए स्पेशल पैकेज के रूप में डिजाइन किया गया है।

#### न्यू इंडिया एश्योरेंस का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 128 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** न्यू इंडिया एश्योरेंस ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ 128 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 354 करोड़ रुपए होने की घोषणा की । कंपनी के कार्यकारी निदेशक टाइटस फ्रांसिस ने कहा, 'न्यू इंडिया एश्योरेंस' ने वर्ष के दौरान कई दावों के प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद वित्त वर्ष 24 में उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। वर्ष के दौरान सकल लिखित प्रीमियम 8.3 प्रतिशत बढ़कर 41,996 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 7 प्रतिशत बढ़कर 1,129 करोड़ रुपए हो गया। उन्होंने कहा, सॉल्वेंसी अनुपात 1.81 पर स्वस्थ रहा और कंपनी भारतीय सामान्य बीमा उद्योग में बाजार की अग्रणी बनी हुई है।


#### मेकमाईट्रिप ने पेश कीं अभूतपूर्व तकनीक-संचालित सुविधाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के साथ हर यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के प्रयास की कड़ी में भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने हर रेलवे यात्रा को बेहतर बनाने और सामान्य उपभोक्ता समस्याओं को दूर करने के लिए डिजाइन की गई तकनीक-संचालित सुविधाओं की लॉन्चिंग की घोषणा की है। आमतौर पर कन्फर्म टिकट के लिए बुकिंग विंडो निर्धारित यात्रा से 120 दिन पहले खुलती है और तेजी से भर भी जाती है, जिससे अनेक यात्रियों के हिस्से में वेटिंग लिस्ट वाले टिकट आते हैं। यह एक अहम चुनौती है, खासतौर पर उन समूह यात्रियों के लिए जो अपनी योजनाओं के बारे में अनिश्चित हैं और पूरी रकम एडवांस देना नहीं चाहते हैं।

#### इंडिया इंक. के 85 प्रतिशत लोगों को 2024 में प्रमोशन, कॅरियर में बदलाव और वेतन बढ़ने की उम्मीद : सर्वे

**नई दिल्ली।** सिम्पलीलर्न, दुनिया में डिजिटल कौशल के अग्रणी ऑनलाइन बूटकैम्प, ने अपने 2024 स्टेट ऑफ अपस्किलिंग कंज्यूमर सर्वे की महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की हैं। यह सर्वे विभिन्न उद्योगों में कामकाजी पेशेवरों और सीएक्सओ के लिये अपस्किलिंग तथा पेशेवर तरक्की के उत्साही परिदृश्य पर रोशनी डालता है। यह कॅरियर में प्रगति, अपस्किलिंग की प्राथमिकताओं और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकसित हो रहे परिदृश्य पर बदलती संभावनाएं तलाशता है। यह सर्वे विभिन्न उद्योगों, भौगोलिक जगहों और कॅरियर की अवस्थाओं के लेकर विभिन्न प्रोफेशनल पर किया गया है। 2024 कंज्यूमर सर्वे में 2023 की तुलना में सीखने वालों के रुख में उल्लेखनीय बदलाव दिखता है। 2024 में 65 प्रतिशत प्रोफेशनल्स ने पार्ट-टाइम या ऑनलाइन प्रमाणन पसंद किये, जोकि 2023 के 51 प्रतिशत प्रोफेशनल्स की तुलना में काफी ज्यादा हैं।

## शेयर बाजार नये शिखर पर




**मुंबई,** 23 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लोकसभा चुनाव के बाद देश में राजनीतिक स्थिरता रहने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1196.98 अंक अर्थात 1.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब डेढ़ माह बाद 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार सार्वकालिक उच्चतम स्तर 75,418.04 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,967.65 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,419.93 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत मजबूत होकर 48,091.43 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3945 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1818 में लिवाली जबकि 2008 में बिकवाली हुई वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां हरे जबकि शेष छह लाल निशान पर रही।

दमदार लिवाली की बदौलत बीएसई के 18 समूहों में तेजी रही। इससे सीडी 1.19, ऊर्जा 0.96, वित्तीय सेवाएं 1.64, इंडस्ट्रियल्स 1.55, आईटी 1.18, दूरसंचार 1.56, ऑटो 2.28, बैंकिंग 1.98, कैपिटल गुड्स 2.13, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.32, तेल एवं गैस 1.13, रियल्टी 1.08, टेक 1.42 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.63 प्रतिशत उछल गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.20 और जापान का निक्केई 1.26 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.70 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.33 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 32 अंक बढ़कर 74,253.53 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 74,158.35 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। इसके बाद धीरे-धीरे शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 75,499.91 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,221.06 अंक के मुकाबले 1.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 75,418.04 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 16 अंक की बढ़त के साथ 22,614.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,577.45 अंक के निचले जबकि 22,993.60 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,597.80 अंक की तुलना में 1.64 प्रतिशत उछलकर 22,967.65 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.55, एलटी 3.38, एक्सिस बैंक 3.30, मारुति 2.82, अल्ट्रासिमको 2.74, इंडसइंड बैंक 2.29, एचडीएफसी बैंक 2.22, भारती एयरटेल 2.04, आईसीआईसीआई बैंक 1.99, रिलायंस 1.80, टीसीएस 1.63, एसबीआई 1.59, टाटा मोटर्स 1.55, इंफोसिस 1.25, टाटा स्टील 1.24, विप्रो 1.01, एचसीएल टेक 0.77, टेक महिंद्रा 0.49, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.45, कोटक बैंक 0.39, आईटीसी 0.33 और नेस्ले इंडिया 0.31 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 2.94, पावरग्रिड 1.86 और एनटीपीसी के शेयर 0.43 प्रतिशत कमजोर रहे।

## मेकमाईट्रिप ने ट्रेन यात्रियों के लिए पेश की तकनीक-संचालित सुविधाएं

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे के साथ हर यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के प्रयास की कड़ी में ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने रेलवे यात्रा को बेहतर बनाने और सामान्य उपभोक्ता समस्याओं को दूर करने के लिए डिजाइन की गई तकनीक-संचालित सुविधाओं की लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आमतौर पर कन्फर्म टिकट के लिए बुकिंग विंडो निर्धारित यात्रा से 120 दिन पहले खुलती है और तेजी से भर भी जाती है, जिससे अनेक यात्रियों के हिस्से में वेटिंग लिस्ट वाले टिकट आते हैं। यह एक अहम चुनौती है, खासतौर पर उन समूह यात्रियों के लिए जो अपनी योजनाओं के बारे में अनिश्चित हैं और पूरी रकम एडवांस देना नहीं चाहते हैं। इस संबंध में मेकमाईट्रिप ट्रेनों में अपनी तरह का पहला सीट लॉक फीचर लेकर आ रहा है, जो यात्रियों को सिर्फ 25 प्रतिशत किराया देकर कन्फर्म टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करता है, इसमें शेष रकम का भुगतान यात्रा शुरू होने से 24 घंटे पहले करना पड़ता है। ट्रेन टिकट बुकिंग के मामले में एक और अहम समस्या यह है कि यात्रा की पसंदीदा तिथि पर सीधी ट्रेनों या पसंदीदा ट्रेनों में कन्फर्म टिकट हमेशा उपलब्ध नहीं रहते हैं। इससे यात्रियों के पास बहुत कम विकल्प मौजूद होते हैं। मेकमाईट्रिप की कनेक्टेड ट्रैवल सुविधा बस और ट्रेन यात्राओं को आसानी से संयोजित करके और ठहरने के समय और समग्र यात्रा अवधि पर ध्यान देते हुए कई संयोजन प्रदान करके इसका समाधान करती है।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 14 रिंगिट बढ़कर 3850 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट की बढ़त लेकर 46.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मूसर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भुगतान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम ने शुरू किया नया विज्ञापन अभियान





**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। प्रमुख भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम की मालिक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने गुरुवार को कंपनी के विश्वसनीय भुगतान उत्पादों और अनुभव को प्रदर्शित कर यूजर्स के जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। यह अभियान यूपीआई मनी ट्रांसफर, स्कैन और पे, अग्रणी साउंड बॉक्स, पेटीएम यूपीआई लाइट वॉलेट, यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, रिचार्ज और बिल भुगतान के साथ-साथ पेटीएम ऐप पर उपलब्ध अन्य भुगतान उपकरणों को बढ़ावा देता है। यह रिकवरी के लिए पेटीएम के प्रमुख फोकस क्षेत्रों को दर्शाता है। ये अब आगे बढ़ते हुए पेटीएम के भुगतान जीएमवी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। उदाहरण के लिए, यूपीआई जो पहले पेटीएम के भुगतान जीएमवी में 70 प्रतिशत का योगदान देता था, अब जीएमवी में 80 से 85 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हम खुद को वित्त वर्ष 2025 में ठोस विकास के लिए तैयार कर रहे हैं। हम मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में और अधिक लोगों को लाने और इस देश के हर कोने में यूपीआई, भुगतान क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स जैसे भुगतान बुनियादी ढांचे का प्रसार करने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रतिबद्ध हैं।' इसमें कहा गया है, हमारा विज्ञापन अभियान हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जब भी भारत अपने भविष्य की योजना बनाएगा, हम उसके केंद्र में होंगे और जैसे-जैसे आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, पेटीएम हमेशा आपके साथ रहेगा। अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में भुगतान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, पेटीएम ने अपने वित्त वर्ष 24 के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि उसने अपने भुगतान जीएमवी और सदस्यता व्यापारियों में सुधार देखना शुरू कर दिया है। यह वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही से शुरू होने वाले प्रमुख मैट्रिक्स में सुधार प्रदर्शित करने के लिए तत्पर है और मुख्य भुगतान व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निवेश किया गया है। पिछले वर्षों में, पेटीएम ने 'मेड-इन-इंडिया' पेटीएम साउंड बॉक्स और क्यूआर कोड जैसे उत्पादों के साथ उद्योग में पहला नवाचार लाया। इसने भारतीय डिजिटल भुगतान उद्योग के लिए माहौल तैयार किया। कंपनी ने पेटीएम के मुख्य व्यवसाय के प्रमुख पहलुओं को उजागर करने के लिए विज्ञापन फिल्मों की एक श्रृंखला शुरू की है। पहली फिल्म यूपीआई मनी ट्रांसफर पर केंद्रित है। इसमें दिखाया गया है कि पेटीएम ऐप पर यूपीआई का उपयोग कर यूजर्स कैसे पैसे भेज सकते हैं। एनपीसीआई के साथ तृतीय-पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में, पेटीएम ने निर्बाध यूपीआई भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और यस बैंक के साथ साझेदारी की है। दूसरी फिल्म में स्कैन और पे विकल्प की सुविधा है।

# खेल जगत

**फाइनल में पहुंचने के लिए हार को भूलाकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे : कमिंस**

**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें फाइनल में पहुंचने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले क्वालिफायर में मिली हार को भूलाकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मैच के बाद कमिंस ने कहा कि नई जगह पर जाना हमारे लिए मददगार हो सकता है। आप वहां नई शुरुआत कर सकते हैं। हमने इस सत्र कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है और हम इस हार को भूलाकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारा दिन नहीं था लेकिन अच्छी बात यह है कि हमें फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। हमें अगले मैच पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट में ऐसे दिन आते हैं, जब एक अच्छी टीम होने के बावजूद चीज़ें आपके लिए काम नहीं करती हैं। हमारे कुछ बल्लेबाज़ों को अच्छी शुरुआत नहीं मिली, जैसै कि हम चाहते थे।



## फाइनल में स्थान बनाने उतरेगी केकेआर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 23 मई (देशबन्धु)। राजस्थान रॉयल्स बतौर टीम सही वक्त पर 'रॉयल प्रदर्शन कर लगातार चार हार का 'चक्र के तोड़ लगातार छह जीत के साथ मैदान पर उतरी आरसीबी पर अहमदाबाद में

राजस्थान रॉयल्स बेशक आरसीबी से इलिमिनेटर जीतने में सफल रही लेकिन उसके अपने दो शतक जड़ने वाले अब स्वदेश लौट चुके विस्फोटक अंग्रेज सलामी बल्लेबाज जोस बटलर की कमी एसआरएच के खिलाफ बुरी तरह अखरेगी। मौजूदा

■ राजस्थान अब एसआरएच से हैदराबाद में 1 रन की हार का हिसाब चुका फाइनल में स्थान बनाने उतरेगी
■ राजस्थान को अखरेगी विस्फोटक बटलर की कमी
■ नटराजन, कमिंस व भुवी राजस्थान के शीर्ष क्रम के लिए सबसे बड़ी चुनौती

आईपीएल 2024 इलिमिनेटर में एक ओवर के बाकी रहते चार विकेट से जीत के बाद अब सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को चेन्नै में शुक्रवार को क्वॉलिफायर 2 में हरा उससे हैदराबाद में मात्र एक रन से मिली हार का हिसाब चुका फाइनल में स्थान बनाने उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स की तरह लीग की समाप्ति पर 14 मैचों में आठ जीत, छह जीत और एक मैच बारिश से धुलने के चलते 17 अंक पाने के बावजूद बेहतर रन रेट के चलते दूसरा स्थान पाया था। सनराइजर्स हैदराबाद को क्वॉलिफायर 1 में शीर्ष पर रही केकेआर से अहमदाबाद में आठ विकेट से करारी शिकस्त के बावजूद क्वॉलिफायर 2 में अब राजस्थान रॉयल्स पर शुक्रवार को जीत के साथ फाइनल में केकेआर से भिड़ने और हिसाब चुकाने का एक मौका है। बेशक सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स से अपने पिछले मैच सहित पांच में तीन मैच जीते हैं लेकिन शुक्रवार को चेन्नै में उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने की मुश्किल चुनौती होगी।

सीजन में एसआरएच के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज नटराजन, अपने कप्तान पैट कमिंस और भुवनेश्वर कुमार के साथ मिलकर राजस्थान के शीर्ष क्रम को बिखेर उसके लिए सबसे चुनौती साबित हो सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स के चेन्नई के सदाबहार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने स्पिन जोड़ीदार अब तक सबसे कामयाब लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के साथ मिल ट्रेविज हेड और अभिषेक शर्मा की कामयाब सलामी जोड़ी को सस्ते में पैवेलियन लौटा एसआरएच को परेशानी में डाल सकते हैं। रफ्तार के साथ सटीक गेंदबाजी करने वाले ट्रेंट बोल्ट द्वारा कप्तान फाफ डू प्लेसी(17 रन) और युजवेंद्र चहल द्वारा उनके सलामी जोड़ीदार मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा कामयाब बल्लेबाज विराट कोहली (33) के रूप में चटकाए अहम विकेट, मैन ऑफ द' मैच अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (2/19) व तेज गेंदबाज आवेश खान(3/44) की धार, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 45 तथा निचले क्रम में शेमरॉन हेटमायर की




मात्र 14 गेंदों में सही वक्त पर 26 रन की तेज पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी पर अहमदाबाद में आईपीएल 2024 के अहम इलिमिनेटर में एक ओवर के बाकी रहते जिस जीवट और योजना के साथ जीत दर्ज की उससे उसके एसआरएच से हिसाब चुका फाइनल में पहुंचने की पूरी उम्मीद है।

एक शतक और चार अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा रन बनाने सलामी बल्लेबाज वाले ट्रेविज हेड(13 मैच, 533 रन) के पंजाब किंग्स और केकेआर के खिलाफ एक ही अंदाज में खाता खोले बिना आउट होना और उनके जोड़ीदार तीन तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले अभिषेक शर्मा (कुल 470 रन) के साथ फिनिशर हेनरिक क्लासेन (कुल 413 रन) और दो अर्द्धशतक जड़ चुके नीतिश रेड्डी((11 मैच, 285 रन) के केकेआर के खिलाफ सस्ते में आउट होने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लीग मैच की एक रन की जीत को दोहराना मुश्किल होगा। सनराइजर्स हैदराबाद के शीर्ष क्रम के लिए खासतौर पर उसके मौजूदा संस्करण के सबसे कामयाब लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (कुल 18 विकेट) और चेन्नै के बाशिंदे और उसकी पिच के मिजाज से वाकिफ अब पूरे रंग में आ चुके रविचंद्रन अश्विन (9 विकेट) के साथ रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट (कुल 13 विकेट), आवेश खान (16 विकेट) तथा चतुर स्विंग गेंदबाज संदीप शर्मा (10 मैच, 11 विकेट) से पार पाने की मुश्किल चुनौती होगी। अब मौजूदा आईपीएल के अपने आखिरी पड़ाव में पड़ने से चेन्नै की धीमी पिच पर खासतौर पर सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक स्ट्रोक खेलने में यकीन करने वाली हेड और अभिषेक की सलामी जोड़ी के साथ क्लासेन के लिए शुरू से दे दनादन कर तेजी से रन बनाना खासी मुश्किल चुनौती साबित होने वाला है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक अच्छी बात यह है कि उसकी केकेआर के हाथों आठ विकेट से करारी हार के बावजूद नौजवान बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी ने जिस सूझबूझ से रन बनाए उन्हें अब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी उसी सूझबूझ से बल्लेबाजी करने की जरूरत होगी। ट्रेविज हेड पर इस अहम क्वॉलिफायर 2 में बड़ी पारी खेल पिछले लगातार दो मैचों की नाकामी को भुलाने की चुनौती होगी। खासतौर पर पंजाब के बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह और केकेआर के मिचेल स्टार्क ने हेड के खिलाफ जिस तरह गेंद को ऑफ स्टंप पर पिच कर उसे जरा बाहर निकाल बोल्ड किया राजस्थान रॉयल्स के बाएं हाथ के ट्रेंट बोल्ट भी यही रणनीति अपना उन्हें बोल्ड कर शुरू में सनराइजर्स हैदराबाद पर शुरू से दबाव बनाने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल 2024

राजस्थान रॉयल्स को शीर्ष क्रम में मौजूदा संस्करण में दो शतक जड़ने वाले अब स्वदेश वापस लौट चुके अपने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (11 मैच, 359 रन) की कमी बुरी तरह अखर रही है,। बटलर की जगह राजस्थान रॉयल्स की पारी का आगाज टॉम कोहलर कैडमर बुरी तरह नाकाम रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स को अहम क्वॉलिफायर 2 जीतना है तो शुक्रवार को उसके रन बनाने में सबसे आगे चल रहे चार अर्द्धशतक जड़ चुके रेयन पराग (कुल 567 रन), पांच अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान संजू सैमसन (कुल 521 रन), एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल (कुल 393 रन) को खास तौर पर सनराइजर्स हैदराबाद के मौजूदा सीजन के सबसे कामयाब गेंदबाज बाएं हाथ के नटराजन (12 मैच 18 विकेट),कप्तान पैट कमिंस (14 मैच, 16 विकेट) तथा सदाबहार चतुर अब पूरी तरह रंग में आ चुके भुवनेश्वर कुमार (14 मैच, 11 विकेट)से चौकस रहना होगा।

## विराट कोहली विश्वकप में रोहित के साथ ओपनिंग करें : पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल चाहते हैं कि विराट कोहली एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी 20 विश्व कप में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करें।






पार्थिव ने लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी 20 लीग के पहले संस्करण के लांच के अवसर पर आईएएनएस से कहा, 'मैं चाहता हूँ कि जिस फॉर्म में विराट कोहली हैं उसे देखते हुए वह विश्व कप में रोहित के साथ ओपनिंग करें ताकि भारत का खिताबी सूखा समाप्त हो सके।' टी-20 विश्वकप को लेकर चल रही चर्चा के बीच सारा ध्यान भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर रहेगा जो अपने नाम ट्रॉफी देखना चाहेंगे।

विराट ने आईपीएल 2024 में फाफ डू प्लेसिस के साथ पारी की शुरुआत की और 155.60 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाये। हालांकि उनकी टीम बुधवार को एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से हारकर बाहर हो गई।

भारतीय टीम में चार स्पिनर (युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल), तीन तेज गेंदबाज और दो आलराउंडर हैं। चहल जुलाई 2023 के बाद से भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं और शानदार फॉर्म में हैं। चहल ने आईपीएल में अब तक 18 विकेट लिए हैं और आईपीएल के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बन गए हैं। वेस्टइंडीज को सह-मेजबान के रूप में देखते हुए पार्थिव को लगता है कि भारत अंतिम एकादश में कुलदीप, जडेजा और चहल को उतारे। पार्थिव ने कहा, परिस्थितियां स्पिनरों के अनुकूल होंगी जब गेंद चार से पांच ओवर पुरानी हो जायेगी। मुझे लगता है कि चार स्पिनरों का विकल्प अच्छा फैसला होगा अगर इसका उल्टा असर न हो। मुझे चहल की वापसी का पूरा भरोसा है। जिस तरह से उन्होंने और कुलदीप ने गेंदबाजी की है वह शानदार है।

## एमएस धोनी के फैसलों का हमेशा सम्मान किया है : विश्वनाथन

**चेन्नई,** 23 मई (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सीईओ के एस विश्वनाथन ने कहा है कि फ्रेंचाइजी ने हमेशा एमएस धोनी द्वारा लिए गए फैसलों का सम्मान किया है और उनके भविष्य के सन्दर्भ में फैसला उन पर ही छोड़ दिया है

■ आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने में विफल रहने के बाद धोनी के भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गरम है

जो सही समय पर आने की उम्मीद है। सीएसके के आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने में विफल रहने के बाद 42 वर्षीय धोनी के भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गरम है। चेन्नई को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 27 रन से हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद वह तालिका में पांचवें स्थान पर रही। सीएसके के बॉस ने कहा, 'मैं नहीं जानता। यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल एमएस ही दे सकते हैं। हमने हमेशा एमएस के फैसलों का सम्मान किया है और उनके भविष्य का फैसला उन पर ही छोड़ दिया है।



सभी जानते है कि एमएस हमेशा अपने फैसले खुद लेते हैं और सही समय आने पर उनकी घोषणा करते हैं।' विश्वनाथन ने यूट्यूब पर फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, हमें उम्मीद है कि जब भी वह निर्णय लेंगे, हमें निर्णय मिलेगा। लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल सीएसके के लिए उपलब्ध होंगे। यह प्रशंसकों और मेरा दृष्टिकोण है। उन्होंने यह भी महसूस किया कि सीएसके के लंबे समय से सेवारत मुख्य कोच, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग, भारत के पुरुष टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन नहीं करेंगे, जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई है। वास्तव में मुझे भारतीय पत्रकारों से बहुत सारे फोन आए और पूछताछ की।

## ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से .01 सेकेंड से चूकीं ज्योति याराजी

**जिवासकीला (फिनलैंड),** 23 मई (एजेंसियां)। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी ने मोटोनेट जीपी एथलेटिक्स मीट में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा जीत ली, लेकिन मात्र .01 सेकेंड से पेरिस 2024 ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। सत्र की अपनी तीसरी आउटडोर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए याराजी ने 12.78 सेकेंड का समय लिया जबकि पेरिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन मार्क 12.77 सेकंड है। दिलचस्प बात है कि 24 वर्षीय एथलीट पिछले वर्ष चीन के चेंगदू में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में इसी अंतर से ओलंपिक प्रवेश मार्क पूरा करने से चूक गई थीं। इस बीच तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मी बाधा दौड़ 13.41 सेकंड का समय लेकर जीत ली। उन्होंने सिद्धांत तिंगालया के 2017 में अमेरिका में एल्टिस इंविटेशनल मीट में बनाये गए पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड (13.48) को तोड़ा। लेकिन उनका यह प्रयास पेरिस ओलंपिक के 13.27 सेकंड के क्वालिफिकेशन मार्क से थोड़ा अंतर से कम रह गया। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मी दौड़ 1: 48.91 के समय के साथ जीती। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 20 वर्षीय अनिमेष कुजूर 10.39 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पुरुषों की 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले अमलान बोर्गोहेन 100 मीटर में 10.54 सेकंड के साथ चौथे स्थान पर रहे।

## फ्रेजर मैकगर्क काफी सवाल पूछते हैं जो अच्छी बात है : वॉर्नर

**सिडनी,** 23 मई (एजेंसियां)। अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर का मानना है कि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क काफी सवाल पूछते हैं और खेल से बहुत प्यार करते हैं जो कि अच्छी बात है। दोनों फिर मिलेंगे जब ऑस्ट्रेलिया पुरुष टी 20 विश्व कप यात्रा पर रवाना होगा। वॉर्नर 15 सदस्यीय टीम के सदस्य हैं, जबकि फ्रेजर मैकगर्क रिजर्व में हैं। वार्नर और फ्रेजर मैकगर्क ने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स शिविर में एक साथ समय बिताया, जहां युवा खिलाड़ी ने 234.04 की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा, जिसमें लुंगी एनगिडी के प्रतिस्थापन के रूप में शामिल होने के बाद 15-15 गेंदों में दो अर्धशतक शामिल थे। यह चुनौतीपूर्ण और बेहद थका देने वाला हो सकता है। हमने भारत में इस बारे में बात की कि आगे चलकर इन चीजों को कैसे प्रबंधित किया जाए। जब आप वहां हों तो इस चक्र को तोड़ने के लिए घर का कोई सदस्य साथ होना जरूरी है। और जब आपके साथ अपने लोग हों... हमारी टीम के 95 प्रतिशत लोग विवाहित हैं और उनके बच्चे भी हैं, तो एक युवा व्यक्ति के रूप में आना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आप संभावित रूप से अपने कमरे में बंद हैं, कुछ नहीं कर रहे हैं। सौभाग्य से, मैं कैरेबियन में रहूंगा, इसलिए आप बाहर जा सकते हैं और अच्छी तैराकी आदि कर सकते हैं। 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने वॉर्नर के हवाले से कहा, लेकिन उसके लिए अनुभव बहुत अच्छा होगा। मुझे लगता है कि वह शायद अगस्त के अंत में इंग्लैंड दौरे पर जाएगा। एक छोटे बच्चे के रूप में, वह समझता है कि खेल क्या है, यह कैसा है। एक टीम के खिलाड़ी के रूप में लोगों के आसपास रहता है और वह बहुत सारे सवाल पूछता है। उसे खेल पसंद है, जो बहुत अच्छी बात है। वार्नर आगामी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगे, जहां उन्हें लंबे स्कोर की उम्मीद नहीं है, कुछ ऐसा जो आईपीएल 2024 के दौरान चलन में रहा है, मुख्य रूप से इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के कारण। वेस्टइंडीज में 2010 पुरुष टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की उपविजेता टीम के सदस्य वॉर्नर ने यह भी कहा कि बारबाडोस और सेंट लूसिया जैसे स्थानों में समुद्री हवाएं मैच के दौरान एक बड़ी भूमिका निभाएंगी।



## पोंटिंग ने भारतीय टीम के कोच पद की भूमिका से किया इनकार

### भारत के अगले पुरुष मुख्य कोच पद के लिए संपर्क किया गया था

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि उनसे भारत के अगले पुरुष मुख्य कोच पद के लिए संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए इससे इनकार कर दिया। पोंटिंग आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रहे थे जो अंक तालिका में छठे स्थान पर रही। वह बिग बैश लीग में भी होबार्ट हरिकेन्स के रणनीति प्रमुख रहे। वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू गर्मियों में कमेंट्री बॉक्स में भी नियमित रहे हैं और अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट सत्र में भी वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच रहेंगे। पोंटिंग ने कहा, मैंने



इसके बारे में बहुत सारी रिपोर्ट देखी हैं। आम तौर पर ये चीजें सोशल मीडिया पर आपके बारे में जानने से पहले ही सामने आ जाती हैं, लेकिन आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी आमने-सामने की बातचीत हुई, सिर्फ ये जानने के लिए कि क्या मैं इसके लिए तैयार हूं। 'मैं एक राष्ट्रीय टीम का कोच बनना पसंद करूंगा, लेकिन मेरे जीवन में अन्य चीजें हैं और मैं घर पर थोड़ा समय बिताना चाहता हूं... हर कोई जानता है कि यदि आप भारतीय टीम के साथ काम करते हैं तो आपको किसी आईपीएल टीम में शामिल नहीं किया जा सकता।' पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, 'इसके अलावा, एक राष्ट्रीय मुख्य कोच साल के 10 या 11 महीने का काम है, और जितना मैं इसे करना चाहता हूं, यह फिलहाल मेरी जीवनशैली में फिट नहीं बैठता।' 13 मई को, बीसीसीआई ने कहा था कि वह आवेदन आमंत्रित कर रहा है कि राहुल द्रविड़ की जगह कौन लेगा, जिसकी समय सीमा 27 मई है। भारत का अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 की अवधि के लिए की जाएगी।

## एलपीएल पांच टीमों का टूर्नामेंट रहेगा, आयोजकों को दाम्बुला थंडर्स के लिए नए मालिक की तलाश

**कोलंबो,** 23 मई (एजेंसियां)। दाम्बुला थंडर्स के सह मालिक तमीम रहमान की गिरफ्तारी के एक दिन बाद लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) ने कहा कि वे फ्रेंचाइजी के नए मालिक को अंतिम रूप देने के अग्रिम चरण में हैं। बुधवार को रहमान की गिरफ्तारी के बाद श्रीलंका क्रिकेट और टूर्नामेंट के आयोजक आईपीजी ग्रुप ने दाम्बुला थंडर्स का अनुबंध समाप्त कर दिया था। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार आयोजकों ने पुष्टि की है कि एलपीएल सत्र अपने मूल कार्यक्रम और पांच टीमों के साथ जारी रहेगा। आयोजकों ने एक बयान में कहा, आईपीजी ने लंका प्रीमियर लीग के इवेंट राइट्स पार्टनर के रूप में हमेशा औचित्य और अखंडता के उच्चतम मानकों को बरकरार रखा है। इन मानकों को बनाए रखने के लिए हमारा समर्पण अटूट है। हम सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। 2020 में लॉन्च होने के बाद से एलपीएल में पांच टीमें शामिल हैं। दांबुला थंडर्स ने मंगलवार को एसएलसी द्वारा आयोजित खिलाड़ी नीलामी में अपना रोस्टर पूरा किया। नए मालिकों को आगामी सीज़न के लिए रोस्टर विरासत में मिलने की संभावना है।

## सिंधू पेरिस ओलम्पिक से पहले जर्मनी में ट्रेनिंग करेंगी, लक्ष्य फ्रांस जाएंगे

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस ओलम्पिक की तैयारी के सन्दर्भ में क्रमश: जर्मनी और फ्रांस में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलम्पिक सेल (एमओसी) ने वित्तीय मदद के लिए उनके प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रूकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां प्रशिक्षण लेंगी। दूसरी ओर, लक्ष्य, जो पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, ओलंपिक खेलों से पहले 8 से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा



गया है, एमओसी ने मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीज़ा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज टीशा पुनिया के उपकरण खरीदने के समर्थन के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक और तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में यात्रा के लिए सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

## इंग्लैंड महिला टीम ने पाकिस्तान महिला को 34 रन से हराया

**नई दिल्ली,** 23 मई (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंची छलांग रनों के

■ यशस्वी की सफलता का राज रनों की भूख और कड़ी मेहनत है : राजस्थान रॉयल्स सीईओ

लिए उनकी भूख, कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जेक लश मैक्रम ने यह बात कही है। जायसवाल ने पिछले वर्ष वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट पदार्पण में 177 रन बनाये थे। उन्होंने उसी वर्ष अपना टी20 पदार्पण भी किया था। इस वर्ष के शुरू में जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू 4-1 की टेस्ट जीत में 712 रन बनाए थे जिसमें दो दोहरे शतक शामिल थे। राजस्थान रॉयल्स के लिए 2024 आईपीएल सत्र में यशस्वी की फॉर्म मिश्रित रही लेकिन उन्हें आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। मैक्रम ने कहा, 'उनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण उनकी रनों के लिए भूख, उनकी ड्राइव, उनकी कार्य नीति है। वह किसी भी खिलाड़ी की तुलना में अधिक गेंदों को मारते हैं। वह किसी भी खिलाड़ी की




तुलना में अधिक कठिन प्रशिक्षण लेते हैं, और यही वह प्रवृत्ति है जो उन्हें मिली है, जिसे देखना बहुत अद्भुत है।' 'हमने अनुबंधित करने से कुछ साल पहले उन्हें देखा था, जब वह नीलामी के लिए पात्र नहीं थे। हालांकि हमारे पास एक विश्लेषणात्मक क्षमता है जो अविश्वसनीय रूप से मजबूत है, निर्णय लेने के लिए पर्याप्त डेटा नहीं था। इसलिए, हमने निर्णय लिया और उसके साथ बहुत सारे परीक्षण हुए।' मैक्रम ने स्पोर्टिफ़ाइविथपीआरजी पॉडकास्ट पर कहा, 'जिस पहली गेंद का उन्होंने सामना किया, उसे आगे बढ़कर 135 किमी/प्रति घंटे की रफ़्तार की गेंद को स्कूप कर दिया। उस तरह की निडरता, वह कच्चापन, वह ड्राइव अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी और इसलिए मान लीजिए कि हम इस बात से आश्चर्यचकित नहीं हैं कि यशस्वी कहां पहुंच गया है।' उन्होंने जायसवाल को मैदान के बाहर जमीन से जुड़े इस इंसान के पीछे के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। 'उन्हें एक सांस्कृतिक परिवर्तन से गुजरना पड़ा, क्योंकि जब आप एक छोटे बच्चे होते हैं और मैदान पर होते हैं, तो आपको केवल खुद पर ध्यान केंद्रित करना होता है, और इसलिए वह उस सेटिंग से एक टीम के माहौल में आए।' 'हम उन्हें (जायसवाल को) यूके ले गए। हमने अपने यूके टेक एंटरप्रेन्योरल इकोसिस्टम के भीतर बिजनेस लीडर्स के साथ समय बिताया। हम उन्हें अलग-अलग अकादमियों में ले गए। हमने उन्हें कुछ स्थानीय लोगों के साथ कॉर्नवॉल में एक नाव पर जाने का मौका दिया।

## सार संक्षेप

### डीएसए ए डिवीजन लीगः ड्रीम एफसी ने गुडविल को रौंदा, भारत यूनाइटेड वायुसेना पर भारी

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में ड्रीम एफसी ने गुडविल को 15 गोलों से रौंद कर लीग की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में यंगस्टर एफसी ने दिल्ली यूनाइटेड को भूपिंदर और गौतम भाटिया के गोलों से 2- 0 से हराया। सीनियर डिवीजन के सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने हिंदुस्तान एफसी को 4- 2 से और भारत यूनाइटेड ने वायुसेना को 3- 1 से पराजित किया। शास्त्री और अजमल 3- 3 से ड्रा खेले। ड्रीम एफसी ने अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए गुडविल एफसी को बुरी तरह हरा दिया। गौरव नेगी ने सर्वाधिक पांच गोल जमाए। प्लेयर ऑफ द मैच नमन मलकोटी और कंवर ने दो-दो गोलों का योगदान दिया। विपिन, अजय सिंह, हर्ष और अमन सिंह ने एक-एक गोल किया। दीपक कौशिक ने एक आत्मघाती गोल जमा कर विजेता की जीत में योगदान दिया। यंगस्टर एफसी की जीत में भूपेंद्र सिंह और गौतम भाटिया के गोलों का योगदान रहा। भूपेंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### दिल्ली की अपनी टी -20 लीग होगी, डीडीसीए प्रस्ताव बीसीसीआई को भेजेगाः रोहन जेटली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अपनी टी 20 लीग शुरू करने के लिए तैयार है। उसने इसके लिए व्यापक योजना तैयार की है और वह इस सन्दर्भ में औपचारिक प्रस्ताव भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भेजेगा। डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने स्पष्ट किया कि केवल दिल्ली स्थित टीमें ही इस प्रस्तावित टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगी। जेटली ने कहा, 'हमने अपनी टी 20 लीग- दिल्ली प्रीमियर लीग--शुरू करने पर चर्चा की है और अब हम मंजूरी के लिए अपना प्रस्ताव बीसीसीआई को भेजेंगे। केवल दिल्ली की टीमें ही इसमें भाग ले सकेंगी। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों की अपनी टी 20 लीग है, जिन्हें बीसीसीआई से मंजूरी मिली हुई है।

### नीदरलैंड ने टी-20 विश्वकप टीम में किए दो बदलाव

**एम्स्टर्डम।** फ्रेड क्लासेन और डैनियल डोरम के चोटिल होने के कारण नीदरलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दो नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार चोटिल खिलाड़ियों को टीम से बाहर किये जाने के बाद उनकी जगह रिजर्व काइल क्लेन और साकिब जुल्फिकार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही काइल के भाई, रयान क्लेन को अब रिजर्व के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।